ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 27 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-41 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00


ब्रावो ने इंटरनेशनल क्रिकेट को... पेज 12 पर



## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सर्वोच्च न्यायालय में डॉ आंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** संविधान सभा ने 1949 में आज ही के दिन संविधान को औपचारिक रूप से स्वीकार किया था जो 26 जनवरी 1950 से लागू हो गया। सरकार ने वर्ष 2015 में नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों का बढ़ावा देने के लिए आज का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सर्वोच्च न्यायालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड और अन्य न्यायाधीश भी उपस्थित थे। गृह मंत्री अमित शाह ने आज संविधान दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिन संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों के महत्व को बताता है और हमें यह स्मरण कराता है कि इसके निमार्ताओं ने नागरिकों को स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए कितने कष्ट उठाये हैं। उन्होंने लोगों से संविधान की सच्ची भावना को मजबूत करने का संकल्प लेने का अनुरोध किया।

### सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप किया ध्वस्त, विस्फोटक समेत कई सामान बरामद

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप को ध्वस्त कर दिया. सुरक्षाबलों ने रविवार को जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र के तिलाइबेरा और राजाबासा गांव के समीप अभियान चलाकर नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया. साथ ही नक्सली कैम्प से आईईडी, दैनिक उपयोग और अन्य सामग्री बरामद किया है. गौरतलब है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. जिसे लेकर सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

### जगन्नाथपुर मंदिर में हुई चोरी मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाना पुलिस ने जगन्नाथपुर मंदिर में हुई चोरी मामले का खुलासा करते हुए सन्नी उरांव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का पारा लाइट पांच पीस, माइक सेट दो पीस, चार हजार रुपये, सोने का एक छोटा टिकूली , सोने का दो जितिया लॉकेट, एक छोटा बेलपत्र, एक पायल, एक बिछिया, चांदी का तीन लॉकेट, चांदी एक छोटा सिक्का और चांदी जैसा बना तीन छोटा-छोटा पत्तर बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि 21 नवम्बर को अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे साउंड सिस्टम, लाइट सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर सन्नी उरांव को गिरफ्तार किया।

## दक्षिण भारत में ओबीसी राजनीति का नया दांव

# चेन्नई में वी पी सिंह की मूर्ति के मायने

**ओमप्रकाश / नई दिल्ली**

ओबीसी राजनीति के बढ़ते महत्व, जातीय जनगणना और आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की स्मृति को राजनीतिक रूप से फिर से प्रासंगिक बना दिया है। आज 27 नवंबर को तमिलनाडु सरकार द्वारा चेन्नई में प्रेसीडेन्सी कॉलेज में वी पी सिंह की मूर्ति लगाई जा रही है। इसकी संकल्पना तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कुछ महीने पहले की थी, और मूर्ति स्थापित करने की तैयारियां पिछले कई महीने से चल रही थीं। श्री स्टालिन ने मूर्ति लगानी के संकल्पना के साथ कहा था कि देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई को वी पी सिंह ने एक अच्छे मुकाम पर पहुंचाया था, इसलिए ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित करना और उनकी याद



रखना की याद करना सामाजिक न्याय की सोच रखनेवाले सभी लोगों का कर्तव्य है। स्मरणीय है कि श्री सिंह द्वारा मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू करने के बाद ही ओबीसी जातियों को 27 फीसदी आरक्षण मिल सका था। श्री स्टालिन के इस कदम को उनकी राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा था। इसमें कोई अनहोनी भी नहीं थी। उनके पिता एम करुणानिधि ने राष्ट्रीय राजनीति में बरसों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, और जिन लोगों ने पेरियार और सी के अन्नादुरै की विरासत को सहजता से सहेज रखा था, उनमें उनका नाम प्रमुख था। वी पी सिंह और उनकी राजनीतिक निकटता भी जगजाहिर रही है। अब, श्री स्टालिन ने अपनी संकल्पना को ऐसा विस्तार दिया है,चंद महीनों पहले जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। कार्यक्रम में श्री सिंह के दोनों बेटे मौजूद रहेंगे, अध्यक्षीय भाषण भी उनकी पत्नी सीता सिंह दे रही हैं, लेकिन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिलेश यादव हैं। और कांग्रेस के स्थानीय नेता भी कार्यक्रम में शरीक हो रहे हैं। समझा जा सकता है कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की शिरकत कांग्रेस के बड़े नेताओं की सहमति से ही बनी होगी। समझा जा रहा है कि ओबीसी राजनीति को केंद्र में रख कर राजनीति करनेवाले दलों के लिए वी पी सिंह का नाम आगे बढ़ाना फायदेमंद होगा। और, उनकी एका का भी एक कारण बनेगा। सपा जैसे राजनीतिक दलों शेष पृष्ठ 11 पर



**संविधान दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का एक्स पर संदेश**
'देश के शोषित और वंचित समाज को समता का अधिकार देता है संविधान। देश के लोकतंत्र का सशक्त आधार है संविधान। देश को संविधान रूपी महान ग्रंथ देने के लिए बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं अन्य सभी संविधान निमार्ताओं को शत-शत नमन। आज के इस शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार'।

# देव दीपावली की शाम मां गंगा के अर्धचंद्राकार घाटों की छवि के साक्षी होंगे 70 देशों के राजदूत व150 विदेशी प्रतिनिधि

**आरपी सिंह**

**वाराणसी।** रामनगर के किले से पश्चिम-उत्तर वाहिनी होते हुए बाबा काशी विश्वनाथ का चरण पखारते धीमे -धीमे पूरब वाहिनी होती मां गंगा के अर्धचंद्राकार घाटों पर, 27 नवंबर को देव दीपावली की शाम सजने वाली दीपमाला के साक्षी 70 देशों के राजदूत बनेंगे। इस अवसर पर 150 विदेशी डेलीगेट्स भी माँ गंगा की इस छटा को निरखेंगे। इन मेहमानों के स्वागत में एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।लोक कलाकार विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये मेहमानों का स्वागत करेंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट से लेकर नदेसर व कैंटोनमेंट के होटल तथा नमो घाट के अलावा सभी सार्वजनिक चौक चौराहों को झालरों से सजा दिया गया है। मेहमानों को विवेकानंद क्रूज से देव दीपावली तथा गंगा पार होने वाली आतिशबाजी का नजारा दिखाया जाएगा। दोना में चाट खिलाया , कुल्हड़ में चाय पिलाया जाएगी।देव दीपावली पर गंगा किनारे अस्सी घाट से लेकर नमो घाट तक उमड़ने वाले पर्यटकों के हुजूम की निगरानी 20 वॉच टावर से की



जाएगी। प्रत्येक वॉच टावर पर दो-दो आरक्षी वायरलेस सेट, ड्रैगन लाइट और पीए सिस्टम से लैस रहेंगे। अस्सी, दशाश्वमेध, नमो घाट सहित सात प्रमुख घाटों पर बनाए गए वॉच टावर पर दो-दो सिपाहियों के अलावा एक-एक दरोगा भी तैनात रहेंगे। अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) एस चनप्पा ने शुक्रवार की रात गंगा घाटों पर बनाए गए वॉच टावर का जायजा लिया। देव दीपावली के मद्देनजर कमिश्नरेट की फोर्स के अलावा शहर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बाहर से आए हुए आठ डिप्टी एसपी, छह इंस्पेक्टर, 70 सब इंस्पेक्टर, 680 हेड कांस्टेबल-कांस्टेबल, पांच कंपनी पीएसी, एटीएस कमांडो की एक टीम और एक बम निरोधक दस्ता तैनात रहेगा। वहीं, यातायात व्यवस्था के मद्देनजर कमिश्नरेट की ट्रैफिक पुलिस के अलावा अन्य जगह से लाकर चार टीआई, 15 टीएसआई, 120 हेड कांस्टेबल-कांस्टेबल व क्रेन फोर्स तैनात कर दिये गये हैं।

## अतिक्रमण के कारण खतरे में हैं गढ़वा शहर की दो नदियां

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा शहर के मध्य से दो नदियां दानरो व सरसतिया नदी गुजरती है। दोनों नदियों का संगम शहर में ही होता है। दानरो नदी शहर की लाइफलाइन है। इसी नदी के तट पर शहरी जलापूर्ति योजना का कुआं है। जिससे शहर को जलापूर्ति की जाती है। मगर इन नदियों के पाटों का अतिक्रमण लगातार जारी है। अतिक्रमण के कारण नदी सिमट सी गई है। गढ़वा नगर परिषद व आम लोग नदी को संरक्षित करने के प्रति सचेत नहीं हैं। जिसके कारण नदी को कूड़ेदान में तब्दील हो गया है। जिस नदी को बचाने का अभियान चलाया जाना चाहिए था आज वह अपना अस्तित्व बचाने को बेचैन है। गढ़वा शहर का सारा कूड़ा नदी तट पर फेंका जाता है। नगर परिषद द्वारा नदी तट पर कूड़ा डालकर इसके पाटों का अतिक्रमण कर लिया गया है। जबकि यह नदी कभी शहर की पेयजल जरूरत को पूरा करती थी।



आज गर्मी आते ही नदी सूख जाती है तथा जलापूर्ति केंद्र का कुआं भी जवाब दे जाता है। भीषण गर्मी में शहर में जलापूर्ति ठप होने से प्रतिवर्ष पानी के लिए यहां हाहाकार मचता है। बावजूद इसके लोग नदी को संरक्षित करने को ले गंभीर नहीं दिखते हैं। शहर के भूमिगत जलस्तर को ऊपर लाने के उददेश्य से दानरो नदी पर 3 करोड़ की लागत से चेकडैम बनाया गया था मगर वह भी पानी के तेज बहाव को झेल नहीं सका। अब लोगों को फिर से पेयजल समस्या झेलनी पड़ रही है। वहीं नदी से धड़ल्ले से हो रहे बालू के उठाव के कारण नदी में बालू शेष नही शेष पृष्ठ 11 पर

# टेलर के धक्के से बाइक सवार दंपति व 6 वर्षीय बच्चे की मौत

### 4 वर्षीय बच्ची रिम्स रेफर टेलर को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** थाना अंतर्गत चितरपुर ग्राम के पास एक तेज रफ्तार टेलर ने एक ही परिवार के चार लोगों को अपनी चपेट में लिया। घटना रविवार लगभग 4:00 बजे की बताई जा रही है। इस दुर्घटना में माता देवंती देवी, पिता विजय गंझू व 6 वर्षीय पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं 4 वर्षीय अंकिता गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार चंदवा थाना क्षेत्र के अनगड़ा ग्राम निवासी विजय गंझु अपनी पत्नी देवंती देवी सहित दो बच्चे अमृत कुमार एवं अंकिता कुमारी के साथ लातेहार जिला के हेरहंज थाना क्षेत्र से आ रहा था। इसी दौरान रांची-चतरा



मुख्य मार्ग स्थित चितरपुर ग्राम के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार टेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं घटना की जानकारी पाकर राहत बचाव के लिए बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो सहित मकैया टांड़ पीकेट प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां से 4 वर्षीय अंकिता को 108 एंबुलेंस की सहायता से रिम्स भेज दिया गया। वहीं दंपती एवं 6 वर्षीय अमृत को डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस इस दुर्घटना में प्रयुक्त टेलर वाहन को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है। वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना पाकर क्षेत्रीय विधायक बैद्यनाथ राम बालूमाथ अस्पताल पहुंचे एवं घटना का जानकारी ली। शेष पृष्ठ 11 पर

## हमास की कैद से रिहा हुए इस्त्राइल के 13 और थाईलैंड के 4 नागरिक इस्त्राइल पहुंचे

**इस्त्राइल ।** एक महत्वपूर्ण समझौते के अंतर्गत हमास की कैद से रिहा हुए इस्त्राइल के 13 और थाईलैंड के चार नागरिक अपने परिवारों से मिलने के लिए रविवार को इस्त्राइल पहुंच गये। बंधकों की रिहाई में कुछ समय के लिए विवाद उत्पन्न हो गया था लेकिन कतर और मिस्त्र की मध्यस्थता के माध्यम से इसे सुलझा लिया गया। समझौते में 150 फलस्तीनियों के बदले इस्त्राइल के 50 बंधकों को रिहा करने की बात कही गई है। हमास ने इन बंधकों को शनिवार की रात को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति-आईसीआरसी को सौंप दिया। इस्त्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार रिहा किए गए इस्त्राइल के 13 नागरिकों में से छह महिलाएं सात बच्चे और किशोर थे। इस्त्राइल रक्षा बल-आईडीएफ ने एक बयान में कहा है कि बंधकों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें इस्त्राइल के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है.

## चार दिनों में न्यनूतम तापमान में नहीं आएगी गिरावट, आंशिक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में ठंड की दस्तद हो चुकी है। अहले सुबह और देर शाम ठंड महसूस होने लगी है। इसके बावजूद भी अगले 24 घंटे में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक न्यूनतम तापमान अभी सामान्य ही रहने वाला है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक आगामी चार दिनों के अंदर न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 29 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र बनने की पूरी संभावना है। इसी वजह से आज से 29 नवंबर तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाने की उम्मीद है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। वहीं फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है।



**30 नवंबर व एक दिसंबर को रहेग कुहासा :** मौसम विज्ञान केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बनने वाले निम्न दाब क्षेत्र की वजह से महीने के आखिर और दिसंबर की शुरूआत में कुहासा छा सकता है। 30 नवंबर व एक दिसंबर को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रह सकता है। इसके बाद आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे।

पलामू, गढ़वा और लातेहार में **तापमान में गिरावट :** पलामू ,गढ़वा व लातेहार में न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। न्यूनतम तापमान में 1.9 डिसे की गिरावट हुई है। इससे लोगों को रात में ठंड का ज्यादा एहसास शेष पृष्ठ 11 पर

## सीबीआई ने प्रमुख साइबर अपराध का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई ने प्रमुख साइबर अपराध का भंडाफोड़ किया है। इसमें कथित तौर पर विदेशी नागरिकों को मजबूर करके भुगतान लिया जाता था। सीबीआई ने करीब दो दशमलव दो करोड़ रुपये बरामद किये। सीबीआई ने कई राज्यों के 24 स्थानों पर तलाशी अभियान जारी रखा। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात शामिल हैं। सीबीआई के दल ने तलाशी अभियान के दौरान भारतीय और विदेशी मुद्रा में नगदी, क्रिप्टोकरेंसी खाते संपत्ति के कागजात और अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद किये। सीबीआई ने बताया कि बीते साल जुलाई में गुजरात की वीओआईपी कंपनी के भारत के कई कॉल सेंटरों से कथित तौर पर अमेरिका के नागरिकों को गुप्त रूप से करोड़ों फर्जी कॉल करने का मामला दर्ज किया था। आरोप था कि साइबर अपराधियों ने वीओआईपी कॉल के जरिए अपनी पहचान छुपाई थी।

# 26/11 से क्या सीखा हमने और आज कितने सुरक्षित हैं हम



सुनील बादल

15 साल पहले 26/11 भारत के इतिहास का वह काला दिन था जब भारत की व्यापारिक राजधानी बॉलीवुड के केंद्र मुंबई में हुए आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए थे और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। समुद्र के रास्ते नाव से मुंबई आए सिर्फ 10 आंतकवादियों की 60 घंटों तक फैलाई गई दहशत के बाद भारतीय कमांडो और जवानों ने उनपर काबू पाया था । थे। वे सबसे पहले मुंबई के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पर गए और अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फिल्मों में बहादुरी के बड़े कारनामे गढ़ने वाली सपनों की नगरी मुंबई में सभी आतंकवादी हाथ में हथियार लिए सड़कों पर घूमने लगे और जो सामने दिखा उसे मारते गए। उन्होंने मुंबई की शान ताज होटल को बंदी बना लिया, वहां सैकड़ों लोगों को गोली मार दी, और ओबरॉय होटल पर भी हमला कर दिया था। लाठीधारी मुंबई पुलिस के एक शहीद हवलदार तुकाराम ओम्बले ने अपने शरीर में कई गोलियां खाकर आतंकी कसाब को जिंदा पकड़ लिया था, जिसे कई सालों के बाद फांसी दी गई। हेमंत करकरे नामक एक बड़े अधिकारी मारे गए थे जिन्होने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखा था। क्या इससे सबक लेकर गुणवत्ता को प्राथमिकता दी गई और एलवन सामानों की खरीद बंद हुई? इस घटना के बाद मुंबई या दिल्ली जैसे महानगर तो सुरक्षित हो गए पर क्या हम राजधानी रांची में या किसी भी राजधानी या भीड़ वाली शहर में तैयार हैं ऐसी घटना को रोकने के लिए ? संसद में



एमपी का स्टीककर लगे वहाँ से आतंकवादी हमले के बाद तय हुआ कि वीआईपी स्टिकर लगी गाड़ियों को सीधे अंदर नहीं जाने दिया जाएगा पर क्या हमारे सचिवालय या विधानसभा में ऐसी सावधानी बरती जा रही है ? टेलीविजन चैनलों से आतंकवादियों को 26 तारीख की रात को पता चला कि मेहमान ताज के चैंबरों में छिपे हुए थे, जब उनके पाकिस्तानी नियंत्रकों ने उन्हें बताया और टीवी चैनलों को इसका पता तब चला जब एक राजनेता ने मीडिया को फोन पर साक्षात्कार दिया। 26/11 के बचे लोगों पर डिस्कवरी चैनल की डॉक्यूमेंट्री में एक महिला का साक्षात्कार है जो ट्राइडेंट में फंस गई थी। उसने कनाडा में अपनी बेटी को संदेश भेजकर कहा कि वह 19वीं मंजिल पर छिपी हुई है और सुरक्षित है क्योंकि आतंकवादी नीचे थे। कुछ ही मिनटों में, उनकी बेटी ने वापस संदेश भेजा। कनाडाई टीवी एक भारतीय चैनल का लाइव फीड प्रसारित कर रहा था। उसका रिपोर्टर खुलासा कर रहा था कि मेहमानों ने 19वीं मंजिल पर शरण ली है और कैमरामैन उस मंजिल पर एक रोशनी वाली खिड़की पर जूम कर रहा था। एनएसजी का मानना है कि सभी टीवी चैनलों (एनडीटीवी को छोड़कर) ने नरीमन हाउस की छत पर कमांडो को उतारे जाने का लाइव कवरेज चलाया। एनएसजी के एक हवलदार की जान चली गई थी और मिशन उतना सफल नहीं रहा जितना हो सकता था। लाइव पर अब रोक है पर यूट्यूब और फेसबुक लाइव पब्लिक करती है जो उसी तरह का खतरा है । भारत ने 26/11 के बाद, भारत सरकार नए खतरे से शेष पृष्ठ 11 पर

## कार व बाइक की टक्कर में चाचा की मौत, भतीजा घायल

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज**

पिपरा थाना क्षेत्र के सुल्तानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 पर रविवार को कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार 55 वर्षीय रामाश्रय पासवान की मौत हो गयी। जबकि बाइक चला रहे 26 वर्षीय उनका भतीजा ललन पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरा गांव से एक रिश्तेदार से मिलकर रामाश्रय अपनी भतीजी की रिश्ता के लिए बाइक से बिहार की ओर जा रहे थे। तभी सड़क पार करने के दौरान हरिहरगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी।




जिससे रामाश्रय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर हरिहरगंज व पिपरा थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। जबकि घायल युवक को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार को जब्त कर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गयी है।

## गागर में सागर

### व्यापार मंडल ने मनाया संविधान दिवस

हुसैनाबाद। व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला स्थित आवास पर संविधान दिवस पर संविधान एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर कृष्णा बैठा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र को संचालित करने के लिए नियम-कानून की आवश्यकता होती है। उन्हीं नियमों के संग्रह को संविधान कहते हैं। हम सभी भारतवासियों का संविधान की रक्षा करना परम कर्तव्य है। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। मौके पर समाज सेवी प्रमोद कुमार रजक,उमेश बैठा,दीपक कुमार मेहता,पप्पू यादव ,संतोष कुमार यादव,गुड्डू रजक,लड्डू कुमार मौजूद थे।

### आप के स्थापना दिवस पर मरीजों में फल वितरित

मेदिनीनगर। आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस एवं भारतीय संविधान दिवस पर रविवार को आम आदमी पार्टी के पलामू जिला संयोजक चंद्रबली चोबे के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल व ब्रेड का वितरण किया गया। मौके पर प्रदेश के नेता किशोर सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल,मुकेश दीक्षित, कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष गणेश जी, ओम प्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश दुबे, लव तिवारी, जितेंद्र पासवान, शशिकांत तिवारी उपस्थित थे।

# कचहरी परिसर से प्रतिमाएं हटाने पर संगठनों में रोष

**केंद्रीय सचिव को बुलाकर वार्ता करने के बाद सहमति बनी कि स्थल चयन कर प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव दिया जायेगा : एसडीओ**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में स्थापित राजा मेदिनी राय एवं शहीद नीलांबर-पीताम्बर की प्रतिमा हटाने पर कई सामाजिक संगठनों द्वारा नाराजगी जताई गई। लोगों ने प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाकर रोष का इजहार किया। सामाजिक न्याय परिषद के प्रमंडलीय अध्यक्ष रवि पाल ने कहा कि एसडीओ से वार्ता के क्रम में सहमति बनी है कि समाहरणालय परिसर में यथाशीघ्र तीनों की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। पिछले तीन साल से राजा मेदिनीराय एवं शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा लगाने की मांग रखी जा रही थी। यह तीनों पलामू के धरोहर हैं। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतिमा हटाने को लेकर सामाजिक न्याय परिषद एवं अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सचिव को बुलाकर वार्ता करने के बाद सहमति बनी कि स्थल चयन कर प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव दिया जाएगा। उसके बाद नगर निगम द्वारा प्रतिमा स्थापित करने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# बैंराव ने बरेवा को हराकर मैच जीता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन भी दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। बरेवा बनाम बैराव मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें बैरांव की टीम 2-1 से विजयी रही। बैराव की तरफ से अमित सिंह व नीरज कुमार ने गोल किया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि बैंराव पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। क्लब के संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह, प्रमोद बैठा, गणेश प्रजापति, मशहूर फुटबॉलर मेजर चौधरी, विनय कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, निर्णायक नेहाल मिर्जा,जयकुश सिंह, सगीर अहमद, सुभाष कुमार, रजनीश सिंह, लड्डू सिंह, मनु सिंह मौजूद थे। 27 नवंबर का मैच कोशी बनाम बभंडी के बीच खेला जाएगा।

# उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित रामचंद्र सिंह का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** हाल ही में उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह का भारतीय आदिवासी चेरो बैगा संघ के तत्वावधान में पोलपोल गांव में संविधान दिवस पर भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने विधायक को पगड़ी बांधकर व तलवार एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सह शिक्षक भरदुल सिंह ने किया। मौके पर भारतीय आदिवासी चेरो बैगा संघ के संयोजक सह भाजपा अजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पोलपोल मुखिया पुष्पा कुमारी, सरजा मुखिया अलका कुमारी, लहलहे मुखिया पूनम देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव,आदिवासी चेरो बैगा संघ महासचिव अवधेश सिंह चेरो, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह, सदर प्रखंड जिप सदस्य बासो देवी एवं एडवोकेट संतोष पांडेय को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शीतल सिंह निराला,आनन्द कुमार, भरदुल सिंह चेरो, अर्जुन सिंह चेरो, अनिल सिंह चेरो, उमेश सिंह चेरो, गुड्डू सिंह चेरो उपस्थित थे।

### एनसीपी ने शुरू की 2024 चुनाव की तैयारी

**हुसैनाबाद।** एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय परिसर में कार्यकताओं के साथ बैठक कर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने 2024 के चुनाव की तैयारी की शुरूआत की। कार्यक्रम के शुरूआत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर 26/11 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने व संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि एनसीपी जात-पात से ऊपर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कार्यकताओं को विधान सभा में हुए विकास कार्यों से आम जनता को अवगत कराने की नसीहत दी। उन्होंने क्षेत्रों में बूथ कमेटियों को मजबूत करने का भी आह्वान किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, विजय राजवंशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी अब्बास अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम, युवा अनुमंडल अध्यक्ष युवा प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# लोगों को सशक्त बनाना विधिक शिविर का उद्देश्य: नीरज श्रीवास्तव

**आज सबसे ज्यादा सशक्त महिलाओं व बच्चों को होना चाहिए : प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य ही लोगों को सशक्त बनाना है। सदर प्रखण्ड में आयोजित विधिक सशक्तिकरण शिविर को संबोधित करते हुए पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने उक्त बातें कहीं। वे रविवार को सदर प्रखंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण शिविर में बोल रहे थे। कार्यक्रम का उदघाटन पीडीजे ने अपने उपस्थिति में लाभुको से द्वीप प्रज्वलित कर कराया। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा ने कहा कि आज सबसे ज्यादा सशक्त महिलाओं व बच्चों को होना चाहिए। जागरूकता से ही समाज मे बदलाव लाया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि कानून अब सर्वसुलभ हो गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने कहा कि डालसा के सभी कार्यों में पुलिस-प्रशासन साथ है। सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी अमरजीत सिंह मल्होत्रा ने कहा कि जागरूकता शिविर से लोगों को बहुत कुछ सीखने व समझने का मौका मिला है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जानकारी का अभाव बताकर कोई कानून से नहीं बच सकता। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी मिस रूबी ने किया। मौके पर एसीजेएम आनंदा सिंह, संजय सिंह यादव,सन्दीप निशित बारा, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, शिखा अग्रवाल,रितू कुजूर, मनोज कुमार, सतीश कुमार मुंडा,अपेक्षा, प्रतीक राज,चन्दन कुमार गोस्वामी उपस्थित थे।

### दस दिवसीय प्रतियोगिता में 25 पंचायतों की टीमें ले रही भाग

# पांकी के कोनवाई में मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के कोनवाई हाई स्कूल मैदान पर प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। 10 दिवसीय टूनार्मेंट का उद्घाटन पांकी पश्चिमी के जिला पार्षद निधि सिंह, भाजपा नेता लाल सूरज, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह, पंचायत समिति लक्ष्मण सिंह, पकरिया मुखिया पति मिंटी वर्मा आदि ने गेंद को किक मारकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में प्रखंड की 25 पंचायतों की टीमें भाग ले रही हैं। पहले मुकाबले में तेतराई ने सगालिम को 5-0 से हराया। दूसरे मैच में पकरिया ने पांकी पूर्वी को 3 गोल से मात दी। मौके पर डंडार मुखिया प्रद्युमन सिंह, मिथिलेश यादव, सतानंद सिंह, कमलेश सिंह, पिंटू कुमार, लोरिक सिंह, संतोष सिंह सिद्धांत मौजूद थे। मंच संचालन सफी आलम ने किया।

# एके सिंह कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एके सिंह कॉलेज जपला इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवकों सहित शिक्षण एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रस्तावना के अनुपालन की शपथ दिलाई। मौके पर शुभम प्रकाश, आलोक कुमार, रिंकी कुमारी, शीतल कुमारी, नैंसी कुमारी, अतुल कुमार, दिव्या कुमारी, सुप्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, रीमा, खुशबू सहित अध्यापकों में प्रो. आलोक रंजन कुमार, प्रो. डा. शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. रविरंजन मिश्रा, प्रो. राहुल कुमार सिंह मौजूद थे।

### झारखंड के कोने-कोने से पहुंच रहे आंदोलनकारी

# राजभवन के समक्ष जारी है किसान-मजदूरों का महापड़ाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित राजभवन के सामने आम जनता, किसान व मजदूरों का तीन दिनी महापड़ाव जारी है। जिसमें झारखंड के कोने-कोने से हजारों किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान एकत्रित हुए हैं। इससे पहले पलामू-गढ़वा से हजारों पार्टी कार्यकर्ता रांची उतरकर संविधान बचाओ-देश बचाओ, मोदी हटाओ-देश बचाओ का नारा लगाते हुए राजभवन के समक्ष पहुंचे। जिसका नेतृत्व पलामू जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, उमेश सिंह चेरो व गणेश सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने कहा कि आज देश की 98 प्रतिशत संपत्ति एक प्रतिशत पूंजीपतियों के हाथों में चली गई है। देश की संपत्ति को खुलेआम बेचा जा रहा है। किसानों के खेत में ना पानी है न ही मजदूरों के हाथों में काम। वहीं छात्र-नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा दे कर देश के कारपोरेट घरानों का हिमायती बनी हुई है। झारखंड की जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा पर भी बाहरी व्यक्तियों व पूंजीपतियों का कब्जा हो चुका है। पलामू प्रमंडल में रोजगार के लिए एक भी नया उद्योग स्थापित नहीं किया गया है। एनएच-75 से प्रभावित खतियानी गरीब-आदिवासियों के मुआवजे का धन भी पैसों एवं प्रभाव के बल पर डकारे जा रहे हैं। इसके खिलाफ आज खेत मजदूर, किसान, छात्र, नौजवानों को उलगुलान कर सड़क पर उतरने की आवश्यकता है। सभा में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भागचंद कार्गो, हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक सहित करीमन मांझी, सुषमा मुर्मू, विक्की पासवान आदि उपस्थित थे।

### ओझागुणी के आरोप में मारपीट, सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के तकेया गांव निवासी महेंद्र राम को गांव के ही लोगों ने ओझागुणी का आरोप लगाकर लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घटना को लेकर महेंद्र राम ने सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमे नंदन राम, विनोद राम, संतोष राम, रंजन राम, शशिकांत राम, तेतरी देवी, मनीष कुमार शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने पर उनकी पुत्री व पुत्र के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर किसी प्रकार उनकी जान बच पाई।



# जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन






**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में रविवार को 5226वीं जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह बिश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी ने की। जबकि संचालन संयुक्त रूप से संजय सिंह, उमेश व आनंद कुमार ने किया। विधायक ने कहा कि चंद्रवंशी समाज का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। इसे सुदृढ़ करने के लिए सत्ता में भागीदारी निभानी होगी। संरक्षक जुगल किशोर चंद्रवंशी ने विधायक को चांदी का मुकुट, गदा व अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद शैलेंद्र कुमार शालू, शैलेश चंद्रवंशी, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, पूर्व वार्ड पार्षद चंचला देवी, प्रदीप अकेला, विजय कुमार, अंजना देवी, लालबाबू चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी मौजूद थे।


## कार्यालय– जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू

(जिला जनसम्पर्क कार्यालय, पलामू)

"आपकी योजना आपकी–सरकार आपके द्वार"

**महत्वपूर्ण सूचना**

"आपकी योजना आपकी–सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत पंचायत मुख्यालय एवं पंचायत के अन्य मुख्य ग्रामों में शिविर का आयोजन कर राज्य सकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराने की व्यापक कार्रवाई की जा रही हैं।

व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं को भी Saturation Mode में अच्छादित की जा रही हैं, ताकि कोई अर्हर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रह सकें।

उक्त के आलोक में जनहित में "आपकी योजना आपकी–सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29.11.2023 (बुधवार) को प्रखण्ड मुख्यालय/पंचायत/वार्ड में भी शिविर आयोजन करने का निर्णय लिया गया हैं, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैं:–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पंचायत/क्षेत्र का नाम | भवन/स्थान का नाम | तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्रामपुर | वार्ड नम्बर–13 एवं 14 (पूर्व से निधारित) | अम्बेदकर भवन वार्ड–13 | 29.11.2023 |
| 2 | चैनपुर | करसो पंचायत (पूर्व से निधारित) | करसो पंचायत भवन | 29.11.2023 |
| 3 | छत्तरपुर | वार्ड नम्बर–03 एवं 04 (पूर्व से निधारित) | आंगनवाडी केन्द्र, बारा के पास | 29.11.2023 |
| 4 | हैदरनगर | खरगाड़ा पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 5 | हरिहरगंज | वार्ड नम्बर–07 एवं 10 (पूर्व से निधारित) | मोतिराज महिला कॉलेज के मैदान में | 29.11.2023 |
| 6 | हुसैनाबाद | वार्ड नम्बर–05 एवं 06 (पूर्व से निधारित) | हरिजन स्कूल वार्ड–05 | 29.11.2023 |
| 7 | मनातू | मंझौली पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 8 | मेदिनीनगर | वार्ड नम्बर–03 | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 9 | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 10 | नौडीहा बाजार | नावाटांड़ पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 11 | नावाबाजार | ईटको पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 12 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | लेस्लीगंज पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 13 | पाण्डू | पाण्डू पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 14 | पण्डवा | लोहड़ा पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 15 | पांकी | हुरलौंग पंचायत (पूर्व से निधारित) | हरलौंग पंचायत भवन | 29.11.2023 |
| 16 | पाटन | सेमरी पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 17 | पीपरा | पीपरा पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 18 | रामगढ़ | रामगढ़ पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 19 | सतबरवा | रबदा पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 20 | तरहसी | तरहसी पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |
| 21 | उंटारी रोड | लहरबंजारी पंचायत | प्रखण्ड कार्यालय भवन | 29.11.2023 |

कृपया अपने निकटतम शिविरों में आकर राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करें।

PR No. 312084 (Palamu) 2023-24

उपायुक्त, पलामू।

## गागर में सागर

### संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में जिले के वरीय पदाधिकारी व कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से संविधान की प्रस्तावना पढ़ी एवं मौलिक कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से वहन करने का प्रण लिया। डीएसओ प्रीति किस्कु ने उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर इसकी शपथ दिलाई। उन्होंने संविधान की महत्ता को बताते हुए कहा कि यह दिन नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस संविधान दिवस पर हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने मौलिक कर्तव्यों व राष्ट्र के कानून का पालन करने की शपथ लेनी चाहिए।

### नवाह्परायण महायज्ञ में आज होगा श्रीराम का राज्याभिषेक



**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य समाज चौक स्थित तुलसी मानस मंदिर प्रांगण में आयोजित 71वें श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के दौरान कार्तिक पूर्णिमा सोमवार को श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाएगा। महायज्ञ समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान पलामू प्रमंडल के पूर्व आयुक्त जटाशंकर चौधरी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। बताते चलें कि 8 दिसंबर 2022 को आयुक्त श्री चौधरी ने ही मंदिर के प्रथम तल का शिलान्यास किया था। श्रीराम के राज्याभिषेक के मौके पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, आनंद शंकर, शशिकांत गुप्ता, राजकुमार हरलालका आदि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू के प्रख्यात शल्य चिकित्सक डा. रघुवंश नारायण सिंह करेंगे। अतिथियों का स्वागत जिला स्कूल के पूर्व प्राचार्य सच्चिदानंद मिश्र की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### देवकीनंदन का किया गया सम्मान



**मेदिनीनगर।** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में हमारे पुज्य संतो व धर्मशास्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान है। धर्मशास्त्री देवकीनंदन शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक होने के साथ-साथ एक सहृदय व्यक्ति भी हैं। समाजसेवा में भी वे अग्रणी भूमिका निभाते हैं। सेवा कार्यों में लगातार सक्रिय रहने वाली संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने रविवार को देवकीनंदन ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र व राधाकृष्ण की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

# 21 प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन 29 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 29 नवंबर को जिले 21 प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त शशिरंजन ने अधिकाधिक संख्या में नागरिकों को शिविर में भाग लेकर लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने संबंधित नगर निकायों के कार्यकारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी नगर निकायों में 27 व 28 नवंबर को भी शेड्यूल बनाकर शिविर लगाएं। शिविरों में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समुह निर्माण, फुटपाथ विक्रेताओं का स्मार्ट आईडी कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों का निष्पादन कर लाभुकों को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं होल्डिंग टैक्स, पानी कनेक्शन, टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्यों का भी निष्पादन किया जाएगा।

### विहिप व अग्रवाल समाज ने किया स्वागत

# गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर निकली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को भव्य शौभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल रागी जत्थे ने शबद-कीर्तन करते हुए गरुवाणी का पाठ किया। इस दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लाल कोठा के पास शोभा यात्रा में शामिल लोगों को फलाहार व जलपान कराया। मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सहमंत्री अमित तिवारी, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, बजरंग दल नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, रमाशंकर प्रसाद, हिमांशु पाण्डेय, प्रभात पाण्डेय, विनय तिवारी, शीतल प्रकाश तिवारी, सौरभ पाण्डेय, प्रकाश विश्वकर्मा, सुरेश वर्मा, पप्पू लाठ आदि मौजूद थे। इसी क्रम में अग्रवाल समाज ने चाय, बिस्किट, पानी एव शर्बत का वितरण किया। अग्रवाल टी स्टॉल के प्रोपराइटर मोहन लाल अग्रवाल, मदन लाल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अनुज, मनोज, अभिषेक अग्रवाल, राहुल पांडे, नीतीश पांडे आदि शामिल रहे ।

### मेदिनीनगर में जाम के झाम से आमजन हलकान

# फैलता जा रहा शहर, सिकुड़ती जा रहीं सड़कें

**अंग्रेजों के जमाने में स्थापित डालटनगंज के स्वरूप में समय के साथ आमुलचूक परिवर्तन हुआ है**

**तीन दशक से अधिक समय से न तो मेदिनीनगर शहर में एक भी बाईपास का निर्माण हो पाया और न ही किसी फ्लाईओवर का**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर पालिका से नगर निगम बन चुका मेदिनीनगर का लगातार विस्तार होता रहा है। इसके बाद भी सुचारू आवागमन के दृष्टिगत समुचित प्रबंध नहीं किये जाने से जाम का झाम नागरिकों के लिए आम होता जा रहा है। अंग्रेजों के जमाने में स्थापित डालटनगंज के स्वरूप में समय के साथ आमुलचूक परिवर्तन हुआ है। शापिंग माल, विशालकाय भवनें, संकरी सड़कों पर फर्राटा भरते लक्जरी वाहन यहां सहजता से देखे जा सकते हैं। लोगों के रहन-सहन के स्तर में भी बदलाव आया है। किंतु लंबे अरसे से शहर में नहीं बदला तो सड़कों का रूप। तीन दशक से अधिक समय से न तो मेदिनीनगर शहर में न तो एक भी बाईपास का निर्माण हो पाया और न ही किसी फ्लाईओवर का। नतीजन शहर में प्रवेश करते ही वाहनों की रफ्तनी थम सी जाती है। जाम का सूरतेहाल यह है कि व्यक्ति चाहे रांची की तरफ से प्रवेश करे, पांकी की तरफ से, पाटन की तरफ से या शाहपुर की तरफ से। उसे शहर के केंद्र स्थल कचहरी अथवा छहमुहान तक पहुंचने में घंटों लग जाते हैं।इस दौरान न जाने कितनी सरकारें आईं व गईं, किंतु किसी की भी दृष्टि इस गंभीर समस्या की तरफ नहीं पड़ी। लोगों ने जिला प्रशासन व क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**छहमुहान पर बेतरतीब खड़े रहते हैं आटो :** शहर के प्रमुख छहमुहान चौक पर बेतरतीब खड़े आटो के कारण यहां की स्थिति अत्यंत विषम हो गई है। यातायात पुलिस के जवान निरंतर आटो चालकों को हटवाते रहते हैं। किंतु पलक झपकते ही वे पुनः अपना डेरा जमा लेते हैं। इससे काली मंदिर में पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

### सब्जी बाजार में आम है जाम

शहर के सब्जी बाजार में जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन आम होती जा रही है। सड़क के बीचो-बीच लोग अपनी-अपनी दुकानें लगा रहे हैं। फुटपाथी दुकानदारों के कारण सड़क की चौड़ाई लगातार घटती जा रही है। बाजार में छोटी मस्जिद रोड में सुबह से शाम तक सड़क के दोनों ओर दुकान लगाने से लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आने-जाने को लेकर कई बार फुटपाथी दुकानदारों व राहगीरों के बीच विवाद भी उत्पन्न हो जा रहा है। यहां के दुकानदारों ने बताया कि कतिपय लोग सड़क के बीचोबीच दुकान लगाकर सड़क का अतिक्रमण कर रहे हैं। इससे वाहनों का आवागमन भी बाधित हो रहा है। कुछ समय पहले सब्जी बाजार में शहर थाना व नगर निगम के सहयोग से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया था। फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को सख्त चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद धीरे-धीरे अतिक्रमण कारियों ने फिर से अपना कब्जा जमा लिया।

**छहमुहान से कचहरी तक पटरी दुकानदारों का कब्जा :** वाहनों के सुचारू आवागमन को देखते हुए छहमुहान चौक से लेकर कचहरी चौक तक सड़क को वनवे कर दिया गया है। जिससे वाहन चालकों को निःसंदेह काफी सुविधा हो रही है। किंतु सड़क के दोनों तरफ पटरियों पर दुकान लगाये जाने से जाम की समस्या बढ़ जा रही है। पंचमहान चौक के पास बीच रास्ते पर ठेला वालों के द्वारा दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह द्वारा कई बार ठेले वालों को समझा-बुझाकर हटवाया गया है। परंतु समस्या दूर होती प्रतीत नहीं होती।

### प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कर रहे हैं यज्ञ मंडप की परिक्रमा व पूजन

# यज्ञ पूणार्हुति आज, 7 दिनों का पुण्य फल अर्जित करेंगे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति सोमवार को होगी। श्रद्धालु महायज्ञ के सात दिनों का पुण्य फल अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा, पूजन व दर्शन कर प्राप्त करें। उक्त आह्वान यज्ञाचार्य उदितानंद जी महाराज ने किया है। । वे रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित महालक्ष्मी नारायण यज्ञ परिसर में वार्ता के दौरान कहा कि यज्ञ साक्षात विष्णु के स्वरूप हैं। यज्ञ वैदिक मंत्रों द्वारा संपादित होता है। वेद नारायण के स्वरूप हैं। वेदो अखिलम धर्म मूलम... वेद धर्म का मूल है। धर्म व वेद साक्षात नारायण के स्वरूप हैं। इसलिए यज्ञ का बहुत ही बड़ा महत्व है। यज्ञ में संपूर्ण देवी-देवताओं व तीर्थों का वास होता है। वैदिक मंत्रों द्वारा सभी देवताओं, ऋषियों, मुनियों, दिव्य आत्माओं सहित 64 योगिनी महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी का आह्वान होता है। समग्र देवताओं का यज्ञ स्थल पर वास होता है। यज्ञ के पूजन दर्शन से सभी तीर्थों में जाने का फल प्राप्त होता है। पापों का नाश होता है। बुद्धि शुद्ध व निर्मल होती है। श्रद्धालु 1, 11, 21, 51, 108 व 1008 बार परिक्रमा कर सकते हैं। कहा कि यज्ञ में चारों वेदों का स्व स्वर पारायण हो रहा है। 7 बजे सुबह से शाम 3 बजे तक नियमों का पालन करते हुए नारायण या अपने ईष्ट देवताओं के नाम को जपते हुए परिक्रमा करनी चाहिए। पूरे पलामू प्रमंडल के श्रद्धालु सोमवार को यज्ञ की परिक्रमा में भाग लें व अपने जीवन को पुण्य के भागी बनाएं।

### अंग्रेजी मीडियम भारतीय संस्कृति व संस्कारों का किया नाशः देवकीनंदन

इंगलिश मीडियम स्कूलों ने भारतीय संस्कृति व संस्कारों का नाश कर दिया है। इससे धीरे-धीरे माता-पिता व गुरुजनों का पैर छूना बच्चे भूल चुके हैं। वे स्कूल जाते समय बाय-बाय माम, बाय-बाय डैड कहते हैं। यह बाते स्थानीय हाउसिंग कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान रविवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवीनंदन ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार ऐसे होने चाहिए कि जब घर से बहन-बेटी बाहर निकलें तो लोग उन्हें बहन-बेटी की तरह देखें। बहन-बेटियों को कभी भी अकेले घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। स्त्रीयों के सम्मान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वह अनमोल है। कोई भी उसका मोल नहीं लगा सकता। कथा के दौरान उन्होंने जीवन में गुरु, पिता व माता के महत्व से भी अवगत कराया।

### परी के वेश में बच्चियों ने की पुष्प वर्षा

# खीस्त राजा पर्व के आगमन पर निकाली गई शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खीस्त राजा पर्व के आगमन पर रविवार को शांति के महारानी गिरजाघर में मिस्सा पूजा का आयोजन कर खीस्तीयों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यूनियन चर्च ,कचहरी रोड,छहमुहान, सदीक मंदिर रोड, नवाटोली चौक होते हुए गिरजा घर में सभा कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। रास्ते में कई स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का नेतृत्व पल्ली पुरोहित फादर मोरिस कुजूर कर रहे थे। परी के वेश में बच्चियों ने पुष्प वर्षा कर खीस्त राजा पर्व का स्वागत किया। पल्ली पुरोहित ने बताया कि खीस्त राजा पर्व के बाद नए पूजन पद्धति वर्ष की शुरूआत होती है। खीस्त राजाओं का राज है। उनका राज इस संसार के राजाओं -महाराजाओं जैसा नहीं है, बल्कि सभी मानव के हृदय एवं मन की शांति, न्यायिक प्रेम, भाईचारा, इमानदारी, समानता जैसे मानव मूल्यों का राज है। शोभायात्रा में बिरसानगर, चियांकी, कुसुमटांड, आबादगंज, रेड़मा, सूदना, मनिका आदि क्षेत्रों के ईसाई धर्मावलंबियों ने भाग लिया। मुख्य अनुष्ठान फादर मायकल, अमरदीप, अरविंद व प्रदीप की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एलीना एक्का, रंजित सरीन, समीर तिग्गा, जेजे लकड़ा, ललित टोपो उपस्थित थे।


### पर्यावरणविद् ने 200 बारातियों को विदाई में दिया आम का पौधा

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के आजाद नगर में गुलाम गौस पत्नी शबाना परवीन के पुत्री तारा नाज के विवाह में बिहार राज्य के औरंगाबाद से आये बारातियों का पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने स्वागत किया। उन्होंने विदाई स्वरूप सभी को थाईलैंड प्रजाति की बारहमासी आम का पौधा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्मावलंबियों को जन्नत का दरवाजा खुला रखना है तो उन्हें खुदा का आदेश पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म के हरे रंग का प्रकृति से गहरा संबंध है। मक्का-मदीना में रोजेका गोमज का रंग भी पिछले 1400 वर्षों से हरा है।

### 21वीं सदी के परिवर्तनों के लिए तैयार रहें छात्रः गुरुसामी



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के मनिका डिग्री कॉलेज में रविवार को राज्यपाल के शिक्षा सलाहकार ए बाला गुरुसामी व ओएसडी डा. संजीव राय ने औचक निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य एवं कुल सचिव राकेश कुमार सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विमल कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों व कर्मचारियों से अतिथियों का परिचय कराया। प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संबोधन में ए बाला गुरुसामी ने छात्रों को 21वीं शताब्दी में हो रहे परिवर्तन हेतु तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षा, संप्रेषण कौशल, अंग्रेजी भाषा की शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि देश व आपका राज्य संभावनाओं से भरपूर है। चुनौतियों के बीच छात्रों को समर्पण की भावना से कठोर श्रम करना चाहिए। अतिथियों ने महाविद्यालय भवन की सराहना करते हुए कर्मियों के अभाव में बंद प्रयोगशाला,पुस्तकालय व कंप्यूटर लैब आदि पर चिंता व्यक्त की। सड़क से महाविद्यालय तक पहुंचने के रास्ते की दयनीय दशा पर छात्र नेता उत्तम जायसवाल ने मांग पत्र सौंपा। कॉलेज में शैक्षणिक परिवेश एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति पर राज्यपाल के शिक्षा सलाहकार ने शिक्षकों के प्रयास पर प्रसन्नता जाहिर की।

## गागर में सागर

### केतार में 20 लाभुकों के बीच गैंस सिलेंडर व चूल्हा का किया वितरण



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित बंग्लामुखी भारत गैंस एजेंसी के कार्यालय परिसर में रविवार को उज्जवला योजना फेज 2 के तहत 20 लाभुकों के बीच गैंस सिलेंडर का वितरण किया गया। गैंस सिलेंडर व चूल्हा का वितरण प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद और मुखिया प्रमोद कुमार ने किया। बंग्लामुखी भारत गैंस एजेंसी के प्रोपराइटर अंगद कुमार ने बताया कि उज्वला योजना के तहत महिला लाभुकों को गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर, पाइप और लाइटर निशुल्क वितरण किया गया है। मुखिया प्रमोद कुमार ने गैंस सिलेंडर के महिला लाभुकों को गैंस चूल्हा पर खाना बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी महिलाएं जंगलों से हरे भरे पेड़ पौधों को काटने से बचाएं ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। इस मौके पार्वती देवी, देवंती देवी, कुंती देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, सीमा देवी, सुनीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गोवर्धन पूजा को लेकर बैठक आयोजित

**डंडई।** गोवर्धन पूजा मानने को लेकर यादव महासभा के लोगों ने रविवार को बैठक की। डंडई गांव निवासी प्रमोद यादव के निवास गृह पर आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णा यादव, कार्यकारी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव, युवा प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सोनू यादव, अहीर रेजिमेंट के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण यादव ने की, जबकि संचालन वीरेंद्र प्रसाद यादव ने किया। बैठक में प्रखंड के रारो गांव स्थित खेल स्टेडियम में 17 दिसंबर को धूमधाम के साथ गोवर्धन पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए 51 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि आज की बैठक में मुख्य रूप से गोवर्धन पूजा को लेकर आपस में विचार विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रखंड का पहला कार्यक्रम होगा जो यादव महासभा की देखरेख होना प्रस्तावित है। मौके पर डॉक्टर सत्येंद्र यादव, नंदू यादव, सुनील यादव, ललित नारायण यादव, विनोद यादव, कन्हाई यादव आदि उपस्थित थे।

### 50 मरीजों के नेत्रों की निःशुल्क जांच

**रमना।** मड़वनिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में रविवार को राधिका नेत्रालय चिरौंजिया मोड़, गढ़वा के तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया स्वीटी वर्मा एवं विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर के दौरान 50 मरीजों का नेत्र जांच किया गया। 16 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया, जबकि शेष मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया। उक्त 16 चयनित मरीजों का ऑपरेशन 1 दिसंबर को राधिका नेत्रालय चिरौंजिया मोड़, गढ़वा में किया जायेगा। मौके पर नेत्र चिकित्सक डॉ सुशील कुमार, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हरिचंद यादव, अलीजान अंसारी, अमित प्रकाश, प्रियांशु कुमार आदि मौजूद थे।

### हाईवा के धक्के से बाइक सवार घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के रोहिनियां मोड़ के समीप हाईवा व बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। घायलों में विनोद राम, पिता नन्हकू राम एवं अजय राम पिता असरफी राम शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक सवार भवनाथपुर से खरौंधी जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से खरौंधी करिवाडीह निवासी बबलू सिंह का हाईवा खरौंधी से भवनाथपुर की तरफ जा रहा था। रोहिनियां मोड़ से आगे मोड़ के पास टर्निंग के दौरान हाइवा से धक्का लग गया, जिससे बाइक सवार घायल हो गए। इसके बाद दोनों को 108 एम्बुलेंस से भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से आयुष चिकित्सक नितेश ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

### एसपी ने केतार थाना का किया निरीक्षण

**केतार।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने रविवार की शाम केतार थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में दर्ज किये गये मामलों का निष्पादन और आरोपी बनाए गये लोगों पर अब तक की कारवाई के बारे में प्रभारी थाना प्रभारी से जानकारी ली। अभिलेख का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना में आने वाले फरियादियों को फ्रेंडली पुलिस के तहत उनसे मामले को गंभीरता से लेते हुए यथोचित कारवाई करने की बात कही। एसपी ने विगत दिनों पाचाडुमर बालू घाट पर अवैध डंप बालू के मामले की भी जांच की। इस मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी दिनेश मरांडी, पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार मौजूद थे।

## शादी के सामान पर पिछले वर्ष की तुलना में 15 से 35 प्रतिशत की वृद्धि

# महंगाई की मार से आम लोग परेशान, विवाह भी हुआ महंगा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

महंगाई की मार से लोग परेशान हैं। खाने-पीने से लेकर सजावट, बैंड बाजा तक पर इसका असर है। शादी में जरूरत के सामान पर पिछले वर्ष की तुलना में 15 से 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 15 किलो के रिफाइन का डब्बा पहले 2040 रुपये में मिलता था, वह अब 2900 रुपये में मिलता है। वहीं, रसोई गैस की कीमत भी बढ़ गयी है। कमर्शियल रसोई गैस के 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 2469 रुपये हो गयी है। वहीं, 14 किलो के घरेलू रसोई गैस की कीमत 1047 रुपये प्रति सिलिंडर हो गयी है।





**लाइट व डेकोरेशन का खर्च डेढ़ गुना बढ़ गया :** कैटरर संचालक अरबिंद कुमार बताते हैं कि खाने के प्लेट पर 50 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। 300 रुपये प्लेट का अब 450 रुपये देना पड़ रहा है। लाइट व डेकोरेशन का खर्च भी डेढ़ गुणा बढ़ गया है। डीजल पेट्रोल की कीमत में वृद्धि होने से वाहनों की बुकिंग भी 30 से 35 प्रतिशत महंगी हो गयी है। किराना के सामान में भी पिछले एक साल में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सजावट पर भी 15 से 25 प्रतिशत खर्च बढ़ गया है। कच्चे फूल से लेकर आर्टिफिशियल फूल तक की कीमत बढ़ गयी है। आर्टिफिशियल फूल के दाम में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**20 से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि :** टेंट व्यवसायी दया शकर बताते हैं कि सजावट पर बिना जीएसटी के 15 प्रतिशत का इजाफा पिछले साल की तुलना में हुआ है। अगर जीएसटी जोड़ा जाये तो यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक चली जाती है, जो बैंड बाजा पिछले वर्ष 15 हजार में बुक हुआ था। इस बार 18 हजार रुपये लिया है। शहनाई भी पहले 800 में मिल जाती थी। अब 15 हजार रुपये लगता है। टेंट पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

**हलवाई भी मनमाना पैसा लेता है :** कुर्सी प्लास्टिक वाला जो पिछले साल तीन रुपये प्रति कुर्सी की दर से लेता था इस बार पांच रुपये प्रति कुर्सी हो गयी है। वीआइपी कुर्सी पिछले साल 15 रुपये में मिली थी। अब इसके लिये 20 रुपये देना पड़ता है। टेंट हाउस में उपयोग होने वाले कपड़े की कीमत आज से दस साल पहले भी नौ रुपये थी, वहीं दर आज भी है, लेकिन अब 100 सेंटीमीटर की जगह 50 सेंटीमीटर ही रहता है। हलवाई भी अब मनमाना पैसा लेने लगा है।

**बुकिंग की मनमानी कीमत :** आम दिनों में पांच से सात आदमी के खाना बनाने का 25 हजार रुपये लेता है, लेकिन वहीं हलवाई ताक पर 35 हजार से 50 हजार रुपये तक लेता है। निर्भर इस बात पर करता है कि कितना पहले उसे बुक कर लिया गया है। अगर समय से बहुत नजदीक आ जाता है तो उसके बुकिंग की कीमत मनमाना हो जाती है।

**विवाह भवन 25 हजार से लेकर 65 हजार में बुक हो रहा है :** शादी का मंडप पहले दो रुपये वर्ग फीट के हिसाब तैयार होता था. लेकिन अब इसकी जगह तीन से चार रुपये वर्ग फीट के हिसाब से लेता है। विवाह हॉल के संचालन गुंजन कुमार का कहना है कि उनलोगों द्वारा विवाह भवन का रेट इस साल नहीं बढ़ाया गया है। जिले में विवाह भवन 25 हजार से लेकर 65 हजार में बुक हो रहा है।

# सीएचसी की नई एक्सरे मशीन का श्रेय लेने की होड़, परेशान हो रहे मरीज



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी नई डिजिटल एक्स रे मशीन के उद्घाटन को लेकर दो राजनीतिक दलों के बीच पिछले 20 दिनों से चल रही प्रतिद्वंदिता में क्षेत्र के गरीब तबके के मरीज पिस रहे हैं।

जानते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लाखों लोगों को बेहतर एक्स रे सुविधा बहाल करने के उद्देश्य से डेढ़ माह पूर्व स्वास्थ्य विभाग की पहल पर नई डिजिटल एक्स रे मशीन लाई गई थी। धनबाद से इंजीनियर बुलाकर एक्स रे मशीन को चालू करने के लिए तकनीकी प्रक्रिया पूरी करने बाद बीती 2 नवंबर को पुराने अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार के उद्वघाटन के क्रम में अस्पताल में लगी उक्त डिजिटल एक्स रे मशीन का भी उद्वघाटन अस्पताल प्रबंधन की पहल पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में कर दिया गया। इससे नाराज भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने अपनी पहल पर अस्पताल में डिजिटल एक्स रे मशीन मंगवाने की बात कहते हुए गढ़वा सीएस को पत्र लिख दुबारा उक्त मशीन का अपने हाथों उद्वघाटन कराये जाने की मांग की।

इस पर सीएचसी की ओर से पत्र लिखकर उद्वघाटन की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन फिर सीएचसी कार्यालय द्वारा पत्र लिखकर एक्स रे मशीन के उद्वघाटन की तिथि को स्थगित कर दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने कहा कि गढ़वा जिला में नये सीएस के पदभार ग्रहण करने बाद क्षेत्र के मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए जल्द ही अस्पताल में लगी डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्वघाटन सीएस द्वारा कराया जायेगा।

# एक ही सड़क पर पुल निर्माण में अलग अलग मानक! ग्रामीणों में भारी आक्रोश

## एक जगह 8 से 10, 12 व 16 तो दूसरी जगह 8 व 10 एमएम रॉड से की गई ढलाई

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

एक ही सड़क के पुल निर्माण कार्य में अलग-अलग साइज के रॉड का उपयोग किया जा रहा है। मेराल से डंडई पनघटवा डैम होते अंबा खोरेया गांव तक बनाई जा रही कालीकरण सड़क में यह आमतौर पर देखा जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के भुइयां टोला से आगे पूर्व मुखिया के मंदिर पास हो रहे पुलिया निर्माण कार्य में 8 से लेकर 10, 12 और 16 एमएम तक का रॉड का उपयोग किया जा रहा है, जबकि बैरिया दामर गांव में उसी सड़क के बीच पुलिया निर्माण कार्य में 8 व 10 एमएम रॉड लगाकर संवेदक द्वारा उसकी ढलाई करा दी गई।



मामले को लेकर बैरिया दामर गांव के ग्रामीणों के बीच इसको लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण नजरुदीन अंसारी, वकील अंसारी, हसन अंसारी, श्रवण राम इत्यादि ने कहा कि एक ही सड़क के पुल निर्माण कार्य में अलग-अलग साइज का रॉड क्यों लगाया जा रहा है यह हम सभी समझ नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसको लेकर हम सभी ने विरोध जताया था, लेकिन संवेदक के ऊपर उसका कोई असर नहीं पड़ा। यहां तक कि उसके बगल में पूर्व में बनी पुलिया में लगे 16 और 12 एमएम साइज के रॉड को भी हमने संवेदक को दिखाया। साथ ही कहा कि पुल इतना कमजोर है कि वह कभी भी वजनी वाहन के चलने से ध्वस्त हो सकता है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय पदाधिकारियों से सांठ-गांठ कर निर्माण कार्य के नाम पर संवेदक द्वारा सिर्फ खानापूर्ति करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक ही सड़क पर पुल निर्माण कार्य का अलग-अलग मानक कैसे हो सकता है?

# भारत का संविधान प्रत्येक घर में रखने की जरूरत : रघुराई राम

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**



सामाजिक परिवर्तन केंद्र के तत्वावधान में गुरु रविदास आश्रम संगवरिया में रविवार को संविधान दिवस का मनाया गया। यह कार्यक्रम भ्रदुल राम की अध्यक्षता में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि रघुराई राम के नेतृत्व में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बामसेफ के झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ गढ़वा के जिला अध्यक्ष रघुराई राम ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को भारत का संविधान अपने घर में रखने की जरूरत है। भारतीय संविधान का एक-एक अध्याय, अनुच्छेद में भारतीय नागरिक के हितों की रक्षा की बात कही गई है। भारत का संविधान बाबासाहेब अंबेडकर ने भारत के सभी नागरिकों को समर्पित किया है। भारतीय संविधान का प्रस्तावना हम भारत के लोग से शुरू होता है। आज भारतीय संविधान खतरे में है और देश की कुछ ताकतें भारतीय संविधान को बदलने की साजिश कर रही है। हम लोगों को को हर हालत में भारत के संविधान की हिफाजत करना होगा। इस अवसर पर बसपा प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राम आजसू छात्र संघ गढ़वा के जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी, बसपा नेता संजय राम, शिक्षक सुभाष कुमार रवि, गणेशा राम, अरुण कुमार, निर्मल कुमार, सुंदन कुमार, उमेश राम, अखिलेश चंद्रवंशी, मनोज सिंह, विवेक कुमार, पंकज कुमार सिंकू, राम विश्वास साहू, ललन राम, दीपू कुमार, सौरभ कुमार, मिथिलेश चंद्रवंशी, मधु कुमार, मंजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यालय में मना संविधान दिवस

**खरौंधी।** संविधान दिवस पर ग्रामीणों के बीच संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झामुमो प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। तत्पश्चात में संवैधानिक संवाद शुरू किया गया। अतिथियों व ग्रामीणों को कार्यक्रम के महत्व व उद्देश्यों से अवगत कराया गया। मौके पर झामुमों के जिला सचिव सह खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने संविधान विषय पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि संविधान पढ़ने पर लोगों को अपने अधिकार की पूर्ण जानकारियां मिलती हैं। संविधान में वह सारे अधिकार प्रदत्त हैं, जो आम आदमी को चाहिए। डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुसार भारत का संविधान देश को समर्पित एक विलक्षण दस्तावेज है। भारत का संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं, बल्कि यह जीवन रूपी गाड़ी का पहिया है। यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लिखित मानववादी ग्रंथ है। देश में संविधान दिवस 2015 से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सामूहिक संविधान गीत, संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। धर्मराज पासवान ने झारखंड सरकार की उपलब्धियों को भी लोगों के सामने रखा। उन्होंने महत्वपूर्ण योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एवं अबुआ आवास के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर ने की। मौके पर झामुमो नेता विनोद यादव, हिफाजत अंसारी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, अरविंद पासवान, उमेश कुमार, जाकिर हुसैन, अजित यादव, सतेंद्र बैठा, राकेश उरांव, सिया राम, विजय मेहता आदि मौजूद थे।

### डंडई प्रखंड में मनाया गया संविधान दिवस

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान पंचायत की मुखिया धनवंती देवी के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मौके पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने भेदभाव मिटा कर एकता के सूत्र में बांधकर सभी को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया है। डॉक्टर अंबेडकर द्वारा लिखा गया संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है इसलिए भारत को विश्व को सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कहा जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाए रखना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। साथ ही कहा कि बाबा साहब ने दबे, कुचले एवं महिलाओं को हक दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया। संविधान के माध्यम से उन्होंने भारत के हर नागरिक को अधिकार देने का काम किया। ऐसे पवित्र संविधान का सम्मान करना हम सभी देश वासियों का कर्तव्य है। मुखिया धनवंती देवी ने कहा कि महिलाएं जो घर के अंदर रहकर चूल्हा चौका का काम करती थी उन्हें घर से बाहर निकाल कर कार्य करने का अधिकार बाबा साहब ने दिया। उनकी कलम की बदौलत ही आज हम जैसी महिलाओं को स्थान मिल रहा है। इस अवसर पर रविदास समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र राम, विकास राम, नंदू यादव, साबिर अंसारी, विजय महतो, नंदू साह, प्रमोद राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। उधर प्रखंड के करके, सोने हारा, रारो, जरही, झोंतर, पंचौर इत्यादि गांवों में भी संविधान दिवस मनाने का काम किया गया।

### थाना प्रभारी के नेतृत्व में मना संविधान दिवस

**खरौंधी।** थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया के नेतृत्व में थाना परिसर में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस पर थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा संविधान दिवस के मौके पर पुलिस कर्मियों को संविधान के निर्माण एवं इसकी मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया। साथ ही भारतीय संविधान में समय-समय पर जरूरत के आधार पर बदलाव भी किया जाता है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाते हुए कहा भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मर्पित करते हैं। एसआई सुनील कुमार दास, सुशील कुमार नायक, एएसआई सुरेंद्र दुबे, परमेश्वर राम, हवलदार प्रयाग सिंह, चरवा उरांव आदि उपस्थित थे।

# जर्जर पोल तार रस्सी के सहारे कभी हो सकती है अप्रिय घटना

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 5 की वीआईपी गली में बिजली का नंगा तार लटक कर काफी नीचे आ गया है। जर्जर पोल को रस्सी के सहारे संभाल गया है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। वीआइपी गली के स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के कार्यपालक प्रदीप शैलेश कुमार को इसकी सूचना दी। अविलंब इस जर्जर पोल को दुरुस्त कराने की मांग की। वहीं नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने स्वयं स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। विद्युत विभाग को जर्जर पोल, तार को मरम्मती के लिए दो बार पत्राचार भी किया जा चुका है। विद्युत विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लगता है कि विद्युत विभाग अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है।



# धुरकी से कमाने गए युवक की सूरत में हुई मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के भंडार गांव निवासी स्व. सुखाडी राम के 21 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार की मौत सूरत में इलाज के दौरान शनिवार रात्रि में हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। प्रियजन दहाड़ मार कर रोने लगे। बताते चलें कि मृतक के दो भाई एवं एक बहन हैं। माता-पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। मुखिया रघुनाथ सिंह ने मृतक के घर पहुंच कर सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया।

## पहल | गरबांध में विकास हो रहा : राम, हमारे प्रयास से बिजली-पानी पहुंचा : शाही

# राजा तालाब के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को गरबांध पंचायत स्थित राजा तालाब के 53 लाख रुपये की लागत से सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर राम ने कहा कि आदर्श पंचायत में बिजली पानी स्वास्थ्य, सड़क की व्यवस्था के लिए ही गांवों को गोद लिया जाता है। गरबांध ग्राम में धीरे-धीरे विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि गरबांध के लोगों की नगर उंटारी से गरबांध होते हुए रोहिनिया तक सड़क बनाने की मांग है, जो जल्द ही पूरी हो जाएगी।



वहीं शाही ने कहा कि गरबांध हजारों साल पुराना गांव है। रोहतास की लड़ाई के बाद नीलाम्बर- पीताम्बर यही रुके थे। लोगो की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद में भंडरिया में उन्हें फांसी दे दी गई थी। बिना नाम लिए पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राजा लोग कहते हैं कि हमने इस गांव को बसाया है, जबकि यह गांव राजाओं का शिकारगाह था। उन्होंने कहा इस गांव में हमारे प्रयास से बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हमने इस गांव का विकास हमने किया है। उन्होंने कहा कि गरबांध में पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पांच करोड़ रुपये की लागत से जल मीनार का शिलान्यास किया गया था। ठेकेदार बोर करके गढ़वा में मंत्री के यहां बैठता है। उन्हें लगता है कि मंत्री के यहां बैठने से बच जाएगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार इस गांव में आया विकास का पैसा हजम नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि आज यहां दसवी तक की पढ़ाई होती है। आने वाले समय में 12वीं तक पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि गरबांध होते खरौंधी तक रोड का काम अधूरा है। हम दोनों के प्रयास से इस रोड का भी शिलान्यास जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में गरीबों का तीन-तीन महीना का राशन उनके अधिकारी खा जा रहे हैं। इससे बचने के लिए भाजपा की सरकार की जरूरत है।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, लालमोहन यादव, मंडल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनु सिंह, भाजपा नेत्री लवली आनंद, मथुरा राम, ऐसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्षमण राम, संजय कांस्यकार, विक्की देव, मुनिप यादव, बबलू तिवारी, विवेकानंद पांडेय, सोनु पांडेय, बिपिन चंद्रवंशी, राहुल कुमार, वार्ड सदस्य ललिता देवी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना हजारीबाग




**सिमरिया(चयरा)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इलेवन स्टार फुटबॉल मैदान में हाजी सुलेमान अंसारी एवं रामावतार सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को लोहरदगा इलेवन और हजारीबाग इलेवन के बीच खेला गया। हजारीबाग की टीम ने लोहरदगा टीम को पेनल्टी शूटआउट में एक गोल से हराया। इससे पूव्र मैच का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि, मो. रज्जी अहमद, साबिर हुसैन आदि ने किया। मैच शुरू होने के पूर्व राष्ट्र गीत के बाद दिवंगत खिलाडियों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में प्रखंड के सभी पूर्व खिलाड़ियों व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ नीतू सिंह, जेएमएम के मनोज चंद्रा, बिनोद बिहारी पासवान, प्रमुख रोहन साहू, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, रोहणी देवी, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, कामख्या प्रसाद सिंह, मोमिन कॉन्फ्रेंस के अब्दुल्लाह अंसारी, शारदा देवी, आलोक रंजन, रंजीत सिंह आदि उपस्थित हुए।

### भूत-डायन को लेकर दो गुटों में झड़प

**गिद्धौर।** रविवार को गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी गांव में भूत-डायन को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल द्वारी गांव निवासी लिटा भुइंया, टेकलाल भुइंया व उनकी पत्नी तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। मारपीट की जानकारी गिद्धौर थाना को मिली, तो पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुटे। बताया गया कि कैला भुइंया की पत्नी की असमय मौत हो गई, जिसे ले शंभू भुइंया सभी परिवार का कहना है की लिटा भुइंया द्वारा भूत-डायन लगाकर मेरी मां को मार दिया है।

### बिजली विभाग ने काटे कई कनेक्शन

**प्रतापपुर।** विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता व कनीय अभियंता के निर्देश पर प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत प्रतापपुर, कसमार, रामपुर एवं बभने में अभियान चलाकर दर्जनों लंबे समय से बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले कनेक्शनधारियों का कनेक्शन काटा गया। प्रखंड के ऊर्जा मित्र व लाइन मैन ने कई कनेक्शन धारियों के मीटर जांच कर बिल निकाल कर दिया गया। बताया गया कि जिनका बिजली बिल दस हजार व उससे अधिक हो गया है और वह अबतक भुगतान नहीं किए हैं, उन्हे पहले जानकारी देते हुये बिल जमा करने का निर्देश दिया गया था। कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि बिजली बिल नहीं जमा करने वालों पर कानूनी कारवाई की जाएगी। ऊर्जा मित्र जाहिद अंसारी, संदीप कुमार, पंकज पासवान, लाईन मैन विजय चौरसिया, निवास कुमार, शैलेन्दर कुमार, सजित कुमार उर्फ लालु व उपेन्द्र कुमार शामिल थे।

### दिवंगत पूर्व प्रमुख को दी गई श्रद्धांजलि

**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में रविवार को पूर्व प्रमुख सह भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवंगत विक्रम कुमार सिंह को भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र नायक द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रखा गया। बिहार से आए पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह ने याद करते हुए उन्हें नेक इंसान के साथ एक निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता बताया। श्रद्धांजलि सभा में अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, रसिक शिरोमणि, उपेंद्र सिंह, सुजीत भारती, पूर्व शिक्षक आदित्य प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अयोध्यानंद पांडेय, अच्युत सिंह, कैलाश रवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अश्विनी सिंह, रणधीर सिंह, भुनेश्वर साहू, डीएन प्रसाद, प्रेम यादव, इटखोरी के निरंजन सिंह, कमलेश सिंह, सुधीर राय आदि उपस्थित थे।

### समिति सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** पंचायत भवन में रविवार को जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुखिया निर्मला देवी व प्रशिक्षक प्रदीप कुमार ने उपस्थित सदस्यों को खाता संचालन, पंजी संधारण, जंगली शिकार नही करने, कृषि सहित अन्य विदुओं पर प्रशिक्षण दिया। शिविर में सुरेश प्रसाद राणा सहित समिति के अध्यक्ष, सचिव आदि उपस्थित थे।

### गारू के बीडीओ का आकस्मिक निधन

**लातेहार।** लातेहार जिला के गारू प्रखंड में पदस्थापित झाप्रसे के अधिकारी प्रताप टोप्पो के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। प्रताप टोप्पो गारू में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। शोकसभा में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

### पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बरवाडीह।** बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित पीडब्ल्यूडी रोड से रविंद्र सिंह के घर तक 15वें वित्त आयोग मद से पीसीसी पथ निर्माण का रविवार को जिप सदस्य संतोषी शेखर, मुखिया कालो देवी, राजद अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अली हसन अंसारी ने शिलान्यास किया। मुखिया ने कहा कि पंचायत का विकास करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर लाभुक समिति के अध्यक्ष बिरेंद्र सिंह, सचिव शशि सिंह, रोहित गुप्ता, अखिलेश सिंह, जयनाथ सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण, पारस जायसवाल, विकास सिंह आदि मौजूद थे।

### प्रेस वार्ता : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या की नहीं हुई पुष्टि

# ब्रिज से गिरने की वजह से हुई थी किशोरी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

छठ पूजा के दिन एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर देवनद के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पश्चिम दिशा में रेलवे ब्रिज के नीचे से बरामद आदिवासी किशोरी के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। किशोरी की मौत रेलवे ब्रिज से गिरने की वजह से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी के साथ दुष्कर्म और हत्या की पुष्टि नहीं की गई है। रविवार को इस बात की जानकारी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व थाना प्रभारी शुभम कुमार ने दी।




पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि छठ पूजा के दिन डेमटोली निवासी संतोष उरांव की नाबालिग पुत्री छठ पूजा देखने घर से निकली थी पर वह छठ घाट नहीं पहुंची और दूसरे दिन उसका का शव टोरी लोहरदगा रेल लाइन पर रेलवे ब्रिज सं 197 के नीचे से बरामद किया गया था। इसके बाद मृतका की मां के लिखित बयान के आधार पर बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लातेहार एसपी के निर्देश पर इस मामले में जांच टीम गठित कर जांच शुरू की गई। मृतका के एक नाबालिग दोस्त से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वे दोनों घर से छठ पूजा देखने के लिए निकले थे लेकिन वह छठ घाट न जाकर घाट के समीप स्थित रेलवे ब्रिज पर घूमने चले गए। दोनों रेलवे ब्रिज के ऊपर बैठकर बात करते हुए मोबाइल में वीडियो देखने लगे। इसी दौरान पटरी पर एक मालगाड़ी अचानक से सामने आ गई। मालगाड़ी से बचने की कोशिश में लड़की ब्रिज के निचे गिर गई, जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं लड़का खुद ब्रिज के समीप झाड़ियों में गिरने की वजह से बच गया। प्रेस वार्ता में पुअनि दिव्यप्रकाश, पुअनि नारायण याद, पुअनि कुंदन कुमार, पुअनि जमील अंसारी आदि मौजूद थे।

# मंत्री ने किया आजीविका संसाधन केंद्र का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने सदर प्रखंड के गंधरिया में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजिविका संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जेएसएलपीएस ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी दूर करने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को गरीबी उन्मूलन के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं। जेएसएलपीएस आज पूरे राज्य में बेहतर कार्य कर रही है। आनेवाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत ही बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। मंत्री ने सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को लगभग ढाई करोड़ रुपये का चेक देने के साथ कई महिलाओं को मेडिकल किट भी दिया। मौके पर जिप सदस्य चन्द्रदेव गोप, मुखिया अनिता यादव जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग, दीपक कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, कमलेश यादव, सिमेश कुमार जितेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# चंदवा थाना के चौकीदार हत्याकांड में शामिल एक अपराधी गिरफ्तार

### उग्रवादी संगठन एसजेएमएम का सक्रिय सदस्य है मनोज तुरी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड में शामिल एक अपराधी मनोज तुरी, पिता बिगलु तुरी, ढोंटी पाहन टोली, थाना चंदवा, जिला लातेहार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मनोज तुरी की गिरफ्तारी लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने की है। पुलिस ने मनोज तुरी के पास से एक कट्टा और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। ज्ञात हो कि बीती 7 नवंबर को चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर दुबी स्थित हिन्दुस्तान बायो डीजल पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार अपराधियों ने चौकीदार सदीक अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।



लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सदीक अंसारी हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी का गठन कर इसके उद्भेदन हेतु तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर जांच शुरू की गई। एसआईटी द्वारा लगातार विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गई। इसी क्रम में रविवार को चंदवा थानांतर्गत ढोंटी जंगल से कांड में संलिप्त एक अपराधकर्मी मनोज तुरी को चौकीदार सदीक अंसारी की हत्या में प्रयुक्त हुए एक लोडेड कट्टा एवं मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। इसने पूछताछ करने पर चौकीदार की हत्या में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की। उसने बताया कि चौकीदार की हत्या उसने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर की थी। बताया गया कि वह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एसजेएमएम का सक्रिय सदस्य है तथा वह पूर्व में पीएलएफआई एवं अन्य अपराधी गिरोहों के लिए काम कर चुका है। मनोज के ऊपर विभिन्न थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, चंदवा थाना प्रभारी सुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप, बारियातु थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, हेरहंज थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुअनि जमील अंसारी, कुंदन कुमार, नारायण यादव, दिव्यप्रकाश, राजकुमार तिग्गा मनिका, दीपक नारायण सिंह समेत सैट 44 एंव रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

### किस वजह से की गई थी चौकीदार की हत्या?

हत्या के लगभग 20 दिन गुजरने के बाद भी लोगों के बीच यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर किस वजह से की गई थी चौकीदार सदीक अंसारी की हत्या? मामले में पुलिस ने हत्या में शामिल एक अपराधी मनोज तुरी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, पर हत्या में शामिल दो अन्य अपराधी और हत्या से जुड़े राज पर से अबतक पर्दा नहीं उठ पाया है। इसको लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

# इसाई समुदाय ने खीस्त राजा त्योहार पर निकाली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**



डाल्टनगंज धर्मप्रांत के संत जोसेफ चर्च महुआडांड़ में रविवार को सभी विश्वासियों ने बड़े फादर सुरेश किडो के साथ मिल कर खीस्त राजा पर्व मनाया। प्रातः 9:00 बजे मिस्सा पूजा द्वारा पर्व की शुरुआत की गई। मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता के बड़े फादर सुरेश किड़ो रहे। फादर ने लोगों को अपने संदेश में राजा खीस्त की महानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम जिस राजा को मानते हैं वे राजा संसारिक राजाओं से भिन्न हैं। हम उस राजा के मार्ग पर चलते हैं जिसने राजा होते हुए भी सबका सेवक बना।

फादर ने तीन बिंदुओं पर अपना विचार व्यक्त किया। येसु सबके लिए समान है। सबसे बराबर प्यार करता है। हम सबों को भी येसु ने जीने के लिए प्यार का रास्ता दिया है। हमें सभी से प्यार करना चहिए, प्यार सभी सामाजिक बुराई को दूर कर सकता है। इसलिए अपने जीवन में सभों से प्यार करें। निस्वार्थ सेवा येसु ने लोगों की निस्वार्थ सेवा की, निस्वार्थ सेवा कभी भी जाति, धर्म, लिंग नही देखती है। येसु ने हमें यह उदाहरण दिया है कि हम सबों की सेवा करें। अपने आसपास जितने भी लोग हैं, जिन्हें हमारी सेवा की जरूरत है उनकी सेवा करें। ईमानदार और नम्रता का जीवन हम सभी को जीना चाहिए। येसु अपने जीवन में हमेशा नम्र रहे। अपने शिस्यों का पैर धोकर उन्होंने हमें ये उदाहरण दिया है कि हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए। मिस्सा के अंत में खीस्त राजा पर्व पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महुआड़ाड पल्ली से विश्वासियों ने भाग लिया। शोभायात्रा संत जोसेफ चर्च गेट से निकलकर रामपुर चौक, बिरसा चौक, शास्त्री चौक होते हुए शहीद चौक वापस गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में ईसाइयों ने भाग लिया। अंत में पुनः शोभायात्रा संत जोसेफ चर्च में एकत्र हुई, जहां फादर ने सभी को धन्यवाद दिया। सभी य०वाओं से कहा कि वे अपने-अपने बुलावे को पहचानें और माता पिता से कहा कि अपने बच्चों को पुरोहित और धर्मबहन बनने हेतु भेजें। मौके पर फादर दिलीप एक्का, फादर रोशन केरकेट्टा, उप प्रमुख अभय मिंज, संजय मिंज, अजीत पाल कुजूर, सदीप कुजूर रिटायर फौजी संघ, आदिवासी जाग्रति मंच के सदस्य मौजूद रहे। वहीं एएसआई जोसेफ लकड़ा के नेतृत्व में विधि व्यवस्था की देखरेख हो रही थी। प्रशासन द्वारा शोभायात्रा में हरसंभव मदद की गई।

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान के अनुपालन की दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

संविधान दिवस पर जिला मुख्यालय एवं सभी प्रखंड मुख्यालयों के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा संविधान के अनुपालन हेतु शपथ ली गई। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अबु इमरान, वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों ने संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। उपायुक्त ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। उन्होंने संविधान दिवस की सभी को बधाई दी। पदाधिकारियों/कर्मियों को संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का कार्य में भी ईमानदारी से अनुपालन करने को कहा। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत आदि मौजूद थे।



### विभिन्न संस्थानों में शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा/कुंदा/पत्थलगड़ा।** जिले के सिमरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुंदवा में प्राचार्य सिताराम रवी ने संविधान निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षक बिरेनद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान की की शपथ दिलाई। गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को मुखिया के नेतृत्व में संविधान के प्रस्तावाना की शपथ दिलाई गई। मुखिया निर्मला देवी, बेबी देवी, सरिता देवी, जगदीश यादव, समीरा कुमारी, डेगन गंझू सहित कार्यकरणी सदस्य रामदेव यादव आदि उपस्थित थे। पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया संदीप सुमन के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ मोनी कुमारी नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर पंचायत सचिव मोहम्मद अस्लम, पंचायत सचिव राकेश कुमार, रोजगार सेवक जितेन्द्र गुप्ता, कमलेश सिंह, जानकी दांगी, भीम दांगी, मुशाफिर राणा, पत्रकार संतन दांगी आदि मौजूद थे।

### आरएनएम कॉलेज में मना संविधान दिवस

**हंटरगंज।** राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर डॉ. फहीम अहमद, नीरज भारद्वाज, पवन, शोएब आलम, गुड्डु, नाज परवीन, शुभम कुमार, गुलशन परवीन, नेहा परवीन, शाहीन परवीन आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ ने प्रखंड व अंचलकर्मियों को दिलाई संविधान की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मुख्यालय के प्रखंड कार्यालय परिसर एवं थाना परिसर में रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रतिनिधि निष्ठा की शपथ दिलाई गई। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड व अंचल कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई, मौके पर एमओ अनुज कुमार शरण, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बीपीओ त्रिवेणी राम, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, बनवारी सिंह, विजय कुमार पप्पू, रविकांत रवि, नेहा सिंह, कमलेश सिंह, एनुअल अंसारी, पंचायत के जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। दूसरी ओर थाना परिसर में एसडीपीओ दिलु लोहार ने थाना परिसर में थाना प्रभारी समेत सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। इसमें पुलिस इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह आदि शामिल थे। छिपादोहर थाना परिसर में थाना परिसर में प्रभारी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने सभी कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई।



सुरेश राम, गोपाल राम, धर्मजित भुइयां, प्रीतलाल यादव, प्रकाश साव, मंगरा भुइयां, बिनोद भुइयां, बाबूलाल राम, सुरेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे। वहीं मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक दशरथ पासवान की अध्यक्षता में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक कृष्ण मोहन दास, धर्मेंद्र यादव, मनीष कुमार, राजू नायक सहित विद्यालय के दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

### सरकारी संस्थानों में मना संविधान दिवस

**बालूमाथ।** प्रखंड के सरकारी संस्थानों में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में मुखिया नरेश लोहरा के नेतृत्व में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी रचना का खूब गुणगान किया गया। मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर मंच से

### बारियातु प्रखंड में उत्साहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस

**बारियातु।** थाना परिसर व सभी पंचायत सचिवालय के अलावा कई स्थानों पर रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर संविधान दिवस मनाया गया। डॉ भीमराव आंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल और मौलाना अब्दुल कलाम को याद किया गया। थाना परिसर में कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने की। उन्होंने पुलिस अवर निरिक्षक व सशस्त्र बलों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ कर संविधान के अनुरूप सच्ची निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। इधर बारियातु पंचायत सचिवालय, डाढ़ा, फुलसु, बालुभां, गोनिया, शिबला, अमरवाडीह, साल्वे व टोंटी पंचायत सचिवालय परिसर में संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु आदि मौजूद रहे।

### समाहरणालय सभागार में कर्मियों को दिलाई गई शपथ

**लातेहार।** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका को सर्वोपरि रख कर उसकी भावना के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में संविधान के प्रारूप को स्वीकार किया था और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। आगे उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कहा कि आप संवैधानिक मूल्यों को आत्मसातकर उसके अनुरूप कार्य करें। मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### आस्था: एतवारी छठ पूजन से श्रद्धालुओं को होती है मनवांछित फल की प्राप्ति

# इतवारी छठ पर घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/पत्थलगड़ा/इटखोरी।**

जिला मुख्यालय के अलावे गिद्धौर, पत्थलगड़ा व इटखोरी आदि प्रखंड के दर्जनों नदी, तालाबों व पोखरों में रविवार को सैकडों की संख्या में छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के लिए पहुंचे। जल में घंटों खड़े रहकर सूर्य की आराधना की एवं डूबते सूर्य की लालिमा देख अर्ध्य अर्पित किया। इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना कर इतवारी छठ का समापन किया। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित लोटर डैम



छठ घाट में एतवारी छठ को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कहा जाता है कि जो महिला छठ महापर्व करती हैं वो प्रथम इतवार को भी 24 घंटे का उपवास रखकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देती हैं। इससे पूर्व विधी विधान से व्रती नहाती खाती हैं। मान्यता है कि इतवारी छठ करने से व्रती को सुहागन व धन, वंश, वैभव आदि की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु यहां पहुंच विधिवत पूजा अर्चना कर डूबते हुए सूरज को अर्ग अर्पित किए। इस दौरान पुजारी ने बताया कि एतवारी छठ का महत्व बहुत ही विशेष है। श्रद्धालु भगवान भास्कर सूर्य देव की पूजा अर्चना के अर्ग अर्पित करते हैं। एतवारी छठ पूजन से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। गिद्धौर लोटार डैम छठ घाट पर समिति के अध्यक्ष कविंद्र कुमार दांगी, सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष असुरंजन कुमार, विकास, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, बीनू कुमार आदि समिति सदस्य मौजूद थे।

## गागर में सागर

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार शुरू




**लोहरदगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से माइकिंग के जरिये 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया। इसमें बताया गया कि 29 नवंबर को पेशरार प्रखंड के हेसाग पंचायत के मुंगो ग्राम के प्लस टू प्रोजेक्ट उवि और कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत के सढ़ाबे फुटबॉल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आपके द्वार कार्यक्रम 26 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा जो अलग-अलग तिथियों को अलग-अलग पंचायतों में आयोजित किया जाएगा।

### आर्य युवा सम्मेलन का आयोजन 10 को

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण लोहरदगा में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने की। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती आगामी 10 दिसंबर को आयोजित आर्य युवा सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यों का बंटवारा किया गया। कार्यक्रम में इंटर एवं स्नातक के अध्यनरत युवाओं की भागीदारी होगी। सम्मेलन में 150 युवा शामिल होंगे। जो विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अध्यनरत छात्र होंगे। उनके बीच युवाओं को जागरुक करते हुए महर्षि दयानंद जी का राष्ट्र और समाज के लिए योगदान एवं वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्र एवं समाज के प्रति युवाओं के कर्तव्य विषयक क्षेत्र के जाने-माने विद्वानों व समाजसेवियों द्वारा उनका मार्गदर्शन किया जाएगा। बैठक में आचार्य शरचचंद्र आर्य के अलावे शिक्षक गणेश शास्त्री, रविंद्र दत्ता, कृष्ण आर्य, काजल कुमार, लव प्रसाद शिवाकोरी आर्य, आदित्य मिश्रा, पंकज आर्य, शिवराज विजय महतो, मिथिलेश प्रजापति, दीपक कुमार, पहलवान महादेव आर्य, भूषण प्रसाद, अभय भारती एवं ब्रह्मचारी गण शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री के लोहरदगा आगमन पर परिसंपत्ति वितरण को लेकर बैठक




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन के अवसर पर परिसंपत्ति वितरण संबंधी आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मंच संचालन, लाभुकों को बैठाने व मंच तक लाने, विकास मेला की तैयारी, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, परिवहन की व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को दिये गये।

### तालाब में डूबने से वृद्ध की मृत्यु

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमगाई गांव निवासी चेरो उरांव (71) की मृत्यु जमगाई तालाब में डूबने से हो गई। चेरो के परिजनों ने बताया कि चेरों रोजाना नशा किया करता था। वह दो दिन पहले घर से निकला था। उसकी लाश तालाब में पाई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा भेज दिया है।

### सामुदायिक पट्टा से संबंधित बैठक हुई




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वनाधिकार सामुदायिक पट्टा संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में कुल 29 आवेदनों पर चर्चा हुई और अधिनियम की शर्तों के अनुरूप आवेदनों को अनुमोदित किया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सिविल कोर्ट परिसर में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, पीडीजे बोले

# प्रस्तावना व मौलिक कर्तव्य का पाठ हमें बनाता है जवाबदेह नागरिक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्य का पाठ पढ़ा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में सिविल कोर्ट परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रस्तावना एवं 11 मौलिक कर्तव्यों का पाठ पढ़ा गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा जिसको उपस्थित अधिकारियों, न्यायिक कर्मियों, पीएलबी एवं पुलिस बल के जवानों ने दोहराया। इस अवसर पर पीडीजे ने कहा कि आज के दिन ही संविधान 1949 में लागू हुआ था। संविधान की प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों को पढ़ने से हमें जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिलती है। इसलिए आज के दिन पूरे राष्ट्र में संविधान के मौलिक कर्तव्य एवं प्रस्तावना या उद्देशिका का पाठ पढ़ा जाता है। उपस्थित लोगों में पीडीजे के अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुभाष, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त सिविल कोर्ट के 100 से ज्यादा कर्मी, लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त पीएलबी, पुलिस बल के जवान भी उपस्थित रहे।




### डीएवी विद्यालय में संविधान दिवस पर नाटक का मंचन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी व पल्लवी कुमारी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर नाटक का मंचन करवाया गया। देश में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। यह हमारा संविधान ही है जो विविध जातियों, धर्म व संस्कृतियों से परिपूर्ण 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है और विश्व में हमें अपनी एक अलग पहचान देता है। विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका पल्लवी कुमारी के निर्देशन में संविधान के महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें मुस्कान, अंतरा, तनु, स्तुति, कृतिका, भूमि, पायल, प्रांशु, प्रिया, आनंदी, राखी, प्राची, शुभांगिनी, अंशु,



श्यामा, अविका, आशी व हर्षिता ने अभिनय किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने संविधान के बिना देश की दुर्दशा तथा संविधान बनने के बाद देश की स्थिति में अंतर समझाया। मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की बारीकियों से अवगत करवाते हुए संविधान की प्रस्तावना को कंठस्थ करते हुए आत्मार्पित करने हेतु प्रेरित किया।

## पदाधिकारियों व कर्मियों को उपायुक्त ने दिलाई संविधान की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**




हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 (तिथि मार्गशीर्ष, शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। यह शपथ रविवार को संविधान दिवस के मौके पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में लिया गया। संविधान दिवस के मौके पर आज रविवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, नजारत उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त की अगुवाई में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ ली। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। इस दिन को देश में संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करने और डा. भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करने के साथ उसे आत्मसात करने का दिन है। उपायुक्त ने कहा कि भारत का संविधान ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है। सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि मिलकर विकास की राह बनाएं। हर स्तर पर लोगों का सहयोग करते हुए उन्हें प्रगति की ओर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभाएं। हर अधिकारी व कर्मी संवेदनशील होकर कार्य करें।

## सेन्हा थाना परिसर में दिलाई गई संविधान दिवस पर शपथ




**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

संविधान दिवस पर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थान में कार्यरत कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। प्रखंड मुख्यालय सेन्हा एवं थाना परिसर सेन्हा में संविधान दिवस मनाया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जो देश के जनता को समानता का अधिकार दिया है। रहने जीने और अपने विचार को व्यक्त करने की आजादी दी गई है। सेन्हा थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि भारत का संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन का समय लगा और 26 नवंबर 1949 को अपौचारिक रूप से देशवासियों ने इसे स्वीकार किया था। संविधान में अखंड भारत के सभी वर्ग को ध्यान में रखा गया है। इसके पश्चात अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी तथा थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा उपस्थित कर्मचारियों तथा पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा जवानों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर शपथ दिलाई गई।

## सीआरपीएफ ने मनाया संविधान दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

158 बटालियन, सीआरपीएफ, लोहरदगा, मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार, कमांडेंट 158 बटालियन ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवंबर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था। साल 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया था। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। वर्ष 2015 इसलिए खास था क्योंकि उस वर्ष संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती मनाई जा रही थी। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के



लिए वर्ष 2015 से यह दिवस हर वर्ष मनाया जा रहा है।

इसके अलावा कमांडेंट-158 बटालियन ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश के नागरिक की भावना का एहसास कराता है, जहां संविधान में दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाते हैं। इसलिए संविधान दिवस पर हमें अपने अंदर ज्ञान का दीपक प्रज्जवलित कर हमें अपने अधिकारों/कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारे देश के संविधान के महत्व को समझ सके।

## कंबल व अनाज का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

कैरो प्रखंड मुख्यालय में ट्रांसमिटो डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वधान में सपोर्ट इंडिया के द्वारा रविवार को कैरो व आस-पास के गरीब, असहाय, वृद्धजनों को कंबल और अनाज का वितरण किया गया। संस्था के मैनेजर नेहा कुमारी ने कहा कि इस संस्था द्वारा गरीब, असहाय लोगों को ठंड को देखते हुए कंबल व अनाज का वितरण किया जा रहा है। यह कार्य देश के कई क्षेत्रों में किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि लोग




इसका लाभ उठाएं। मौके पर संस्था के बीडीएम रितेश कुमार ट्रेनर फुलमनी बारला, विरेन्द्र सिंह, लोकमित्र बलराम केवट, कृष्ण कुमार पांडेय लाभुक सविता देवी, बंधु उरांव, अनिता उरांव, विनोद उरांव, कार्तिक उरांव, सोफी तिर्की, हीरामनी उरांव आदि मौजूद थे।

## किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अंतर्गत एकागुड़ी ग्राम में सरकार द्वारा संचालित योजना बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 2-2 किलो सरसों बीज का वितरण प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम एवं उपमुखिया सघनु लोहरा की उपस्थिति में विजय राम, हंसराज उरांव, मुस्ताक अहमद, आनंद महली, जोखना उरांव, नुरेशा खातुन, मंगरी देवी, नवल महतो, प्रकाश साहू, आसिफ अंसारी, हीरामुनी देवी, ललित उरांव, प्रदीप भगत, मनी उरांव सहित अन्य किसानों के बीच किया गया। बीज वितरण के लिये जिला कृषि



कार्यालय आत्मा द्वारा बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसान कम बारिश और कम मेहनत में रवि फसल कर सकते हैं। बिरसा फसल विस्तार योजना के अन्तर्गत रवि फसल के माध्यम से तेलहन खेती को बढ़ावा देने के लिये बीज वितरण किया गया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा कि अधिक दामों में ग्रामीण क्षेत्र के किसान बीज खरीद कर खेती करने में असमर्थ हैं। मौके पर 20सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार, उप मुखिया सधनु लोहरा, कृषि मित्र एतवा उरांव आदि उपस्थित थे।

**पहल** | 24 लाख की लागत से लगभग 1500 फीट लंबा पथ बनेगा

# जिप सदस्य ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत ग्राम में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गांव के पाहन पुजार द्वारा आदिवासी रिति रिवाज के अनुसार पूजन कर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा किया गया। इससे पूर्व कार्य प्रगति का जायजा संवेदक से लेते हुए तिर्की ने बताया कि विशेष कार्य प्रमंडल योजना के माध्यम से करीब 24 लाख की लागत से निर्मित होने वाले मुख्य पथ सेरेंगहातु सेश्मशान घाट तक लगभग 1500 फीट लम्बा पीसीसी पथ का शिलान्यास किया जाएगा।

तिर्की ने कहा कि गांव में मजदूरों को रोजगार मिलने से पलायन पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि



सेरेंगहातु के ग्रामीण द्वारा पथ निर्माण की मांग पूर्व से की जा रही थी। मुख्य पथ सेरेंगहातु से शमशान घाट तक पीसीसी पथ का ग्रामीणों का सपना साकार हो रहा है। बरसात के मौसम में गांव के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। पीसीसी पथ बन जाने से अब ग्राम वासियों को सुविधा होगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सफरुद्दीन अंसारी, पुर्व मुखिया सुखदेव उरांव, गांव के पहान पुजार उपस्थित थे।

## सेवा भारती ने लगाया चिकित्सा शिविर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 76 वें सप्ताह को भी निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेवल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल का अभिवादन किया और कहा कि सेवा ही परमोधर्म है। जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है। डॉ कुमुद ने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से समय पर बीमारी का पता चल सकता है। उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह एवं सचिव




जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर-दूर से लोग यहां आकर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाया जाता है। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार शाह, अतुल सराफ, अफरोज आलम, रवीना खातून, जहीर अंसारी, मनी देवी, अंजलि सर्राफ, प्रदीप साहू, धनंजय पांडे, मीना देवी, नंदलाल कास्यंकार, मो. उसियन, रमेश शर्मा, काहिरा खातून, मोहम्मद सरफुल, सोनिया पोद्दार, मो. कौनेन, निर्मला देवी, विकास कुमार, प्रभु दयाल साहू, अंजू देवी, वीरेंद्र कुमार, अविनाश चंद्र, मनोज अग्रवाल, रामचंद्र गिरी, सुरेंद्र प्रसाद, किशोर अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, प्रदीप तमेड़ा, कृष्णा प्रसाद, गीता देवी, लक्ष्मी महतो, अशोक ठाकुर, डोमाचंद्र कर्मकार, तानिया महतो, भवसागर महतो थे।

## एक नजर

### आज शेयर बाजार में बंद रहेगा कारोबार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में इस हफ्ते लगातार 3 दिनों तक छुट्टी है। शनिवार और रविवार को साप्ताहिक छुट्टी के अलावा सोमवार (27 नवंबर) को भी भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे। सोमवार को दोनों एक्सचेंजों पर इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव्स और रछइ सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं होगा। सोमवार को करेंसी डेरिवेटिव मार्केट भी पूरे दिन के लिए बंद रहेगा। इस दिन करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार नहीं होगा। गुरू नानक जयंती के मौके 27 नवंबर को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे। गुरू नानक जयंती को गुरूपरब के तौर पर भी जाना जाता है, जोकि सिख धर्म का सबसे प्रमुख त्योहार है। पहले सिख गुरू, गुरू नानक देव के जन्मदिन के अवसर पर यह त्योहार मनाया जाता है। इक्विटी बाजार के अलावा इस दिन कमोडिटी बाजार भी बंद रहेंगे।

### भारत की 2030 तक इस्पात की मांग 19 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत की इस्पात मांग 2030 तक सात प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 19 करोड़ टन के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। स्टीलमिंट इंडिया की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। क्षेत्र से जुड़ी अनुसंधान कंपनी के अनुसार, मांग को बड़े पैमाने पर निर्माण व बुनियादी ढांचा क्षेत्रों से बढ़ावा मिलेगा, जिसका कुल मांग में 60-65 प्रतिशत का योगदान है। वर्ष 2030 में सात प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के आधार पर भारत की इस्पात मांग 19 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। इंडियाज स्टील एंड कोकिंग कोल डिमांड 2030' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि सर्वोत्तम स्थिति में यह 2030 तक 23 करोड़ टन तक भी पहुंच सकती है। मांग को वाहन और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों द्वारा भी बढ़ावा दिया जाएगा। जनसंख्या वृद्धि, बढ़ते शहरीकरण, विभिन्न सरकारी पहल आदि इसके प्रमुख कारक होंगे।

### धन जुटाने के लिए एनपीओ के लिए बड़ा बाजार

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में एनपीओ के काम करने के तरीके में भारी परिवर्तन हो रहा है। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा है कि यह केवल यह सत्यापित करने के बारे में नहीं है कि इसका उपयोग क्या इस उद्देश्य के लिए किया गया था, बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात ये है कि क्या इससे गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) द्वारा किए गए हस्तक्षेप के बाद वंचितों या लाभार्थियों पर कोई प्रभाव पड़ा? सेबी बोर्ड द्वारा सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर न्यूनतम आवेदन आकार और न्यूनतम इश्यू आकार में कमी को मंजूरी देने पर जोशी ने कहा कि इंडियन कॉरपोरेशंस पहले ही सीएसआर पर 25,000-30,000 करोड़ रुपये खर्च कर चुके हैं। इसलिए एनपीओ के लिए धन जुटाने का एक बड़ा बाजार है। तो यह उन लोगों के लिए एक अवसर है जो सामाजिक कार्य करना चाहते हैं और प्रभाव डालना चाहते हैं।

# धोखाधड़ी मामले में सुभिक्षा के संस्थापक को मिली 20 साल की सजा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कभी देश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुभिक्षा को चलाने वाले आर सुब्रमनियन को अदालत ने 20 साल की सजा सुनाई है। पहले आईआईटी मद्रास फिर आईआईएम अहमदाबाद से पढ़कर व्यापार की दुनिया में सनसनी बनकर आए सुब्रमनियन की कहानी का अंत जेल जाकर हो गया। उन पर निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप सिद्ध हुआ है। कोर्ट ने सुभिक्षा के प्रमोटर सुब्रमनियन और उनके साथियों पर लगभग 190 करोड़ रुपये जुमार्ना भी लगाया, जिसमें से 180 करोड़ रुपये निवशकों को लौटाए जाएंगे।

**निवेशकों को धोखे में रखकर लगवाया पैसा :** चेन्नई की एक विशेष अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि उन्होंने निवेशकों को धोखे में रखा और उन्हें फर्जी स्कीमों में पैसा लगाने के लिए ललचाया। मैच्योरिटी पर उन्हें फिर से

**निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप सिद्ध**

गुमराह करके नई स्कीमों में पैसा लगवाया गया। निवेशकों से शार्ट टर्म निवेश पर ज्यादा मुनाफे का लालच दिया गया था। इस तरह से सैकड़ों निवेशकों को धोखा दिया गया और उनके पैसों को विभिन्न शेल कंपनियों में लगाया गया। सुब्रमनियन और उनके साथियों ने विश्वप्रिया इंडिया लिमिटेड के नाम पर चार स्कीम खोलीं। इनके नाम प्राइम इनवेस्ट, एसेट बैक्ड सेक्योरिटी बांड, लिक्विड प्लस और सेफ्टी प्लस थे। इन स्कीम में लोगों को फंसाया जाता था। जब पैसा देने बारी आती थी तो और भी ज्यादा फायदे का लालच देकर फिर से पैसा ले लिया जाता था। आखिरकार ये लोग फेल हो गए और इनका भंडाफोड़ हो गया। सुब्रमनियन ने 1991 में विश्वप्रिया को एक वित्तीय सेवा कंपनी के तौर पर खोला था।

## सीएनजी और पीएनजी में बायोगैस मिलाना हुआ जरूरी

# सरकार ने लिया फैसला, एथेनॉल का उत्पादन भी बढ़ेगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बायो फ्यूल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब सरकार ने सीएनजी और पीएनजी में बायो गैस को मिलाने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) में बायो गैस का मिश्रण अनिवार्य रूप से करना होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि इस कदम से अर्थव्यवस्था को फायदा पहुंचेगा। साथ ही कंप्रेस्ड बायो गैस का प्रोडक्शन और खपत भी बढ़ेगी। इस फैसले को चरणों में लागू किया जाएगा।

### 750 बायो गैस प्रोजेक्ट बनेंगे : हरदीप सिंह पुरी

हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि इस फैसले से 2028-29 तक लगभग 750 बायो गैस प्रोजेक्ट बनेंगे। साथ ही 37,500 करोड़ रुपये का निवेश भी होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में मक्के से एथेनॉल का उत्पादन बढ़ाने पर भी विचार किया गया। कृषि विभाग एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने इस पर सहमति भी जताई है। सरकार ने 2027 तक घरेलू उड़ानों के लिए एटीएफ में एक फीसद और इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए 2028 तक 2 फीसद एथेनॉल मिलाने पर सहमति जताई है। पेट्रोल में फिलहाल 10 फीसद एथेनॉल मिलाया जा रहा है। भविष्य में इसे 2030 तक 20 फीसद पर लाने की योजना है।

नेशनल बायोफ्यूल्स कोआर्डिनेशन कमेटी की मीटिंग में फैसला लिया गया कि सेंट्रल रिपॉजिटरी बॉडी बायो गैस मिश्रण की व्यवस्था को मॉनिटर करेगी। साथ ही सुनिश्चित करेगी कि हर जगह इस नियम का पालन हो। यह नई व्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होगी। फिलहाल ऑटोमोबाइल्स और घरों में इसका इस्तेमाल एक फीसद मिश्रण के साथ शुरू किया जाएगा। फिर 2028 तक इसे बढ़ाकर 5 फीसद कर दिया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि बायो गैस का इस्तेमाल बढ़ाने में यह महत्वपूर्ण निर्णय साबित होगा। इससे बायो गैस का उत्पादन बढ़ेगा और देश का एलएनजी आयात भी कम होगा। इससे न केवल देश के लोगों के पास पैसा जाएगा बल्कि सरकार को भी विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग मिलेगा। यह सरकार की ओर से नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के प्रति एक मजबूत कदम है।

# टिन्ना ट्रेड कंपनी के शेयरों ने एक माह में डबल किया पैसा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार में इन दिनों एक छोटे शेयर की खूब चर्चा हो रही है। यह शेयर है ट्रेडिंग कंपनी टिन्ना ट्रेड का। चर्चा का कारण है कि पिछले कुछ दिनों से इस शेयर के भाव अविश्वसनीस तेजी देखी जा रही है। पिछले पांच दिनों में बार-बार इस शेयर पर अपर सर्किट लगा है। कारोबार में भी इस शेयर की रैला का क्रम बरकरार रहा। कारोबार समाप्त होने के बाद इसके भाव में 10 फीसदी की जबरदस्त तेजी आई और एक शेयर का भाव 56.80 रुपये पर जा पहुंचा। पिछले पांच दिनों में इस शेयर के भाव में 76 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं बीते एक महीने में शेयर का भाव करीब 120 फीसदी मजबूत हुआ है। इसका मतलब हुआ कि शेयर ने पिछले एक महीने में ही अपने निवेशकों को डबल से भी ज्यादा कमाई करा दी है। बीते 6 महीने के हिसाब से शेयर 127 फीसदी के फायदे में है। शेयर का भाव अभी 52 सप्ताह के उच्च स्तर




पर है, उसके बाद भी कंपनी का टोटल साइज बहुत कम है। कंपनी का मौजूदा बाजार पूंजीकरण महज 48.65 करोड़ रुपये है। हैरानी की बात है कि कंपनी के कारोबार आदि से जुड़ी हाल-फिलहाल में कोई ऐसा अपडेट सामने नहीं आया है, जिसके चलते शेयरों में इस अविश्वसनीय तेजी की व्याख्या की जा सके। इस कारण स्टॉक एक्सचेंज को कंपनी से स्पष्टीकरण मांगना पड़ गया। कंपनी ने स्पष्टीकरण के जवाब में खुद भी बताया है कि शेयरों की कीमत पर असर डालने वाला कोई बड़ा अपडेट नहीं है। उसे खुद नहीं पता है कि शेयरों में इस कदर तेजी कैसे आ रही है। कंपनी ने तेजी को मार्केट ड्रिवेन बताया है।

# पेंशनर्स समय से नहीं जमा कर पाए जीवन प्रमाण पत्र तो बंद हो जायेगा पेंशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की डेडलाइन करीब आ रही है। सभी पेंशन प्राप्त करने वाले नागरिकों के लिए नवंबर का महीना बहुत अहम होता है। इस महीने में सभी पेंशनरों को अपने जीवित होने का प्रमाण देना पड़ता है। नियमों के मुताबिक, सुपर सीनियर सिटीजन यानी 80 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2023 के बीच जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा मिलती है। वहीं, 60 वर्ष से अधिक के लोगों को 1 नवंबर से 30 नवंबर, 2023 के बीच इस काम को निपटाना आवश्यक है। लाइफ सर्टिफिकेट यानी जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की डेडलाइन करीब है। अगर आपने अभी तक इस काम को पूरा नहीं किया है तो जल्द से जल्द कर लें। वरना बाद में आपको बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यम का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऑफलाइन आप पेंशन जारी करने वाली संस्था जैसे पोस्ट ऑफिस या बैंक में जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके अलावा डोर स्टेप बैंकिंग, पेंशनभोगी कल्याण विभाग फेस ऑथेंटिकेशन, उमंग एप, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के पोस्टमैन और जीवन प्रमाण पोर्टल के जरिए अपना जीवन प्रमाण पत्र बिना किसी परेशानी के आसानी से जमा कर सकते हैं। केंद्र या राज्य सरकार के सभी पेंशनरों को साल में एक बार जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ता है। इससे यह पता चलता है कि पेंशन प्राप्त करने वाला व्यक्ति जीवित है या नहीं।

### पेंशन बंद होने के बाद क्या होगा

नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति नवंबर में अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं करता है तो उसे दिसंबर, 2023 से पेंशन मिलना बंद हो जाएगी। इसके बाद जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के बाद ही पेंशन मिलेगी। अगर आप दिसंबर के बजाय जनवरी में जीवन प्रमाण पत्र जमा करते हैं तो आपको पुराने महीने के पेंशन का एरियर मिल जाएगा। ऐसे में अगर आप चाहते हैं कि आपका पेंशन मिलती रहे तो नवंबर की डेडलाइन खत्म होने से पहले इस काम को पूरा कर लें।

# पर्सनल लोन लेकर कभी न करें दूसरे कार्यों में इन्वेस्ट, होगा बड़ा नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल-फिलहाल के समय में लोगों में लोन लेने की आदत बढ़ी है। कुछ लोग अचानक कोई मुसीबत आने पर लोन लेते हैं। लोग नई कार या घर खरीदने के लिए भी लोन लेते हैं। कई बार लोग कारोबारी जरूरतों के लिए लोन लेते हैं। लोन लेना खराब नहीं है। इससे अक्सर लोगों को फायदा ही होता है, लेकिन कुछ मामलों में लोन लेना भारी पड़ जाता है। यहां एक उदाहरण से बात समझते हैं। मान लीजिए कि आपको कोई इन्वेस्टमेंट पर जबरदस्त रिटर्न का ऑफर देता है या आपको लगता है दूसरी जगह कहीं पैसे निवेश कर हम मोटी कमाई कर सकते हैं तो ऐसे में आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे में आपके ऊपर कर्ज के जाल में फंसने का खतरा रहता है। गैर-जरूरी खर्चों के लिए लोन लेना भी लोगों के कर्ज के जाल में धकेलता है। आइए जानते हैं कि



लोन लेते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। अगर आपकी इनकम लोन चुकाने के लिए पर्याप्त है तो अक्सर आपको पर्सनल लोन मिल जाता है। बैंक आपके लोन एप्लीकेशन को अप्रूव करने से पहले कमाई, नौकरी, क्रेडिट स्कोर, कर्ज चुकाने की क्षमता, पुराने फाइनेंशियल रिकॉर्ड जैसी चीजें परखते हैं। पर्सनल लोन एक अनसिक्योर्ड लोन है। इसलिए कोई एसेट यानी संपत्ति गिरवी रखने की जरूरत नहीं होती है। अनसिक्योर्ड लोन होने की वजह से पर्सनल लोन की ब्याज दरें होम लोन, कार लोन और लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज जैसे सिक्योर्ड लोन से काफी ज्यादा होती है।

### देश में बढ़ेगी 3 लाख से ज्यादा इंजीनियरों की डिमांड

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों, मेक इन इंडिया का प्रभाव और भारतीय इकोनॉमी की ताकत के चलते दुनियाभर की दिग्गज एमएनसी अब भारत में ही अपना प्लांट लगाने की तैयारी कर चुकी हैं। टेस्ला समेत कई ग्लोबल कंपनियां इस संबंध में अपने इरादे समय-समय पर जताती रहती हैं। भारत की तरक्की के रथ पर सवार होकर ये कंपनियां दक्षिण एशियाई बाजारों में भी अपनी मजबूत पकड़ बनाना चाहती हैं। अब तक ज्यादातर आईटी और सर्विस सेक्टर से जुड़े काम ही भारत आते थे। मगर, अब कई कंपनियां अपनी रिसर्च, डिजाईन और इंजीनियरिंग से जुड़े कामों को भी भारत भेजने लगी हैं। इसलिए देश के इंजीनियरों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। एक अनुमान के मुताबिक, इन बदलावों के चलते अगले तीन से चार साल में देश में 3 लाख से भी ज्यादा इंजीनियरिंग जॉब पैदा होंगे। ये नौकरियां एविएशन, ऑटोमोबाइल, टायर, पार्ट्स मेकिंग और इलेक्ट्रिकल सेक्टर में आएंगी।

## विदेश

### डिजिटल कनेक्टिविटी से भविष्य में बढ़ेगा व्यापार : पामेला कोक

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन की संयुक्त एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईटीसी) की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने हाल ही में कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी भविष्य के व्यापार में प्रमुख कारकों में से एक बन जाएगी। उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में चीनी समाचार एजेंसी शिनहुई को दिए एक लिखित साक्षात्कार में यह बात कही। गौरतलब है कि 23 से 27 नवंबर तक दूसरा वैश्विक डिजिटल व्यापार एक्सपो पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत की राजधानी हांगचो में आयोजित हो रहा है। कोक-हैमिल्टन ने कहा कि यह दूसरी बार है कि आईटीसी ने इस एक्सपो में भाग लिया। उम्मीद है कि डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत कर विकासशील देशों में व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। कोक-हैमिल्टन के विचार में डिजिटल अर्थव्यवस्था का चीन पर गहरा प्रभाव पड़ा है और लोगों की जीवनशैली बदल गई है।

## हिंद महासागर में इजराइली जहाज पर ड्रोन से हमला

# अमेरिका ने ईरान पर लगाया आरोप

**एजेंसी। दुबई**

हमास और इजराइल के मध्य युद्ध के बीच हिंद महारासागर में एक संदिग्ध ईरानी ड्रोन ने एक इजराइली अरबपति के कंटेनर पोत पर हमला कर दिया। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने विगत शनिवार को यह जानकारी दी। सीएमए सीजीएम सायमी' पर विगत शुक्रवार को यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब कई सप्ताह से जारी इजराइल-हमास युद्ध के कारण वैश्विक नौवहन को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इजराइल और हमास के बीच समझौते के तहत चार दिवसीय युद्ध विराम प्रभावी हो गया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों और इजराइल में कैद फिलीलस्तीनी नागरिकों की इस युद्ध विराम की अवधि में अदला-बदली की जा रही है। अमेरिका के एक




रक्षा अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि ऐसा संदेह है कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल्टा के ध्वज वाले पोत को बम से लैस त्रिकोण आकार के शहीद-136 ड्रोन ने निशाना बनाया। ड्रोन में विस्फोट के कारण पोत को नुकसान हुआ, लेकिन चालक दल का कोई सदस्य हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने कहा, हम हालात पर निकटता से नजर रख रहे हैं।" अधिकारी ने यह बताने से इनकार कर दिया कि अमेरिकी सेना ऐसा क्यों मानती है कि हमले के पीछे ईरान का हाथ है। राजनीतिक रूप से ईरानी समर्थित लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला से संबद्ध ह्यअल-मायादीन' अरब उपग्रह चैनल ने कहा कि हिंद महासागर में एक इजराइली पोत को निशाना बनाया गया है। चैनल ने इसे लेकर अज्ञात स्रोतों का हवाला दिया, जिसे बाद में ईरानी मीडिया ने भी उद्धृत किया। सायमी का स्वामित्व सिंगापुर स्थित ईस्टर्न पैसिफि क शिपिंग के पास है, जो इजराइली अरबपति इदान ओफर द्वारा नियंत्रित कंपनी है।

### एक ट्वीट ने एलन मस्क को लगाया छह अरब का झटका

**वाशिंगटन।** अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क अपने कई फैसलों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। वो हमेशा आए दिन सोशल मीडिया साइट एक्स पर ट्वीट के जरिए यूजर्स से इंटरेक्ट होते रहते हैं लेकिन इस बार एक ट्वीट करना उन्हें महंगा पड़ सकता है। इसके चलते एलन मस्क की कंपनी को साल के आखिरी तक 75 मिलियन डॉलर यानी 6 अरब रुपए से ज्यादा का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई प्रमुख ब्रांड्स अपने मार्केटिंग अभियान रोक रहे हैं। दरअसल यह सब एलन मस्क के एक पोस्ट के चलते हुआ है। एलन मस्क ने हाल ही में एक यहूदी विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट का समर्थन किया था। इसे लेकर मस्क पर यहूदी विरोध को बढ़ावा देने का आरोप लगा। अमेरिका की सरकार ने भी इसकी आलोचना की थी।

# पाक राष्ट्रपति की कुर्सी खतरे में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को कदाचार" और अपने कर्तव्यों के पालन में निष्पक्षता बनाए रखने में विफलता के लिए राष्ट्राध्यक्ष के पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को गुलाम मुर्तजा खान द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रपति अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने से बच रहे हैं। याचिका में कहा गया, राष्ट्रपति ने संविधान का उल्लंघन किया है और घोर कदाचार किया है, इसलिए, वह राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को जारी रखने के योग्य नहीं हैं और यह घोषित करने की आवश्यकता है कि उन्हें पाकिस्तान के राष्ट्रपति के पद पर बरकरार नहीं रहना



चाहिए। अब राष्टपति की कुसी खतरे में नजर आ रही है। इसमें कहा गया, राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते, कानून के अनुसार काम करना उनका संवैधानिक दायित्व है, लेकिन वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं और अपने शब्दों और आचरण से लगातार संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं। खबर के अनुसार, याचिका में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रपति एक विशेष राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाकर पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं।

## इजराइल ने कहा, संघर्ष विराम के दौरान हमास नेताओं को कोई छूट नहीं

# बड़े नेताओं की हत्या करने का दिया आदेश

**एजेंसी। तेल अवीव**

हमास और इजराइल के बीच चार दिवसीय युद्धविराम जारी है। बंधकों के दो समूहों को शुक्रवार और शनिवार को रिहा किया गया थे। इजराइली सरकार ने अपनी खुफिया एजेंसी मोसाद को हमास के बड़े नेताओं की हत्या करने का आदेश दिया है। इजराइल सरकार के सूत्रों ने बताया कि कतर और मिस्त्र के मध्यस्थों को कोई आश्वासन नहीं दिया गया कि युद्धविराम के दौरान और उसके बाद भी हमास के नेताओं को कोई छूट मिलेगी। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने मीडियाकर्मियों को स्पष्ट रूप से बताया कि हमास के वरिष्ठ नेता, इस्माइल हनीयेह, खालिद मशाल, याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ अंतिम दिन गिन रहे हैं और वे जल्द ही मारे जाएंगे, भले ही वे दुनिया के किसी भी कोने में छुपे हों। हालांकि, इजराइल सरकार के सूत्रों ने



आईएएनएस को बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर को पुष्टि की है कि इन नेताओं को उसकी धरती पर नहीं मारा जाएगा, कतर मध्यस्थता वार्ता में प्रवेश के लिए एक आश्वासन चाहता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इजराइल खलील अल-हया को भी निशाना बना रहा है, जो हमास के पोलित ब्यूरो का सदस्य है और याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बाद सैन्य अभियानों में दूसरे स्थान पर है। 7 अक्टूबर के नरसंहार और दक्षिणी इजराइल में तबाही के लिए जिम्मेदार यही दो व्यक्ति हैं। युद्धविराम के तीसरे दिन में प्रवेश के साथ, सवाल यह है कि क्या इजराइल युद्धविराम के विस्तार के लिए सहमत होगा या सोमवार के बाद सैन्य जमीनी हमले फिर से शुरू होंगे? जानकारी रखने वाले इजराइल के सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्ष संघर्ष विराम को कुछ और दिनों के लिए बढ़ाने और लोगों को रिहा करने पर सहमत हुए हैं।

### 2021 में यूरोप में प्रदूषण से हुई 32 लाख मौतें : रिपोर्ट

**कोपेनहेगन।** यूरोपीय संघ (ईयू) पर्यावरण एजेंसी ने एक रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि वायु प्रदूषण वर्तमान में यूरोप में सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम कारक है। यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी (ईईए) ने रिपोर्ट में कहा, 2021 में वायु प्रदूषक सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अपने वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों में अनुशंसित स्तरों से काफी ऊपर रही। इसमें कहा गया है, वायु प्रदूषण को इन दिशानिर्देश स्तरों तक कम करने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में महत्वपूर्ण संख्या में होने वाली मौतों को रोका जा सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में पाया गया कि 2021 में यूरोपीय संघ के भीतर 320,000 से अधिक मौतें तीन मुख्य वायु प्रदूषक सूक्ष्म कण पदार्थ, ओजोन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड से संबंधित थीं। इसमें कहा गया है कि अगर सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम2.5) की सांद्रता डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप होती तो यूरोपीय संघ में 253,000 मौतों को टाला जा सकता था।

## पाकिस्तान में आम लोगों के लिए भोजन पर भी आफत

# महंगाई ने मचाया चारों तरफ हाहाकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पड़ोसी देश पाकिस्तान लंबे वक्त से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश के हालात समय के साथ और खराब होते जा रहे हैं। महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। लगातार दूसरे हफ्ते देश की मुद्रास्फीति दर 40 फीसदी के ऊपर बनी हुई है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की एक खबर के मुताबिक गैस की बढ़ती कीमतों के कारण देश महंगाई में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिक्स द्वारा जारी किए गए डेटा के अनुसार विगत 23 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में देश की महंगाई दर 41.13 फीसदी दर्ज की गई है। पाकिस्तान में अब लोगों को खाने पर भी आफत आने लगी है। देश में गैस की कीमतें पिछले एक साल में 1,100 रुपये से ज्यादा बढ़ी हैं। पाकिस्तान में गैस के अलावा खाने-पीने की चीजों के दाम में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। देश में



आटे की कीमत में 88.2 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा बासमती चावल 76.6 फीसदी, चावल 62.3 फीसदी, चाय पत्ती 53 फीसदी, लाल मिर्च पाउडर 81.70 फीसदी, गुड़ 50.8 फीसदी और आलू 47.9 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। वहीं देश में प्याज की कीमतें पिछले एक साल में 36.2 फीसदी, टमाटर के दाम 18.1 फीसद, सरसों के तेल 4 फीसदी और वेजिटेबल ऑयल 2.90 फीसदी तक कम हुई हैं। देश का शॉर्ट टर्म इंफ्लेशन, जिसे सेंसिटिव प्राइस इंडिकेटर कहा जाता है, उसमें पिछले एक हफ्ते में 10 फीसदी का उछाल देखने को मिला है और यह 308.90 की तुलना में 309.09 फीसदी तक पहुंच गया है। पाकिस्तान के 17 प्रमुख शहरों के 50 मार्केट में से 51 जरूरी चीजों के दाम को शामिल करके इस डेटा को तैयार किया जाता है। पीबीएस के मुताबिक देश में 18 जरूरी चीजों के दाम में बढ़ोतरी हुई है, वहीं 12 चीजें के दाम सस्ते हुए हैं और 21 चीजों के दाम अपने पुराने स्तर पर बने हुए हैं। पाकिस्तान में मई 2023 के बाद से महंगाई दर में लगातार गिरावट देखी गई है।

ज्ञान की बात

वक्त कहता है मैं किसी का नहीं, ना कोई मेरा है, ना मैं किसी का । जो कोई मुझे अहमियत दी उसकी मैं जिंदगी संवार दूं और जो कोई मुझे अहमियत ना दे उसका मैं सब कुछ छीन लूं।

– अज्ञात




# जेल मैन्युअल में सुधार हो

***भारतीय*** जेल के अपने नियम हैं। यहां एक दिन को डेढ़ दिन नहीं बल्कि एक दिन गिना जाता है। सिवाय इसके कि दिनों की अवधि दो दिन या उससे कम होती है। एक दिन की सजा का मतलब है कि दोषी व्यक्ति को उसी दिन रिहा कर दिया जायेगा। जब सूर्यास्त से पहले भर्ती किया गया था। दो दिन की सजा का मतलब है कि दोषी को अगले दिन सुबह रिहा कर दिया जायेगा। यह नियम सदियों से हैं। एक प्रकार से पहले से चली आ रही परंपरा और नियमों को चेक करने की जरूरत है। तभी जाकर जेल में बंद अराजक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सकता है। आज कल जेल अपराधियों के आरामगृह बनते जा रहे हैं। राज्य के होटवार जेल शनिवार को निरीक्षण क्रम में खैनी,सिगरेट व गुटखा की बिक्री सुरक्षा व्यवस्था की पोल खालने के लिए काफी है। सुरक्षा के लिहाज से इन ा हैं। इनमें कई प्रभावी लोग भी हैं। ऐसे लोग पदाधिकारी पर अपना रौब जमाकर कानून की धज्जियां उड़ाते हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसने की जरूरत है। ऐसी घटनायें कई जगहों पर घट चुकी हैं। लो हैं। इनमें कई प्रभावी लोग भी हैं। ऐसे लोग पदाधिकारी पर अपना रौब जमाकर कानून की धज्जियां उड़ाते हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसने की जरूरत है। ऐसी घटनायें कई जगहों पर घट चुकी हैं। लेकिन दुख की बात कि उन अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती है। ऐसी स्थिति में जेल के अंदर कानून का राज लाना जरूरी है। भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई जरूरी है। ऐसे लोगों के कारण ही अपराधियों के मनोबल बढ़े हुए हैं। पूर्व में भी छापामारी के दौरान नशीले पदार्थ मिलते रहे हैं। जेलों में समानांतर सत्ता को ध्वस्त करना जरूरी है। इसके लिए नित्य चौकसी जरूरी है। साथ ही उन पदाधिकारी को चिन्हित किये जाने की जरूरत है जो आदतन अपराधियों का साथ देते हैं। अब समय आ गया है कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कायदे कानून को बदला जाये। अपराधियों के साथ नरमी अच्छी बात नहीं है। उनके मनोबल को तोड़ यह बताना जरूरी है कि यहां कानून का राज है। उनके बाप की जागीर यह जगह नहीं है। यह कारावास है। जहां उन्हें उनके गुनाहों की सजा जेल मैन्युअल के आधार पर मिल रही है। नियम और सजा के प्रावधान के तहत अगर कोई दिक्कत है तो उस पर बहस होनी चाहिए। ऐसा इसलिए कि इस जगह को बाजार की मंडी समझने वाले उन रसूखदार लोगों को यह समझ आ जाये कि यह जेल है। लेकिन ऐसा देखा जाता है कि जेल में बंद अपराधी बदस्तूर अपनी दुकानदारी चलाते हैं। यह सही नहीं है। यहां से बड़े-बड़े टेंडर मैनेज होते हैं। रंगदारी की मांग की जाती है। यह जगह अपराधी और रसूख रखने वाले लोगों के लिए आरामगृह बना हुआ है। इससे शर्मनाक और बात क्या हो सकती है। इसलिए अविलंब सरकार ऐसे तत्वों पर लगाम लगाये। नरमी का ही नतीजा है कि अपराधियों के दो गुट आपस में भिड़ जाते हैं। यही नहीं जेल में हत्या भी हो जाती है। ऐसे में पहले के बने नियमों में बदलाव हो। साथ ही अपराधियों के साथ कठोर से कठोर कार्रवाई जेल मैन्युल के तहत हो। तभी जाकर समाज में अच्छे संदेश जायेगें।

**आज कल जेल अपराधियों के आरामगृह बनते जा रहे हैं। राज्य के होटवार जेल शनिवार को निरीक्षण क्रम में खैनी,सिगरेट व गुटखा की बिक्री सुरक्षा व्यवस्था की पोल खालने के लिए काफी है। सुरक्षा के लिहाज से इन ा हैं। इनमें कई प्रभावी लोग भी हैं। ऐसे लोग पदाधिकारी पर अपना रौब जमाकर कानून की धज्जियां उड़ाते हैं।**

# ढोंगी साधुओं के लिए एक आईना हैं गुरुनानक देव





ललित गर्ग

***परम*** सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित कर समस्त प्राणी जगत को एकता के सूत्र में बांधने वाले 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता का पाठ पढ़ाया, धर्म का वास्तविक स्वरूप स्थापित किया। समाज-सुधारक एवं रहस्यवादी संत नानकदेवजी ने समाज में समानता का उद्घोष करते हुए ईश्वर को पिता कहा। उनके अनुसार हम हम सब ईश्वर के बच्चे हैं, जिनकी निगाह में कोई छोटा-बड़ा नहीं है, कोई ऊंच-नीच नहीं है, कोई जाति-पाती नहीं है। अपनी गुरुवाणी 'जपुजी साहब' में वे कहते हैं कि 'नानक उत्तम-नीच न कोई' अर्थात ईश्वर की निगाह में सब समान है। उन्होंने जात-पात को समाप्त करने एवं सभी को समान दृष्टि से देखने के लिये ही 'लंगर' की प्रथा प्रारंभ की, जहां सब छोटे-बड़े एवं अमीर-गरीब एक ही पंगत में बैठकर भोजन करते हैं। गुरु नानकदेवजी सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रेरक संतपुरुष एवं हिन्दू-मुसलमानों के बीच एक सेतु थे। हिन्दुओं के लिये वे गुरु एवं मुसलमानों के लिये पीर थे। समस्त मानवता के लिये वे एक फरिश्ता थे। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव इंसानियत की प्रेरक मिसाल है। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन नानक देव का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। इस वर्ष गुरु नानक जयंती 27 नवंबर को मनाई जा रही। गुरु नानक जयंती को सिख समुदाय बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाता है। यह उनके लिए दीपावली जैसा ही पर्व होता है। इस दिन गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन किये जाते हैं। जगह-जगह लंगरों का आयोजन होता है और गुरुवाणी का पाठ किया जाता है। उनके लिये यह दस सिक्ख गुरुओं के गुरु पर्वों या जयन्तियों में सर्वप्रथम है। नानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। नानक जयन्ती पर तीन दिन का अखण्ड पाठ, जिसमें सिक्खों की धर्म पुस्तक 'गुरु ग्रंथ साहिब' का पूरा पाठ बिना रुके किया जाता है। मुख्य कार्यक्रम के दिन गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों से सजाया जाता है और एक बेड़े (फ्लोट) पर रखकर जुलूस के रूप में पूरे गांव या नगर में घुमाया जाता है। शोभायात्रा में पांच सशस्त्र गार्ड, जो 'पंज प्यारों' का प्रतिनिधित्व करते हैं, अगुवाई करते हैं। निशान साहब, अथवा उनके तत्व को प्रस्तुत करने वाला सिक्ख ध्वज भी साथ में चलता है। पूरी शोभायात्रा के दौरान गुरुवाणी का पाठ किया जाता है, अवसर की विशेषता को दर्शाते हुए, धार्मिक भजन गाये जाते हैं। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता एवं धर्मगत संकीर्णताओं को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। उनका जोर इस बात पर रहा कि एक छोटी-सी चीज भी व्यक्ति के रूपांतरण का माध्यम बन सकती है। वे किसी भी शास्त्र को नहीं जानते थे, उनके अनुसार जीवन ही सबसे बड़ा शास्त्र है। जीवन के अनुभव ही सच्चे शास्त्र है। शास्त्र पुराने पड़ जाते हैं, लेकिन जीवन के अनुभव कभी पुराने नहीं पड़ते। नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। पुत्र नानक को गृहस्थ जीवन में लगाने के उद्देश्य से पिता ने जब उन्हें व्यापार हेतु कुछ रुपए दिये तब उन्होंने समस्त रुपए साधु-संतों व महात्माओं की सेवा-सत्कार में खर्च कर दिये। उनकी दृष्टि में साधु-संतों की सेवा से बढ़कर लाभकारी सौदा और कुछ नहीं हो सकता था। नानक देवजी का धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। आपका न केवल बाहरी व्यक्तित्व बल्कि आंतरिक व्यक्तित्व भी विलक्षण एवं अलौकिक है। वे इस देश के ऐसे क्रांतद्रष्टा धर्मगुरु हैं, जिन्होंने देश की नैतिक आत्मा को जागृत करने का भगीरथ प्रयत्न किया। सामाजिक कुरूढ़ियों को बदलने के लिए किये गये उनके सत्प्रयत्न सदैव स्मरण किये जायेंगे। उन्होंने जड़ उपासना एवं अंध क्रियाकाण्ड तक सीमित मृतप्रायः धर्म को जीवित और जागृत करके धर्म के शुद्ध, मौलिक और वास्तविक स्वरूप को प्रकट करने में अपनी पूरी शक्ति लगाई। धर्म के बंद दरवाजों और खिड़कियों को खोलकर उसमें ताजगी और प्रकाश भरने का दुःसाध्य कार्य किया। आधुनिक धर्म के नये एवं क्रांतिकारी स्वरूप को प्रकट करने का श्रेय नानकदेवजी को जाता है। गुरुनानकजी का धर्म जड़ नहीं, सतत जागृति और चैतन्य की अभिक्रिया है। जागृत चेतना का निर्मल प्रवाह है। उनकी शिक्षाएं एवं धार्मिक उपदेश अनंत ऊर्जा के स्रोत हैं। शोषण, अन्याय, अलगाव और संवेदनशून्यता पर टिकी आज की समाज व्यवस्था को बदलने वाला शक्तिस्रोत वही है। धर्म के धनात्मक एवं गतिशील तत्व ही सभी धर्म क्रांतियों के नाभि केन्द्र रहे हैं। वे ही व्यक्ति और समाज के समन्वित विकास की रीढ़ है। ये व्यक्ति के शरीर, मन, प्राण और चेतना को प्रभावित करते हैं। व्यक्ति-व्यक्ति का स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ जीवन ही स्वस्थ समाज की आधारिशला है और ऐसी ही स्वस्थ जीवन पद्धति एवं धर्म का निरुपण गुरुनानक देव न किया है। गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। आपने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई० में अमरत्व को प्राप्त कर गए। परन्तु उनकी मृत्यु के पश्चात भी उनके उपदेश और उनकी शिक्षा अमरवाणी बनकर हमारे बीच उपलब्ध हैं जो आज भी हमें जीवन में उच्च आदर्शों हेतु प्रेरित करती रहती हैं। सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुन्ध जग चानण होया' सिख धर्म के महाकवि भाई गुरदासजी ने गुरु नानक के आगमन को अंधकार में ज्ञान के प्रकाश समान बताया। निश्चित ही वे असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक पुरुष हैं। गुरुनानक देवजी ने स्वयं किसी धर्म की स्थापना नहीं की।

**गुरु नानकदेवजी सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रेरक संतपुरुष एवं हिन्दू-मुसलमानों के बीच एक सेतु थे। हिन्दुओं के लिये वे गुरु एवं मुसलमानों के लिये पीर थे। समस्त मानवता के लिये वे एक फरिश्ता थे।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि अत्री की कहानी*

***ऋग्वेद*** के दशम मण्डल में महर्षि अत्रि के तपस्या अनुष्ठान का वर्णन है एवं अश्विनीकुमारों ने इन्हें यौवन प्रदान किया इस तथ्य को व्यक्त किया गया है। ऋग्वेद के पंचम मण्डल में वसूयु, सप्तवध्रि नामक अनेक पुत्रों को ऋषि अत्रि के पुत्र कहा गया है। ऋग्वेद के पंचम 'आत्रेय मण्डल', 'कल्याण सूक्त' ऋग्वेदीय 'स्वस्ति-सूक्त' महर्षि अत्रि द्वारा रचित हैं यह सूक्त मांगलिक कार्यों, शुभ संस्कारों तथा पूजा, अनुष्ठानों में पठित होते हैं इन्होंने अलर्क, प्रह्लाद आदि को शिक्षा भी दी थी। महर्षि अत्रि त्याग, तपस्या और संतोष के गुणों से युक्त एक महान ऋषि हुए। मुनि अत्रि ब्रह्मा के मानस पुत्र थे जो ब्रह्मा जी के नेत्रों से उत्पन्न हुए थे। यह सोम के पिता थे जो इनके नेत्र से आविर्भूत हुए। इन्होंने कर्दम की पुत्री अनुसूया से विवाह किया था जो एक महान पतिव्रता के रूप में विख्यात हुईं हैं। पुत्रोत्पत्ति के लिए इन्होंने ऋक्ष पर्वत पर पत्नी अनुसूया के साथ घोर तप किया था जिस कारण इन्हें त्रिमूर्तियों की प्राप्ति हुई जिनसे त्रिदेवों के अशं रूप में दत्त (विष्णु) दुर्वासा (शिव) और सोम (ब्रह्मा) उत्पन्न हुए।

**(समाप्त)**

### आइये सुने कथा ऋषि जमदग्नि की

***ऋषि*** भृगु की वंशावली वास्तव में शानदार हैः च्यवन, जमदग्नि, परशुराम आदि। ऋषि भृगु को पुलोमा के माध्यम से च्यवन मिले और च्यवन से एक पुत्र रुचीक का जन्म हुआ, जिसने राजा कुसिक के पुत्र गाधि की बेटी सत्यवती से विवाह किया। इस शादी के बारे में हमारे पास एक दिलचस्प कहानी है। जब ऋषि रुचिक ने सत्यवती का हाथ मांगने के लिए राजा गाधि से संपर्क किया, तो राजा ने ऋषि के सामने एक शर्त रखी कि अगर ऋषि उन्हें शरीर के रंग में सफेद लेकिन काले कानों के साथ एक हजार घोड़े देंगे तो वह अपनी बेटी से शादी करेंगे।

**(क्रमशः)**

# चीन में रहस्यमय बीमारी नई महामारी की तैयारी



ऋतुपर्ण दवे

***एक*** बार फिर पूरी दुनिया चीन में बच्चों में फैली रहस्यमय बीमारी को लेकर बेहद खौफजदा है। ढीठ चीन पहले की तरह ऐंठा हुआ है कि किसी नई बीमारी के संकेत वहां नहीं मिले हैं। जो हैं सभी पहले से मालूम बैक्टीरिया-वायरस हैं जो बच्चों में फैल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीजिंग से पूछा तो उसने बताया कि कुछ भी असामान्य नहीं है। यह साधारण बीमारी है। लेकिन उसकी चालबाजी यहीं समझ आती है कि जब बीमारी सामान्य है तो फिर क्यों विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड पाबंदियों को हटाना, इन्फ्लूएंजा, बच्चों में एक आम जीवाणु संक्रमण यानी माइकोप्लाज्मा निमोनिया और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस यानी आरएसवी को बताते हैं? कहीं चीन बीमारी की सच्चाई जानकर भी दुनिया को दोबारा धोखा देने की फिराक में तो नहीं? क्यों विश्व स्वास्थ्य संगठन भी लोगों से अपील कर रहा है कि साफ-सफाई का ध्यान रखें और श्वांस संबंधी किसी भी लक्षणों पर तुरंत डॉक्टर से मिलें। पड़ोसी नेपाल ने न केवल अलर्ट जारी किया बल्कि बीमारी की जानकारी न देने पर चीन से नाराजगी भी जताई है। कोविड-19 सरीखे लक्षणों वाली नई बीमारी के चीन में जितने भी टेस्ट हुए हैं उनमें चीन ने कोरोना को खारिज किया है। लेकिन क्यों विशेषज्ञ इतने दिनों के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं? बीमारी कैसे फैल रही है? इसे लेकर बीजिंग खामोश है। इसी 13 नवंबर को उसके राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया था कि वहां एक नया संक्रमण तेज फैल रहा है। बच्चे ज्यादा चपेट में आ रहे हैं। उत्तरी भागों में पिछले तीन बरसों के मुकाबले इस अक्टूबर मध्य से एकाएक तेजी से इस बीमारी ने पैर पसारा। इन्फ्लूएंजा अमूमन जल्द काबू आता है। जब नहीं आया तब 21 नवंबर को सार्वजनिक रोग निगरानी प्रणाली (प्रोमेड) ने उत्तरी चीन में रहस्यमय न्यूमोनिया जैसी बीमारी सार्वजनिक की। देखते-देखते अस्पताल मरीजों से भरने लगे, जो रुकने का नाम ही ले रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन को चेताया कि बीमारी के जोखिम को कम करने खातिर टीकाकरण और मरीजों से जरूरी दूरी बनाकर क्वारांटाइन करें और जांच करायें। मास्क पहनने और नियमित रूप से हाथ धोने जैसी बातों का पालन हो। भारत सतर्क है लेकिन ज्यादा कुछ कहने से गुरेज कर रहा है। यह संक्रमण महामारी बनेगा या नहीं? यह भविष्य के गर्त में है। यह सही है कि पिछले दो-तीन माहों से भारत में बुखार का एक अजीब दौर दिख रहा है, जिसमें मरीज को पूरी तरह से ठीक होने में 10 से 15 दिन लग रहे हैं। ऊपर से पूरा शरीर टूटता है तथा जबरदस्त कमजोरी के साथ खांसी की शिकायत भी रहती है। चीन का रहस्यमय इन्फ्लूएंजा भी भारी पड़ रहा है। चिकित्सक भी सलाह देते हैं कि ऐसी कोई भी बीमारी या मिलते-जुलते लक्षण दिखें तो तुरंत जांच व परामर्श लिया जाय। प्रायः वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण बुखार पैदा करता है जो ठंड में या दूसरे मौसम में भी संभव है। इसमें नाक बहना, खांसी, सांस की लघुता यानी शॉर्टनेस ऑफ ब्रीद (एसओबी), उल्टी और दस्त भी हो सकता है। सभी मामलों में जरूरी नहीं कि यही लक्षण हों। इसके कई दूसरे कारण भी हो सकते हैं जैसे एडेनो वायरस, इन्फ्लूएंजा वायरस, एंटरोवायरस, राइनोवायरस और कोविड वायरस जैसे तमाम वायरस जिम्मेदार हैं। वहीं कुछ सामान्य से बैक्टीरिया और कुछ असामान्य बैक्टीरिया जैसे स्पाइरोकेट्स जिससे सिफलिस और लाइम रोग तो लेप्टोस्पाइरासे नाक, मुंह, आंखों में जानवरों के मल-मूत्र से दूषित पानी या मिट्टी के चोटिल त्वचा पर लगने से फैल कर जीवन-घातक बीमारियों में बदल जाता है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने अजीब चीनी निमोनिया को लेकर तमाम मीडिया रिपोर्ट्स और ग्लोबल संक्रामक रोग मॉनिटरिंग सर्विस की रिपोर्टों का हवाला दिया है। यह भी कहा है कि सभी सांस के संक्रमण के मामले नहीं हैं जो चिंताजनक है।


**कोविड-19 सरीखे लक्षणों वाली नई बीमारी के चीन में जितने भी टेस्ट हुए हैं उनमें चीन ने कोरोना को खारिज किया है। लेकिन क्यों विशेषज्ञ इतने दिनों के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं?**

रहस्यमय बीमारी

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में यंग माइंड्स की भागीदारी



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा वर्ग एक अहम भूमिका निभाता है। युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक रूप से किसी भी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में सक्षम होता है। हर व्यक्ति जीवन के इस दौर से गुजरता है। युवाओं को उच्चस्तर की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और विभिन्न क्षेत्रो में अपना योगदान देना चाहिए। किसी भी राष्ट्र में कुल जनसंख्या का 20-30 जबकि भारत में विशेष रूप से 65 प्रतिशत हिस्सा युवा हैं। किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है। राष्ट्र की प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य, प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में विकासपर निर्भर होती है। इन सभी मानदंडों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवा का सशक्तीकरण आवश्यक है। युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। आज इस विषय पर अलग अलग शब्द सीमा में हम आपके लिए कुछ निबंध लेकर आये हैं जिनके माध्यम से आप इस विषय को बेहतर ढंग से समझ पायेंगे। जिस तरह से इंजन को चालू करने के लिए इंधन जिम्मेदार होता है; ठीक उसी तरह युवा राष्ट्र के लिए है। यह राष्ट्र की प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। जब युवा अपने प्रयासों के साथ ईमानदारी से यही काम करता हैं, तो इसे चिह्नित किया जाता है। भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जिन्हें यदि बेहतर तरह से पोषित किया जाये और अगर ये अपना प्रयास सही दिशा में लगाते हैं, तो यह देश पूरी दुनिया में सबसे उत्कृष्ट बन जायेगा। चूंकि आज विकसित भारत बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी जरूरी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे युवा जब ऊजार्वान प्रेरित अभिप्रेरित होंगे तो उनके प्रदर्शन करने की क्षमता अनंत होगी। दुनियां में जहां भी बदलाव हुए हैं वहां तरुणाई ने हमेशा नेतृत्व किया है। साथियों बात अगर हम युवाओं पर नेल्सन मंडेला की कहावत की करें तो, उनकी एक खूबसूरत कहावत है कि, आज के युवा कल के नेता हैं, जो हर एक पहलू में सही लागू होता है। युवा राष्ट्र के किसी भी विकास की नींव रखता है। युवा एक व्यक्ति के जीवन में वह मंच है, जो सीखने की कई क्षमताओं और प्रदर्शन के साथ भरा हुआ है। युवाओं की शक्ति राष्ट्र का सर्वांगीण विकास और भविष्य, वहां रहने वाले लोगों की शक्ति और क्षमता पर निर्भर करता है और इसमें प्रमुख योगदान उस राष्ट्र के युवाओं का है। युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। साथियों बात अगर हम युवाओं पर भारत की करें तो भारत लोकतंत्र की जननी है। देश की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें अपनी विविधता को सबसे बड़ी ताकत बनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से जुटना होगा। वर्तमान समय की यह बड़ी उपलब्धि रही है कि देशवासियों में भारतीयता की सामूहिक चेतना का पुर्नजागरण हुआ है। इसी सामूहिक चेतना के कारण भारत के विकसित राष्ट्र का संकल्प और मजबूत हो रहा है। आज जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाला भारत पहला राष्ट्र है। आज समूचा विश्व भारत की तरफ गर्व और अपेक्षा से देख रहा है। वर्तमान कुशल नेतृत्व और त्वरित निर्णय शक्ति के कारण आज दुनिया के शक्तिशाली देश भी तमाम समस्याओं के समाधान के लिए भारत को मार्गदर्शक के तौर पर देखने लगे हैं।

**युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है।**

युवा

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### प्रेमी संग जेवर लेकर बेटी फरार, परिजनों ने तोड़ा रिश्ता



**बरेली।** सुभाषनगर क्षेत्र की एक किशोरी घर में रखे रुपये और जेवर लेकर प्रेम संग फरार हो गई। इसपर पिता ने बेटी से रिश्ता तोड़ लिया। पिता ने मामले में प्रेमी और उसके परिवार के छह सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी को सौरभ 21 नवंबर को भगा ले गया। बेटी घर में रखे 70 हजार रुपये और जेवर ले गई। बताया कि बेटी को भगाने में सौरभ के अलावा उसके भाई पप्पू, मनोज, नितिन, सौरभ की भाभी मंजू, गुंजा और सौरभ के बहनोई किला निवासी विजय का हाथ है। अब बेटी से किसी प्रकार का संबंध नहीं रखना चाहते हैं। वह केवल अपना रुपये और जेवर वापस लेना चाहते हैं।

### दुकान में लगी आग में झुलसकर दुकानदार की मौत

**अररिया।** जिले के पलासी बाजार के एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में देर रात्रि करीबन ढाई बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें दस लाख रुपए मूल्य के समान के साथ दुकानदार दिनेश चौधरी झुलस गया वह दुकान के अंदर ही सोया हुआ था और आगजनी के चपेट में स्वयं आ गया और झुलसने से उनकी मौत हो गई सूचना के बाद अहले सुबह पलासी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया और पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर मृतक के बेटे सनम चौधरी ने रविवार को बताया कि दुकान के दूसरे मंजिल पर उनका आवास है और देर रात्रि इन्वर्टर के आवाज करने एवं धुंध फैलने पर नीचे उतरने के बाद दुकान में आग लगा पाया। दुकान के अंदर सो रहे उनके पिता दरवाजा अंदर से बंद किए हुए थे।

### हैदराबाद को भाग्यनगर और महबूबनगर को पलामूरु करने का योगी का वादा

**महबूबनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से तेलंगाना के चुनावी रण में उतर गए। हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर करने का वादा करने के बाद, योगी ने रविवार को कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो तेलंगाना के महबूबनगर का नाम बदलकर पलामूरु कर दिया जाएगा। महबूबनगर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह माफिया राज के खिलाफ लोगों को आगाह करने और महबूबनगर को पलामूरु के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए तेलंगाना आए हैं। शनिवार को कुमराम भीम आसिफाबाद जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अगर बीजेपी तेलंगाना में सत्ता में आई तो हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर कर देगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी शुक्रवार को कहा था कि तेलंगाना में सत्ता में आने के 30 मिनट के भीतर भाजपा हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर कर देगी।

---

पिता की हत्या के बाद बेटों ने रची साजिश; मां भी साथ

# पोस्टमार्टम से खुला कत्ल का राज





**एजेंसी। रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र से एक खौफनाक वारदात सामने आई है। बीते दिनों यहां पर रहने एक शख्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जब जांच शुरू की, तब हत्या की आशंका जताई थी। लेकिन पूछताछ में मृतक के दोनों बेटे और उसकी पत्नी कुछ अलग ही कहानी सुना रहे थे। उसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृतक की मौत के राज का पदार्फाश हो गया।

परिजनों ने झूठी कहानी सुना पुलिस को किया गुमराह

दरअसल, 16 नवंबर की सुबह चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम खड्डा में रामानंद नाम के शख्स की लाश उसके घर के सामने पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तो मृतक के शरीर पर कई गंभीर घाव के निशान पाए गए। पुलिस की टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठे कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया और मामले की तफ्तीश में जुट गई। पुलिस ने जब मृतक के परिजनों से पूछताछ शुरू की तो कहानी कुछ और ही निकल कर समाने आई। पुलिस टीम ने मृतक की पत्नी और दोनों बेटों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मृतक रामानंद रोज शराब के नशे में घर पहुंचता था। 15 नवंबर की देर रात भी वह शराब के नशे में था और वह घर के बाहर ही सो गया होगा, जिसकी जानकारी घर के लोगों को नहीं हो पाई। सुबह जब उन्हें जानकारी हुई तो वह घर के बाहर मृत अवस्था मिले। परिजनों के बयान के बाद भी पुलिस को संदेह था।

### पुलिस को गुमराह करने की रची साजिश


अपराध से बचने के लिए आरोपी दोनों बेटों ने साजिश रची। इस साजिश में उनके साथ मृतक की पत्नी ने भी अपने बेटों का साथ दिया। मृतक के परिजनों ने देर रात उसके शव को घर के बाहर फेंका और घर के अंदर चले गए। सुबह होते ही जब आसपास के लोगों ने शव को देखा तो क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। उसके बाद मृतक के बेटे और पत्नी भी घर से बाहर निकले। स्थानीय लोगों की नजर में मृतक के बेटे और पत्नी घटना से पूरी तरह अंजान बन गए। रीवा सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने अंधी हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक के दोनों बेटों ने मिलकर पिता की हत्या की थी। वहीं, पत्नी ने साक्ष्य मिटाने में बेटों का साथ दिया। पुलिस को झूठी कहानी सुनाकर गुमराह करने का प्रयास किया। लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

---

### दादा के शव को बाइक से ले जाना पड़ा गांव अस्पताल प्रशासन चुप

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिला अस्पताल से मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। जिला अस्पताल में रविवार की सुबह धुरवार निवासी ललुईया बैगा (56) की मौत हो गई थी। यहां परिजनों को शव ले जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिला। इस कारण पोता बाइक से ही अपने दादा का शव लेकर जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर अपने गांव रवाना हो गया। इस घटना के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन एक फिर कटघरे में हैं। बाइक से जिस तरह वृद्ध के शव को ले जाया गया, उसके मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, जिला अस्पताल परिसर में ही बुजुर्ग के शव को जब बाइक पर रखा जा रहा था, तब उसके पैर को फुटरेस्ट में जमाया गया। उसके बाद बाइक पर एक-एक कर चालक और शव समेत चार लोग सवार हो गए। फिर अस्पताल परिसर से धुरवार गांव के लिए रवाना हो गए।

### संत गुरुनानक जयंती के अवसर पर संत समागम सत्संग आयोजित



**एजेंसी। सहरसा**

शहर के पटेल मैदान मे संत गुरुनानक साहब के जयंती के अवसर पर संत समागम सत्संग का आयोजन रविवार को हुआ प्रचार प्रसार प्रमुख चन्दन वर्मा ने बताया सत्संग मे सभी आश्रम के व्यवस्थापक बाबा तथा अन्य साधु संत पधारे थे। स्वामी देवव्रत बाबा की अध्यक्षता मे आगामी संत समागम महोत्सव का भव्य आयोजन 18 फरवरी को करने का निर्णय लिया गया। सत्संग व बैठक मे महिषी विधायक गुंजेश्वर साह, स्वामी अनुभवानंद बाबा,स्वामी शंकर बाबा, स्वामी ज्ञानानंद बाबा, स्वामी महेशानंद बाबा, अखिलेश बाबा,विनोद बाबा व अन्य साधु संत व श्रद्धालु मौजूद थे। आगामी आयोजन बैठक महर्षि मेंहीं ह्रदय धाम चन्दौर सौरबाजार आश्रम मे 7 जनवरी 2024 को होना तय हुआ है। गुरु नानक जयंती के पूर्व संध्या मे पटेल मैदान स्थित बगल के सात पोखर पर दिया जलाकर गुरुवाणी के साथ संत समागम प्रकाश पर्व मनाया गया।

---

भीम संसद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने, कहा

# भीड़ को देखकर दिल्ली में बैठे लोगों में हो रही हलचल

**एजेंसी। पटना**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के भीम संसद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को कहा कि आज यहां पर उपस्थित भीड़ को देखकर दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही है। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ इस ग्राउंड में पहले नहीं देखी गई। नीतीश कुमार ने कहा कि दो लाख से कम लोग यहां जमा नहीं हुए हैं। मैं आपकी सेवा करता हूं। आपकी इतनी संख्या देखकर मैं और सेवा करूंगा। आजकल जो लोग दिल्ली में राज कर रहे हैं। हर चीज को प्रचारित करते हैं, वो इस भीड़ को देख लीजिए। इसके साथ कल अपना वाला देख लिजिएगा। उनका तो बोगस कार्यक्रम ना हुआ। देख लीजिए हम लोगों की पार्टी के कार्यक्रम में कितना फर्क है। सीएम ने जातीय गणना की बातों की चर्चा करते हुए कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 में हम आए, तब से हमारी पार्टी गरीबों दलितों के लिए ही काम करती आ रही है और उसे लाभी पहुंचाने का प्रयास किया गया है। हमने जातीय गणना करवाई। केंद्र से भी कहा था लेकिन वो नहीं माने तो हमने बिहार में करवाया। गणना के बाद आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। सीएम ने कहा कि जरा देख लीजिए हम लोग के यहां कितना भीड़ है और उसके पास कितना भीड़ था। आप जानते हैं जब कभी भी दलित को लेकर अखबार या कहीं भी कुछ देखते थे तो सभी दिन हम अधिकारियों से चर्चा करते थे और इसकी जानकारी लेते थे। आज देख लीजिए हम लोगों का कहीं कोई प्रचार हो या नहीं हो इतना लोग का भीड़ है। हम सभी लोगों के साथ हैं। समाज के सभी लोगों का हम सेवा करते हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो शुरू से ना इन लोगों के बारे में बोलते रहे हैं जी। इन लोगों को पहले किसी ने ध्यान दिया था। दलितों के लिए तो हम ही लोगों ने सब काम शुरू किया।





**वर्ष 2005 में हम आए, तब से काम ही कर रहे हैं। अब तक हमारी पार्टी गरीब और दलितों के लिए ही काम करती आ रही है**

### प्रेमिका की नृशंस हत्या कर प्रेमी ने खुद भी खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**एजेंसी। कानपुर**

कानपुर में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई। यहां एक प्रेमी ने प्रेमिका की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी प्रेमी ने खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में प्रेमी को हैलट अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के वक्त मृतका अपने जीजा के साथ बाइक से घर जा रही थी। इसी दौरान हाईवे पर प्रेमी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। प्रेमी ने प्रेमिका की नृशंस हत्या की। चाकू से उसकी पूरी गर्दन अलग कर दी। घटनास्थल के पास से पुलिस ने कुल्हाड़ी और चाकू बरामद किया। बता दें कि, रविवार सुबह गदनपुर अहार गांव निवासी सन्नो का सुरेश कश्यप के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रविवार सुबह वह अपने जीजा के साथ बाइक से कही जा रही थी। इसी दौरान हाईवे पर पहले से ही घात लगाए प्रेमी सुरेश ने बाइक रोककर ताबड़तोड़ प्रहार कर सन्नो की हत्या कर दी। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी प्रेमी सुरेश ने खुद भी जहरीला पदार्थ निगल लिया। आनन-फानन में उसे भी हैलट अस्पताल लाया गया। जहां उसे भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई।

### बांग्लादेशी मतदाताओं पर तृणमूल नेता की टिप्पणी को लेकर बंगाल भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**कोलकाता।** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने एक सार्वजनिक बैठक में जिला स्तर के तृणमूल कांग्रेस नेता की हालिया टिप्पणी, जहां उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की थी, के खिलाफ यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के माध्यम से भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) से संपर्क किया है। भाजपा के तीन नेताओं, सिसिर बाजोरिया, अभिजीत दास और प्रताप बंद्योपाध्याय ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात लोकसभा क्षेत्र के लिए तृणमूल कांग्रेस के संगठनात्मक जिला अध्यक्ष रत्ना विश्वास पर बांग्लादेशी से पूछने का आरोप लगाते हुए पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय को शिकायत भेजी है। उक्त लोकसभा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को यथाशीघ्र मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की गई है।

---

काशी में एक करोड़ एक लाख पार्थिव शिवलिंगार्चन का विश्वरिकॉर्ड

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज



**एजेंसी। वाराणसी**

वाराणसी ने रविवार को एक विश्वरिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। एक साथ एक करोड़ एक लाख पार्थिव शिवलिंगों का पूजन करके गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर लिया है। वाराणसी में एक करोड़ एक लाख पार्थिव शिवलिंग बनाने और द्वादश ज्योतिर्लिंग का पूजन करने का विश्वरिकॉर्ड बन गया। रविवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम आई और पार्थिव शिवलिंगों की संख्या की जांच की। बता दें कि शनिवार को भी कृष्ण कौडिन्य शर्मा के आचार्यत्व में वैदिक विद्वानों ने पार्थिव शिवलिंगों का पूजन किया। ब्रह्मर्षि साम्वेद शर्मा का शिवतत्व पर प्रवचन हुआ। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष टी रामचंद्र, साईं वैदिक विद्वान चंद्रशेखर घनपाठी, वास्तु विशेषज्ञ प्रो. प्रकाश मिश्र, डॉ. संजय गर्ग, डॉ. रितु गर्ग, उद्यमी प्रदीप अग्रवाल को सम्मानित किया। कार्तिक मास में पहली बार विश्व में एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग का अर्चन किया गया। साथ ही नवरत्न, नवधान्य और बाणलिंग का भी पूजन हुआ। विश्व कल्याण और धर्म रक्षा के लिए ये अनुष्ठान नौ दिनों तक चलेगा और आज गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हो गया है। 19 से 27 नवंबर तक यह अनुष्ठान शिवाला घाट स्थित चेतसिंह किले में हो रहा है।

### मप्रः शोभायात्रा के साथ सांची में दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव संपन्न

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं बौद्ध अनुयायियों के तीर्थ स्थल सांची में दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव रविवार शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। इस बार महाबोधि महोत्सव में श्रीलंका, थाईलैंड, जापान समेत अन्य देशों से भक्तगण शामिल हुए। इस दौरान यहां दो दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया, जिसका देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने जमकर लुत्फ उठाया। बता दें कि महाबोधि महोत्सव का शुभारंभ शनिवार, 25 नवम्बर को प्रातः 08 बजे भगवान बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र और महामोदग्लायन के अस्थि कलश पूजन के साथ हुआ। अस्थि कलश पूजन के लिए श्रीलंका, जापान, वियतनाम सहित कई देशों से आए बौद्ध अनुयायी महाबोधि सोसायटी से स्तूप परिसर में स्थित बुद्ध मंदिर पहुंचे। स्तूप परिसर स्थित मंदिर में सुबह के समय श्रीलंका महाबोधी सोसायटी के अध्यक्ष वानगल उपतिस्स नायक थेरो तथा उनके शिष्यों द्वारा महात्मा बुद्ध के शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों की पूजा कर दर्शन के लिए रखा गया।

# लुटेरी दुल्हन के जाल में फंसे लड़केवाले, फिल्मी अंदाज में की ठगी



**एजेंसी। रीवा**

रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र से एक सनसनी खेज वारदात सामने आई है। यहां पर एक युवक शादी के नाम पर ठगी का शिकार हुआ है। ठगी का शिकार हुआ दूल्हा थाने पहुंचा और लुटेरी दुल्हन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बताया गया कि बीते दिनों पीड़ित युवक का विवाह तय हुआ था। शादी से पहले होने वाली ओली की रस्म किराए के मकान में रह रही युवती के यहां संपन्न हुई। इस रस्म में मिले जेवर, रकम साड़ी समेत अन्य समाग्री लेकर लुटेरी दुल्हन अपने मां के साथ चंपत हो गई। दरअसल, जुड़वानी निवासी अशोक तिवारी की शादी समान थाना क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर रहने वाली पूजा तिवारी के साथ तय हुई थी। युवती की मां ने उसके गांव के एक व्यक्ति से शादी की चर्चा की थी, उसके कुछ दिनों बाद उस व्यक्ति ने अपने परिचित अशोक तिवारी का पूजा तिवारी और उसकी मां से अशोक का संपर्क कराया, जिसके बाद शादी तय हुई। बीते गुरुवार को शादी से पहले होने वाली रस्म ओली हुई। युवक के परिवार ने शादी के पहले दुल्हन को शगुन की सामग्री जेवर, रकम और अन्य सामग्री सौंपी और वहां से चले गए।

**दूल्हा पहुंचा थाने, दर्ज कराई शिकायत**

लेकिन ओली की रस्म होने के चंद घंटों बाद ही लुटेरी दुल्हन पूजा तिवारी अपनी मां के साथ ओली की रस्म में मिली समाग्री लेकर फरार हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही पीड़ित परिवार को लगी तो आनन-फानन में पहले तो उन्होंने इन दोनों महिलाओं की तलाश की और जब उनकी कोई जानकारी नहीं मिली तो तत्काल पीड़ित ने इसकी शिकायत समान थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए लुटेरी दुल्हन और उसकी मां की तलाश शुरू कर दी है।

---

### तीन वाहनों की आगजनी में शामिल एक नक्सली हुआ गिरफ्तार



**एजेंसी। नारायणपुर**

जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत रविवार सुबह थाना धनोरा से डीआरजी, जिला पुलिस बल, आईटीबीपी की संयुक्त टीम ग्राम राजपुर, टेकानार व झोरी की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान वर्ष 2022 में वाहन चालकों मारपीट कर वाहनों में आगजनी की घटना में शामिल एक नक्सली जयलाल दोदी पिता माहंगु दोदी निवासी राजपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नग तीर-धनुष, नक्सली पर्चा एवं नक्सली बैनर जप्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी 2022 को ग्राम झारा (थाना धनोरा) में नक्सलियों द्वारा वाहन चालकों से मारपीट कर 03 वाहनों में आगजनी की घटना कारित किया गया था। मामले में थाना धनोरा में अप. क्र- 01/2022 धारा 147, 148, 149, 341, 323, 506, 435 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट 13, 20, 38(2), 39(2) विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था।

## बाबा भी 27 नवंबर को मनाएंगे देव दिवाली

# 11 टन फूलों से सजाया जा रहा धाम, 2.39 घंटे तक दीप जलाना शुभ

**एजेंसी। वाराणसी**

बाबा विश्वनाथ भी अब 27 नवंबर को ही देव दीपावली मनाएंगे। 11 टन फूलों से मंदिर को सजाया जा रहा है। कोलकाता और बंगलूरू से फूल मंगाए गए हैं। इससे पहले बाबा रविवार (26 नवंबर) को ही देव दीपावली मनाने वाले थे, लेकिन उदया तिथि की वजह से इसे एक दिन आगे बढ़ा दिया गया। इसके साथ ही दो दिन देव दीपावली मनाने का विवाद भी खत्म हो गया। अब 27 नवंबर को ही पूरी काशी काशीपुराधिपति के साथ देव दीपावली मनाएगी। देव दीपावली के दिन प्रदोष काल शाम 5:09 बजे से 7:49 बजे तक रहेगा। इस अवधि में दीपदान करना शुभ होता है। 5, 11, 21, 51 या 108 दीपक किसी नदी, सरोवर, मंदिर में जलाने चाहिए। उदया तिथि के अनुसार काशी में देव दीपावली का आयोजन 27 नवंबर को होगा। कार्तिक पूर्णिमा पर शिवयोग और कृतिका नक्षत्र का संयोग बन रहा है जो भक्तों पर सुख और सौभाग्य बरसाएगा। इसके साथ ही कार्तिक मास के धार्मिक नियम-संयम का समापन हो जाएगा।



**पूर्णिमा तिथि पर कृतिका नक्षत्र और शिवयोग का अनूठा संयोग :** ज्योतिषाचार्य विमल जैन ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 26 नवंबर को दिन में 3:54 बजे लगेगी और 27 नवंबर को दोपहर 2:46 बजे तक रहेगी। 26 को भरणी नक्षत्र दिन में 2:06 बजे तक रहेगा। इसके बाद कृतिका नक्षत्र लगेगा, जो 27 नवंबर को दिन में 1:36 बजे तक रहेगा। शिवयोग 26 नवंबर को रात में 1:36 मिनट से 27 नवंबर को रात 11:38 बजे तक रहेगा। पूर्णिमा तिथि पर कृतिका नक्षत्र और शिवयोग का अनूठा संयोग विशेष फलदायी रहेगा। इस दिन भगवान विष्णु, महादेव और कार्तिकेय की पूजा का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस तिथि के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। भगवान शिव के आशीर्वाद से मां दुर्गा ने महिषासुर का वध करने के लिए शक्ति अर्जित की थी। इसी दिन सायंकाल में भगवान विष्णु ने मत्स्यावतार लिया था।

सीएम योगी उद्यमी महासम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

### वाराणसी के 50 उद्यमी होंगे शामिल

**एजेंसी। वाराणसी**

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से 30 नवंबर को लखनऊ में उद्यमी महासम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। विभूति खंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्यमी महासम्मेलन में ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई 4.0 पर चर्चा होगी। उद्यमियों को उद्योग की स्थापना व संचालन में आ रही समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। वाराणसी के 50 से ज्यादा उद्यमी सम्मेलन में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन व निवेश प्रोत्साहन विभाग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम खादी ग्रामोद्योग उद्योग मंत्री राकेश सचान होंगे। शनिवार को मलदहिया स्थित विनायक प्लाजा में आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने महासम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।



आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने बताया कि एक से तीन दिसंबर तक लखनऊ में ही आईआईए भवन में इंडिया फूड एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता करेंगे। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंडिया फूड एक्सपो का यह 9वां संस्करण है। इस वर्ष पहली बार पांच देशों चीन, वियतनाम, युगांडा, उज्बेकिस्तान व रवांडा द्वारा एक्सपो में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित स्टाल लगाएंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### बारामूला से लश्कर-ए-तैयबा के तीन मददगार गिरफ्तार

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन मददगारों को बारामूला जिले से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि झूला फुट ब्रिज के पास कलगाई में 13 सिखली, 185 बीएन बीएसएफ और बारामूला जिले की पुलिस टीम के साथ संयुक्त नाका चेकिंग के दौरान बैग लेकर आ रहे दो आतंकी सहयोगियों को रोका गया। उनकी तलाशी लेने पर दोनों से तीन चीनी ग्रेनेड और ढाई लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए सहयोगियों की पहचान जमीर अहमद खांडे और मोहम्मद नसीम खांडे के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया कि ये अवैध रूप से हासिल किए गए हथगोले और नकदी उन्हें मंजूर अहमद भट्टी निवासी मदियान कमलकोटे ने उपलब्ध कराए थे, ताकि वह आतंकी घटना को अंजाम दे सकें। इसके बाद पुलिस ने मंजूर अहमद भट्टी को भी गिरफ्तार किया।

### पुंछ के वन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

**पुंछ।** पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों ने रविवार को तलाशी अभियान शुरू किया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद मेंढर और कृष्णा घाटी सेक्टर के कई वन क्षेत्रों में सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया है। मेंढर के बेहरा, कुंड, टोपा और कृष्णा घाटी सेक्टर में दारादुलियान, मंगनार, सलानी और उचाद टॉप में तलाशी अभियान जारी है।

### हैदराबाद के नवाब मीर नजफ अली खान कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद के प्रिंस हाशम जाह बहादुर के पुत्र नवाब मीर नजफ अली खान रविवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। मीर नजफ ने मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उन्होंने कहा गांधी परिवार के साथ हमारा जुड़ाव 4 पीढ़ियों से है और आज हम पार्टी में आधिकारिक रूप से शामिल हो गये।

# 26/11 मुंबई आतंकी हमले की 15वीं बरसी आज

## 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 ने गंवाई थी जान, जिंदा पकड़ा गया था एक आतंकी

**एजेंसी। मुंबई**

26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों की आज 15वीं बरसी है। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत देश के नेताओं ने 15 साल पहले आज के ही दिन मुंबई पर हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए जान गंवाने वाले शहीदों को रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की।

आतंकवादियों ने जिन जगहों पर हमला किया उनमें से एक ताज महल पैलेस होटल भी था। दस पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्री मार्ग से 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में घुसे और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। हमले में करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। इस आतंकी हमले के दौरान लगभग 60 घंटों तक मुंबई के लोग सहमे रहे थे। 26/11 का मुंबई हमला भारत के इतिहास में दर्ज वो काला दिन है, जिसे चाहकर भी भुलाया नहीं जा सकता है।



### ▶▶ हेमंत करकरे शहीद होने वाले पहले अधिकारी

एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड के चीफ हेमंत करकरे 26-11 के मुंबई हमलों में शहीद होने वाले पहले अधिकारी थे। हेमंत मुंबई आतंकी निरोधी दस्ता यानी मुंबई एटीएस के प्रमुख थे। जब वह रात में खाना खा रहे थे, तभी उन्हें क्राइम ब्रांच से शहर में आतंकी हमला होने का फोन आया। इसके बाद वह घर से निकले और एसीपी अशोक काम्टे, इंस्पेक्टर विजय सालस्कर के साथ मोर्चा संभाला। कामा अस्पताल के बाहर मुठभेड़ में आतंकी अजमल कसाब और इस्माइल खान ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस दौरान हेमंत करकरे के सीने में तीन गोलियां लगीं और वह शहीद हो गए थे।

### ▶▶ कसाब को मिली थी फांसी

आतंकी हमलों में शहीद हुए सुरक्षा बलों के जवानों में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे, मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय सालस्कर शामिल थे। सुरक्षा बलों ने बाद में नौ आतंकवादियों को मार गिराया था। अजमल कसाब एकमात्र आतंकवादी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया था। उसे चार साल बाद 21 नवंबर 2012 को फांसी दी गई थी।

### ▶▶ लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सूची में

इजरायल ने पाकिस्तान से संचालित लश्कर-ए-तैयबा को आतंकी संगठन की सूची में डाल दिया है। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को कई जगहों पर हुए आतंकी हमलों में कई इजराइली नागरिक भी शामिल थे।

### ▶▶ शिवाजी टर्मिनस पर शुरू हुआ आतंकी खेल

मुंबई के रेलवे स्टेशन छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर पहुंचकर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और हैंड ग्रेनेड फेंके थे। हमला इतना भीषण था कि 58 बेगुनाह यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि कई लोग गोली लगने और भगदड़ में गिर जाने की वजह से घायल हो गए थे। इन आतंकियों ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन के अलावा आतंकियों ने ताज होटल, होटल ओबेरॉय, लियोपोल्ड कैफे, कामा अस्पताल और दक्षिण मुंबई के कई स्थानों पर हमले किए थे।

### ▶▶ तुकाराम ने पकड़ा था आतंकी कसाब

हेमंत करकरे के अलावा मुंबई पुलिस के इस एएसआई के हौसले की जितनी तारफी की जाए उतनी कम है। तुकाराम ने न केवल बिना हिथियार के आतंकी अजमल कसाब को सामना किया, बल्कि आखिर में उसे पकड़ने में कामयाबी हासिल की। इस दौरान कसाब ने उनपर कई गोलियां चलाईं जिससे वह शहीद हो गए। पुलिसकर्मियों के अलावा हवलदार गजेंद्र सिंह, नागप्पा आर. महाले, किशोर के. शिंदे, संजय गोविलकर, सुनील कुमार यादव और कई दूसरे लोगों ने भी बहादुरी की मिसाल पेश की थी।

### आतंकी कराची से आए थे मुंबई

लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादी पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से नाव से मुंबई पहुंचे थे। रास्ते में इन्होंने एक मछली पकड़ने वाली छोटी नाव (डोंगी) को हाइजैक कर लिया। इस दौरान इन्होंने नाव के 4 क्रू मेंबर्स को मौत के घाट उतार दिया और कैप्टन को नाव भारत लाने के लिए मजबूर किया। शाम को मुंबई के समुद्र तट से करीब 7 किमी दूर नाव के पहुंचते ही आतंकवादियों ने कैप्टन को मार दिया। आंतकी मुंबई के कोलाबा की मच्छीमार कॉलोनी से शहर में घुसे। यहां तक पहुंचने के लिए वे स्पीडबोट का उपयोग किया गया। मच्छीमार कॉलोनी से बाहर निकलने के बाद ये दो-दो के समूहों में बंट गए थे। इसके बाद आतंकियों ने अलग-अलग जगह पर हमलों को अंजाम दिया।

# आज भारत आर्थिक, सांस्कृतिक और कई क्षेत्रों में बड़ी प्रगति कर रहा है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के लिए आध्यात्मिक संस्था से सहयोग मांगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समृद्धि पैसे और भौतिक चीजों से नहीं आती, यह सांस्कृतिक मूल्यों की मजबूती से भी आती है। आज भारत आर्थिक, सांस्कृतिक और कई क्षेत्रों में बड़ी प्रगति कर रहा है। यह एक नये युग में प्रवेश कर रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को गुलाम बनाने वालों ने हमारी असली ताकत ज्ञान, ध्यान, योग, आयुर्वेद जैसी कई महत्वपूर्ण परंपराओं पर हमला बोला था। इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब समय बदल रहा है और भारत भी बदल रहा है। ये भारत की आजादी का अमृतकाल है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी इस विरासत को एक अभूतपूर्व ऊंचाई पर ले जाएं। इसमें श्री रामचंद्र मिशन और उससे जुड़े साधकों की, आप सबकी बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत काल के इस दशक में हमारा ध्यान महिला, युवा, श्रम और उद्यम क्षेत्र पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानवता के लिए कमलेश डी. पटेल ने जो काम किया वह अद्भुत है। हमारी सरकार को उनके योगदान को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। आजकल हमने पद्म पुरस्कारों की ऐसी परंपरा बना दी है कि पुरस्कार स्वयं सम्मानित हो जाते हैं।

# राष्ट्रपति ने प्रतिभा के विकास के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का दिया सुझाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं के चयन, विभिन्न वर्गों से अधिक प्रतिनिधित्व और न्यायपालिका में निचले से उच्च स्तर तक प्रतिभा के विकास के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का सुझाव दिया है। राष्ट्रपति ने अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की वकालत करते हुए कहा कि विविधीकरण प्रक्रिया को तेज करने का एक तरीका एक ऐसी प्रणाली का निर्माण हो सकता है जिसमें योग्यता आधारित, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए विभिन्न पृष्ठभूमि से न्यायाधीशों की भर्ती की जा सके। राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार को संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि चयन प्रणाली कम प्रतिनिधित्व वाले सामाजिक समूहों को भी अवसर प्रदान कर सकती है। राष्ट्रपति ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट परिसर में डॉ. बीआर



अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने संसद, सेना और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं और पिछड़ों के बढ़ते प्रतिनिधित्व का जिक्र करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ाये जाने के महत्व को रेखांकित किया। राष्ट्रपति ने सबको न्याय उपलब्ध कराने के महत्व पर एक बार फिर जोर दिया और कहा कि हमें इस बात पर विचार करना चाहिए की क्या सभी को न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। इस दिशा में धन का अभाव एक बड़ी बाधा है। इस संदर्भ में उन्होंने न्यायिक मदद के विस्तार करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने भाषा सहित अन्य अवरोधों का भी उल्लेख किया।

# सुरंग हादसा : 86 मीटर वर्टीकल ड्रिलिंग का कार्य आरंभ

## ऑगर मशीन के फंसे पार्ट को काटा जा रहा, चार दिन तक पूरा होगा कार्य

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए वर्टिकल ड्रिलिंग आरंभ कर दी गई है। रविवार की सुबह से 15 मीटर ड्रिलिंग का कार्य पूरा हो चुका है और कुल 86 मीटर तक ड्रिल किया जाना है। सब कुछ ठीक रहा तो चार दिन में यह ड्रिलिंग पूरी हो जाएगी।



साथ ही प्लाज्मा कटर से भी ऑगर मशीन के फंसे पार्ट को काटा जा रहा, यह कार्य कल तक पूरा होगा और ऑगर मशीन के बाहर निकलने के बाद मैनुअल वर्क शुरू होगा। आर्मी को ड्रिफ्ट टनल का काम दिया गया, जो मलबे के भाग से सुरंग के दाएं भाग से शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी मजदूर ठीक हैं। उनका हर तरह से ध्यान रखा जा रहा है।

### श्रमिकों को सुरक्षित निकलने के लिए सरकार तैयार

मुख्यमंत्री धामी टनकपुर भ्रमण के दौरान उत्तरकाशी के सिल्क्यारा टनल में फंसे टनकपुर के छीनिगोठ निवासी पुष्कर सिंह एरी के घर जाकर उनके परिजनों से मिले और ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि टनल में फंसे सभी श्रमिकों को जल्द सुरक्षित निकाला लिया जाएगा।

## मन की बात

### 107वें संस्करण में पीएम मोदी ने कहा

# सबका साथ होगा तभी सबका विकास संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में जब सबका साथ होता है, तभी सबका विकास भी हो पाता है। हम इसी भाव से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 107वें संस्करण में रविवार को कहा कि उन्हें संतोष है कि संविधान निमार्ताओं के उसी दूरदृष्टि का पालन करते हुए, अब भारत की संसद ने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" को पास किया है। ये विकसित भारत के हमारे संकल्प को गति देने में सहायक होगा। हम सबका साथ सबका विकास के संकल्प भाव से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान हंसा मेहता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह भी बहुत प्रेरक है कि संविधान सभा के कुछ सदस्य मनोनीत किए गए थे, जिनमें से 15 महिलाएं थीं। ऐसी ही एक सदस्य हंसा मेहता ने महिलाओं के अधिकार और न्याय की आवाज बुलंद की थी। उस दौर में भारत उन



कुछ देशों में था, जहां महिलाओं को संविधान से वोटिंग का अधिकार दिया गया। मोदी ने कांग्रेस का बिना नाम लिए उनके नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समय, परिस्थिति, देश की आवश्यकता को देखते हुए अलग-अलग सरकारों ने अलग-अलग समय पर संविधान संशोधन किए, लेकिन ये भी दुर्भाग्य रहा कि संविधान का पहला संशोधन कर लोगों के बोलने के अधिकार और अभिव्यक्ति के अधिकार पर आघात किया गया। वहीं संविधान के 44वें संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान की गई गलतियों को सुधारा गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों में स्वदेशी समान को लेकर जागरुकता बढ़ी है। देश में वोकल फॉर लोकल अभियान ने लोगों को स्वदेशी सामानों की खरीद के लिए जागरुक किया है। बीते कुछ दिनों के भीतर ही दीपावली, भैया दूज और छठ पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है और इस दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने का जबरदस्त उत्साह लोगों में देखा गया।

**स्वच्छ भारत अभियान से बदली लोगों की सोच :** प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने साफ-सफाई और सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर लोगों की सोच बदल दी है। यह पहल आज राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बन चुकी है, जिसने करोड़ों देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाया है। इस अभियान ने अलग-अलग क्षेत्र के लोगों, विशेषकर युवाओं को सामूहिक भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लगातार दूसरा साल है जब दीपावली के अवसर पर कैश देकर कुछ सामान खरीदने का प्रचलन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।


### विदेश में शादी समारोह क्यों, यहीं मनाएं : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उन परिवारों से सवाल किया जो विदेशों में शादियां आयोजित करते हैं और लोगों से ऐसे समारोह भारत में आयोजित करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक प्रसारण कार्यक्रम 'मन की बात' के 107वें एपिसोड में कहा, अब शादी का सीजन भी शुरू हो गया है। कुछ व्यापार संगठनों का अनुमान है कि इस शादी सीजन के दौरान लगभग 5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है, शादियों के लिए खरीदारी करते समय आप सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को ही महत्व देना चाहिए। और हां, जब से शादी की बात सामने आई है, एक बात मुझे काफी समय से परेशान कर रही है... और अगर मैं अपने दिल का दर्द अपने परिवार वालों को नहीं बताऊं तो और किसके सामने कहूं? जरा सोचिए ...आजकल कुछ परिवारों द्वारा विदेश जाकर शादियां करने का एक नया माहौल बनाया जा रहा है। क्या यह जरूरी है? अगर हम शादी के उत्सव भारत की धरती पर, भारत के लोगों के बीच मनाएंगे, तो देश का पैसा देश में ही रहेगा। देश के लोगों को आपकी शादी में कुछ सेवा करने का अवसर मिलेगा... गरीब लोग भी अपनी बात बताएंगे। बच्चों को उस अवसर के बारे में। क्या आप 'वोकल फॉर लोकल' के इस मिशन पर विस्तार से बता सकते हैं? हम अपने ही देश में ऐसे विवाह समारोह क्यों नहीं आयोजित करते? संभव है कि जिस तरह की व्यवस्था आप चाहते हैं, वह आज नहीं हो, लेकिन अगर हम ऐसे आयोजन करेंगे तो व्यवस्थाएं भी विकसित होंगी।"

## FILMY हलचल

### टिकटों की एडवांस बुकिंग के मामले में 'एनिमल' से पिछड़ी 'सैम बहादुर'

**जैसे-जैसे** 1 दिसंबर नजदीक आ रहा है, दर्शकों और फिल्म प्रेमियों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। रणबीर कपूर की "एनिमल" और विक्की कौशल की "सैम बहादुर" दोनों 1 दिसंबर को रिलीज होंगी। दोनों ही फिल्मों के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।




"एनिमल" का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसे लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स भी मिला है। दोनों फिल्मों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। इससे साफ है कि रणबीर की "एनिमल" बाजी मारती हुई दिख रही है। सैकनिल्क की ट्रैकर रिपोर्ट के मुताबिक 'एनिमल' ने भारत में अब तक 111,000 टिकट बेचे हैं। इनमें से 90,526 टिकट हिंदी संस्करण के लिए और 20,591 टिकट तमिल और तेलुगु भाषा संस्करण के लिए बेचे गए। 'एनिमल' ने एडवांस बुकिंग में 3.4 करोड़ की जबरदस्त कमाई की। इतना ही नहीं यह फिल्म रणबीर के करियर की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन सकती है। विक्की कौशल की "सैम बहादुर" एडवांस बुकिंग के मामले में साफ तौर पर पिछड़ रही है। 'सैम बहादुर' के अब तक सिर्फ 12,876 टिकट ही बिके हैं। इन आंकड़ों पर नजर डालें तो 'सैम बहादुर' ने प्रदर्शनी से पहले 44.71 लाख रुपये की कमाई कर ली है।


### 12 सालों से कभी कोई सहानुभूति नहीं ली : जिग्ना वोरा



'बिग बॉस 17' से एविक्ट हुई कंटेस्टेंट और पूर्व पत्रकार जिग्ना वोरा ने कहा है कि उन्होंने सहानुभूति हासिल करने के लिए कभी भी अपने अतीत के बारे में बात नहीं की। पिछले 12 सालों में उन्हें इसकी कभी जरूरत नहीं पड़ी और कभी भी नहीं पड़ेगी। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' में जिग्ना को 6 हफ्ते बाद बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। मीडिया द्वारा यह पूछे जाने पर कि कई लोगों को लगता है कि शो में उन्हें गलत तरीके से जेल भेजे जाने की बात करके वह सिंपैथी कार्ड खेल रही हैं, जिग्ना ने कहा, "मुझे ऐसा नहीं लगता। 12 साल में मैंने कभी किसी से सहानुभूति नहीं ली, इसलिए मुझे इस प्लेटफॉर्म पर आकर सहानुभूति की जरूरत नहीं पड़ी।"

### सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'रंग दे बसंती' का फर्स्ट लुक हुआ आउट

**सुपरस्टार** खेसारी लाल यादव और निर्मार्ता रोशन सिंह की अपकमिंग फिल्म "रंग दे बसंती" का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इसमें खेसारी लाल यादव का अलग ही अंदाज नजर आ रहा है। खेसारी लाल यादव फर्स्ट लुक में पंडित की भूमिका में नजर आ रहे हैं और उनके माथे का तेज बेहद आकर्षक है। फिल्म के लुक में खेसारी लाल यादव मंदिर का घंटा अपने हाथ में खींचे हुए हैं जो यह




प्रदर्शित करता है कि फिल्म एक्शन से भी भरपूर होने वाली है। फिल्म "रंग दे बसंती" के निमार्ता रोशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं, जिन्होंने कहा कि इस फिल्म की यूएसपी इसकी बेजोड़ कहानी है जो दर्शकों को अपनी और आकर्षित करेगी और उन्हें खूब पसंद आएगी। फिल्म का ट्रेलर और रिलीज डेट भी हम जल्द ही अनाउंस करेंगे। यह फिल्म बेहद खास है और इसे हमने पूरी भव्यता के साथ बनाया है, तो हम उम्मीद करेंगे कि दर्शकों का भी प्यार खूब मिले।

## एक नजर

### रांची रेलवे स्टेशन के पास दुर्गा मंदिर को हटाने के लिए रेलवे ने दिया नोटिस

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर स्थित दुर्गा मंदिर को हटाने को लेकर रेलवे ने नोटिस जारी कर दिया है। बताया जाता है कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने स्टेशन पुनर्विकास के कारण दुर्गा मंदिर को खाली करने के संबंध में दुर्गा मंदिर कमेटी, साउथ रेलवे कॉलोनी को पत्र भी लिखा है। दुर्गा कमेटी को लिखे गए अपने पत्र में रेलवे ने कहा है कि दुर्गा मंदिर को जल्द से जल्द खाली कर दें। क्योंकि, यह क्षेत्र स्टेशन पुनर्विकास के क्षेत्र में आता है। इसलिए रेलवे का आग्रह है कि सूचना प्राप्ति के बाद अति शीघ्र मंदिर को खाली कर दें ताकि रेलवे का कार्य समय पर हो सके।

### रांची एयरपोर्ट पर गांजा के साथ एक यात्री गिरफ्तार

**रांची ।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के जवानों ने एक यात्री को 30 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. चेकिंग के दौरान यात्री के बैग से गांजा बरामद किया गया. जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार यात्री का नाम अमल जैन है और वह मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है. जानकारी के मुताबिक, अमल जैन हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ने के लिए रांची एयरपोर्ट पहुंचा था. चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने उसे गांजे के साथ पकड़ लिया. हिरासत में लेने के बाद आवश्यक पड़ताल कर यात्री को रांची पुलिस के हवाले कर दिया गया.

### माओवादियों का रणनीतिकार पतिराम व मिसिर बेसरा कोल्हान पुलिस के लिए है चुनौती

**रांची ।** झारखंड में माओवादियों का रणनीतिकार पतिराम मांझी और मिसिर बेसरा कोल्हान के क्षेत्र में झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. दोनों नक्सली कमांडरों पर एक-एक करोड़ का इनाम घोषित है. पतिराम मांझी और मिसिर बेसरा गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है. इन दोनों नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों के द्वारा पिछले दस महीने से लगातार अभियान चलाया जा है. इस दौरान कई बार सुरक्षाबलों और इन दोनों नक्सलियों के दस्ते के बीच मुठभेड़ भी हुई, लेकिन दोनों नक्सली हर बार भागने में कामयाब रहे हैं. एक करोड़ रुपये का इनामी मिसिर बेसरा नक्सलियों का मुख्य रणनीतिकार है. नक्सली बनने के बाद मिसिर बेसरा का गिरिडीह जिला स्थित अपना गांव आना-जाना नहीं के बराबर है. संगठन में जैसे-जैसे कद बढ़ा, उसने गांव छोड़ दिया. मिसिर पढ़ने में काफी तेज था. उसने स्नातक तक पढ़ाई की है. यह वह दौर था, जब इलाके में दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड अलग राज्य आंदोलन कर आदिवासियों को एकजुट कर रहे थे. उनके तेवर से मिसिर बेहद प्रभावित हुआ था. बाद में शिबू सोरेन पारसनाथ छोड़कर संताल परगना चले गए. पारसनाथ में माओवादियों का कब्जा हो गया. तब 1985 में मिसिर भी नक्सली संगठन में शामिल हो गया. अपनी कुशाग्र बुद्धि, विभिन्न भाषाओं में मजबूत पकड़ के साथ बेहतरीन लेखन शैली के दम पर उसने भाकपा माओवादी में कुछ समय में ही अलग पहचान बना ली. सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते हुए वह पोलित ब्यूरो तक जा पहुंचा.

# इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने डेट जारी कर 2024 की इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू दी है । परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरे जाएंगे। इंटर के नियमित, स्वतंत्र और पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। 28 नवंबर से छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 12 दिसंबर तक बिना लेट फाइन के आवेदन किये जा सकेंगे, जबकि 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लेट फाइन देना होगा।

**16 नवंबर से भरे जा रहे मैट्रिक परीक्षा के फॉर्म :** झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले नियमित, स्वतंत्र, पूर्ववर्ती आदि छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है। बगैर लेट फाइन के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 16 नवंबर से दो दिसंबर तक भरे जा सकेंगे। वहीं चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि छह दिसंबर है। लेट फाइन के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि तीन दिसंबर से नौ दिसंबर तक व बैंक चालान से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर निर्धारित है।

**फरवरी में ली जाएगी दोनों ही बोर्ड की परीक्षा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फरवरी में ली जाएगी। ये परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी 2024 तक होंगी। मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के लिए एडमिट कार्ड 25 जनवरी से जारी किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में मैट्रिक की परीक्षा और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा ओएमआर और उत्तर पुस्तिका दोनों में ली जाएगी। जिन विषयों में प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं होती है उसमें 20 अंकों का इंटरनल असेसमेंट होगा। मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट 15 जून तक जारी किया जा सकता है।



**मैट्रिक परीक्षा का कार्यक्रम**

6 फरवरी : आईआईटी और अन्य वोकेशनल सब्जेक्ट
7 फरवरी : कॉमर्स और होम साइंस
8 फरवरी : खड़िया, खोरठा, कुरमाली, नागपुरी और पंचपरगनिया
9 फरवरी : अरबी, फारसी, हो, मुंडारी, संथाली और उरांव
10 फरवरी : उर्दू, बांग्ला और उड़िया
12 फरवरी : सोशल साइंस
13 फरवरी : संगीत
16 फरवरी : गणित
19 फरवरी : हिंदी ए और हिंदी बी
21 फरवरी : विज्ञान
23 फरवरी : संस्कृत
26 फरवरी : अंग्रेजी
इंटर परीक्षा का कार्यक्रम

**परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी 2024 तक होंगी**

**इंटर परीक्षा का कार्यक्रम**

6 फरवरी : वोकेशनल सब्जेक्ट
7 फरवरी : हिंदी ए, हिंदी बी, मातृभाषा, इंग्लिश ए (आर्ट्स के लिए)
8 फरवरी : हिंदी ए, हिंदी बी, मातृभाषा, इंग्लिश ए (साइंस और कॉमर्स के लिए)
9 फरवरी : आर्ट्स के लिए इलेक्टिव लैंग्वेज] साइंस और कॉमर्स के लिए एडिशनल लैंग्वेज
10 फरवरी : कॉमर्स और साइंस के लिए इकोनॉमिक्स] आर्ट्स के लिए एंथ्रोपॉलजी
12 फरवरी : आर्ट्स के लिए ज्योग्राफी, साइंस और कॉमर्स के लिए कंप्यूटर साइंस
13 फरवरी : इतिहास
16 फरवरी : साइंस के लिए फिजिक्स, कॉमर्स के लिए अकाउंटेंसी
17 फरवरी : आर्ट्स के लिए इकोनॉमिक्स
19 फरवरी : साइंस के लिए बायोलॉजी, कॉमर्स के लिए बिजनेस मैथमेटिक्स, आर्ट्स के लिए सोशियोलॉजी
20 फरवरी : साइंस के लिए जियोलॉजी, कॉमर्स के लिए बिजनेस स्टडीज, आर्ट्स के लिए साइकोलॉजी
21 फरवरी : मैथमेटिक्स और स्टैटिसटिक्स
22 फरवरी : आर्ट्स के लिए फिलासफी
23 फरवरी : केमिस्ट्री, एंटरप्रेन्योरशिप और होम साइंस
26 फरवरी : पॉलिटिकल साइंस

# झारखंड आंदोलनकारियों को चाहिए पेंशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर आंदोलनकारियों की उपेक्षा के विरोध में 16 और 17 दिसंबर को आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान किया गया है। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा इसका नेतृत्व कर रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमाओं को पूरी तरह बंद रखने की बात कही गयी है।

**आर्थिक नाकेबंदी का ऐलानः** आर्थिक नाकेबंदी को लेकर रणनीति बनाने के उद्देश्य से हुई बैठक की अध्यक्षता विदेशी महतो ने किया। उन्होंने कहा स्थापना दिवस पर झारखंड आंदोलनकारियों की उपेक्षा की गयी।, समता जजमेंट के आधार पर 26 प्रतिशत रॉयल्टी, एक बेहतर-समृद्धिशाली झारखंड राज्य बनाने, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती तीन जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाये जाने, रोजी-रोजगार नियोजन में झारखंड आंदोलनकारी को अधिकार देने समेत अन्य मांगों को लेकर इस आर्थिक नाकेबंदी का फैसला लिया गया है।



**क्या है मांग**

झारखंड आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता को दूर किया जाए। सभी को सम्मान और पहचान मिले, पेंशन (50 हजार रुपये) दे. सभी आंदोलनकारियों के लिए भूमि व आवास की गारंटी सरकार दे। जाति जनगणना जल्द हो। झारखंड आंदोलनकारी कॉरिडोर का निर्माण किया जाए। ऐसी कई मांगों के साथ यह विरोध प्रदर्शन किया जाना है। इसके अलावा बैठक में यह भी कहा गया है कि राज्य, जिला, प्रखंड के चौक-चौराहों के नाम झारखंड आंदोलनकारियों के नाम पर हो। झारखंड विधानसभा व सचिवालय में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो और एके राय की भव्य प्रतिमा लगनी चाहिए।

# झारखंड सरकार करा रही है मुफ्त कोचिंग

**30 नवंबर से लिए जाएंगे एप्लीकेशन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आकांक्षा कोचिंग के माध्यम से जेईई मेन, क्लैट और नीट की तैयारी कराई जाती है। यह कोचिंग 2 साल का होता है। जिसके लिए विद्यार्थियों का चयन परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल लेती है। साल 2024 में एडमिशन के लिए लिखित परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया झारखंड एकेडमिक काउंसिल शुरू कर दी है। काउंसिल की ओर से नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

**इंजीनियरिंग का प्रश्नपत्र :** इंजीनियरिंग के कोचिंग के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ और मेंटल एबिलिटी से सवाल पूछे जाएंगे।



**इंग्लिश से 40 अंक के 40 प्रश्न**
**जनरल नॉलेज से 40 अंक के 40 प्रश्न**
**जनरल स्टडी से 40 अंक के 40 प्रश्न**
**मेंटल एबिलिटी से 40 अंक के 40 सवाल होंगे**

**फिजिक्स से 40 अंक के 40 प्रश्न**
**केमिस्ट्री से 40 अंक के 40 प्रश्न**
**बायोलॉजी से 40 अंक के 40 प्रश्न**
**मेंटल एबिलिटी से 40 अंक की 40 प्रश्न रहेंगे**

**क्लैट का प्रश्नपत्र**

**क्लैट कोचिंग के लिए इंग्लिश, जनरल नॉलेज, जनरल स्टडी और मेंटल एबिलिटी से सवाल होंगे।**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल के नोटिफिकेशन के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 30 नवंबर से शुरू हो रही है जो 23 दिसंबर तक चलेगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 25 जनवरी से उपलब्ध रहेगी। परीक्षा 3 मार्च को ली जाएगी। परीक्षा सुबह 9:45 बजे से 1:00 बजे तक चलेगी। क्लैट, जेईई मेन और नीट के लिए अलग-अलग पेपर होंगे। लेकिन प्रश्नपत्र अलग-अलग होंगे। काउंसिल की ओर से सिलेबस और परीक्षा में प्रश्न का स्वरूप भी बता दिया गया है। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएगी। जहां बहु वैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएंगे।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में कार्तिक मास अनुष्ठान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में लगातार कार्तिक मास की अंतिम पुण्यमयी तिथियां पर हो रहे हैं अनुष्ठान। 27 नवंबर सोमवार पूर्णिमा को संपन्न होगा । कार्तिक शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, चतुर्दशी और पूर्णिमा जीवो का कल्याण करने वाली बताइए गई है । उनकी अति पुष्करिणी संज्ञा है। वे वे सब पापों का नाश करने वाली है । पूरे कार्तिक मास में जो कोई गंगा स्नान और भगवान श्रीवेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना करता है वह इन्हीं तीन तिथियां में श्री हरि विष्णु बालाजी का पूजा दर्शन और प्रदक्षिणा करके पूर्ण फल का भागी होता है। त्रयोदशी में समस्त वेद जाकर प्राणियों को पवित्र करते हैं, चतुर्दशी में यज्ञ और देवता सब जीवों को पावन बनाते हैं और



पूर्णिया में भगवान विष्णु से अधिष्ठित संपूर्ण श्रेष्ठ तीर्थ ब्रह्मघाती और शराबी आदि सब पापी प्राणियों को शुद्ध करते हैं। जो गृहस्थ उक्त तीन तिथियां में देव देवेश्वर श्रीपद्मावती बल्लभ भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की पूजा -अर्चना आदि सेवा से संतुष्ट करते हैं, उनके समस्त पितरों का उद्धार हो जाता है और वे जीवन पर्यन्त सुखों का उपभोग करके अंत में परमपद को प्राप्त करते हैं।

इन तीन तिथियां में श्री विष्णु

### जेएसी ने इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी की

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है. 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक बिना लेट फाइन के फॉर्म भरे जा सकते हैं. 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लेट फाइन के साथ परीक्षा फॉर्म भरे जायेंगे. बता दें कि बोर्ड द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है, परीक्षा 6 फरवरी 2024 से शुरू होगी, जो 26 फरवरी तक जारी रहेगी.आवेदन जमा करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों की ओर से एक फॉर्म छात्रों को उपलब्ध कराये जायेंगे. छात्र- छात्राओं को बिना किसी त्रुटि के फॉर्म भरकर स्कूलों में जमा करने होंगे.

### रिम्स में 27-29 नवंबर तक थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में तीन दिवसीय थीसिस लेखन अभिविन्यास कार्यक्रम (थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम) का आयोजन किया जा रहा है. रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के चौथे तल्ले में स्थित ऑडिटोरियम में 27 नवंबर को कार्यक्रम शुरू होगा, जो 29 नवंबर तक चलेगा. थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) के छात्रों को भाग लेना अनिवार्य है. इसको लेकर डीन रिसर्च ने कहा कि थीसिस लेखन कार्यक्रम में रिम्स से बाहर के छात्र भी शामिल हो सकते हैं. रिम्स के बाहर के छात्र अगर कार्यक्रम में भाग लेंगे तो उन्हें प्रतिदिन दो हजार रुपये दिया जायेगा. छात्रों को प्रतिदिन दो हजार रुपये के हिसाब से तीन दिन का छह हजार रुपये मिलेगा.

# योजनाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों ने मांगा मार्च तक का समय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं को मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने की मांग जिलों के अधिकारियों द्वारा की गई है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में रांची जिला सहित अन्य जिलों की स्वीकृत सारी योजनाओं को एक्सटेंशन देने का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना से चयनित प्रखंड को विकसित किया जाना है तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी है। बैठक में रांची जिला के ठाकुर गिन्जो ग्राम पंचायत, बुढमू प्रखंड में कार्यान्वित की जा रही मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत विभाग के द्वारा डीपीआर के अनुरूप सभी योजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी प्रदान की गयी। जिला के द्वारा एक माह के अंदर योजना योजना के पूर्णता प्रतिवेदन एवं उपयोगिता




प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध करा दिए जाने की सूचना दी गयी। योजना के प्रतिवेदन संबंधी कार्य को देखते हुए योजना अवधि को दिसंबर 2023 तक विस्तारित करने का अनुरोध किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिले के द्वारा कांता शोल ग्राम पंचायत, डुमरिया प्रखंड में कार्यान्वित की जा रही मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना के अंतर्गत विभाग के द्वारा डीपीआर के अनुरूप स्वीकृत 87.70 लाख रुपये मात्र में से 41.57 लाख रुपये राशि खर्च किया गया है। योजना अंतर्गत लंबित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने की मांग की गयी है। हजारीबाग जिले के द्वारा चेनारो ग्राम पंचायत, चुरचू प्रखंड में अब तक स्वीकृत योजना पर काम प्रारंभ नहीं हुआ है। ऐसे में राज्य सरकार से मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने को कहा गया। बोकारो के पेटरवार में डीपीआर नहीं बनने की वजह से फिर से योजनाओं को अवधि विस्तार फिर से देने की मांग की गयी। ग्रामीण विकास विभाग अब योजनाओं की समीक्षा कर रहा हे,इसके बाद ही अवधि विस्तार दिया जायेगा।

### पुलिस लाइन में पुलिसकर्मी खेल रहे थे जुआ, छह हिरासत में

**रांची।** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में जुआ खेलने की सूचना पर गोंदा थाना में छापेमारी की गई है। एसएसपी की ओर से एक टीम भेज कर छापेमारी कर कार्रवाई की गई। इसमें छह लोगों को हिरासत में लिए गए हैं। हिरासत में लिए गए लोगों में पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे है। साथ ही रुपये और ताश के कार्ड भी बरामद किए गए है। बताया जा रहा है कि रविवार को रांची पुलिस लाइन में अचानक जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने छापेमारी कर हिरासत में लिया। छह लोगों को हिरासत में लेने के बाद जानकारी मिली कि उसमें कई पुलिसकर्मी भी हैं। इसके बाद मामले को दबाने की भरपूर कोशिश की गई। इस संबंध में सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि जुआ खेलने की शिकायत पर छापेमारी की गई थी। इसमें कुछ लोगों को पकड़ा गया है। मामले में पुलिस वाले शामिल हैं कि नहीं यह जांच की जा रही है।

# आज सजेगा विशेष दीवान,उमड़ेंगे भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में आज सुबह 10.30 बजे से विशेष दीवान सजाया गया विशेष दीवान की शुरूआत आज नवंबर,रविवार को सुबह 10:30 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै.....शबद गायन से हुई. तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने मेरे साहिबा कौण जांड़े गुण तेरे....शबद गायन किया. बाबा सुखदेव सिंह जी (लंगरां वाले) ने कथावचन कर गुरुनानक जी को मसीहा बताते उनके बताए गए मार्ग पर चलने को कहा.सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बाबा सुखदेव सिंह जी और सुमित कलसी को गुरूघर का सरोपा देकर सम्मानित किया. दरबार साहब श्री अमृतसर साहिब से पधारे महान रागी जत्था भाई ओंकार सिंह जी ने बेअंता बेअंत गुण तेरे.....तथा गुर सुंदर मोहन तार करै .....शबद गायन कर साथ संगत को गुरबाणी से जोड़ा.प्रकाश पर्व में शिरकत करने विशेष रूप



से पधारे विश्व विख्यात रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह जी तान ने सुणी पुकार दातार प्रभ गुर नानक जग माहे पठाईया .....एवं हाल मुरीदां दा कहणा मितर प्यारे नू......एवं तू प्रभ दाता दान मत पूरा हम थारे भेखारी जिओ.....जैसे कई शबद गायन कर साध सगत को मंत्रमुग्ध कर दिया.साथ-साथ संगत को वाहेगुरु का सिमरन भी कराया. श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दोपहर 2.45 बजे विशेष दीवान की समाप्ति हुई.दोपहर एक बजे से सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया.मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया. सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम का गुरु नानक सत्संग सभा के यूट्यूब चैनल मेरे साहब पर गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह द्वारा पर लाइव प्रसारण किया गया. आज रात का दीवान रात 8:00 बजे से 11:30 बजे तक सजाया जाएगा,जिसमें भाई अमरजीत सिंह जी तान एवं भाई अमनदीप सिंह जी लुधियाना वाले शबद गायन करेंगे. आज के दीवान में सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढा, अशोक गेरा, हरविंदर सिंह बेदी, मोहन लाल जूली गाबा,इशिका काठपाल, कुसुम पपनेजा, रजनी तेहरी, ममता सरदाना, गुड़िया मिढ़ा, गूंज काठपाल, पुष्पा पपनेजा, रजनी मक्कड़, अंजू काठपाल, हर्षा पपनेजा समेत अन्य शामिल थे.

# भारतीय युवक संघ में डोनेशन कूपन के ड्रा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार के पूजा प्रांगण में डोनेशन कूपन के ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं चेंबर के आदित्य मल्होत्रा उपस्थित थे। सह सचिव रोहित गोयनका एवं अमर पोद्दार ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। सभी पुरस्कारों को जनता के सामने निकाले गए अंको पर आवंटित किया गया। मंच का संचालन संरक्षक निर्मल जलान द्वारा किया गया। सह सचिव दीपक चौधरी ने बताया सभी पुरस्कारों का वितरण







26.11.2023 से एक महीने तक मंदिर कार्यालय से किया जाएगा जिसके बाद मंदिर कमिटि की कोई जवाबदेही नहीं होगी। आयोजन को सफल बनाने हेतु सचिव निर्मल मोदी कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जलन संरक्षक शंभू अग्रवाल रोहित गोयंका, बिनोद छपरिया, रमेश खेमका, मनीष लोधा, राहुल अग्रवाल, संजय चौधरी, निर्मल जलान, अमित प्रकाश बजाज व अन्य लोगों का बहुमूल्य योगदान रहा।

### रांची विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय रांची की एनएसएस इकाई ने आज भारतीय संविधान लोकतंत्र की जननी विषय पर आधारित जागरूकता रैली, भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता ,निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन आर्यभट्ट सभागार मोराबादी रांची में किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने की। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ पूनम निगम सहाय तथा डॉ कुमारी उर्वशी रहीं । निबंध प्रतियोगिता में विजेताओं का निर्णय डॉ कुमारी भारती सिंह ने किया वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता का निर्णय डॉ हर्षिता सिंहा ने किया।

# वैज्ञानिकों को रोग, सुखाड़ व डुबाव सहिष्णु चावल प्रभेदों पर शोध केन्द्रित करना होगाः डॉ अरविन्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अर्धशुष्क उष्ण कटिबंध संबंधी अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रीसैट), हैदराबाद के उप महानिदेशक (शोध) डॉ अरविन्द कुमार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग में 'उपज, पोषकतत्व एवं जलवायु लचीलापन बढ़ाने के लिए जिनोमिक्स एसिस्टेड ब्रीडिंग' विषय पर शोधपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में कृषि के लिए पानी और भूमि की उपलब्धता घटेगी, मिट्टी का डिग्रेडेशन, शहरीकरण और उद्योगीकरण बढ़ेगा तथा बाढ़-सुखाड़ के मामलों में



वृद्धि, परिवर्तनशील मौसम, प्रकाश की गहनता में कमी, फसल रोगों में वृद्धि, कीट गतिशीलता में बदलाव और पोषक तत्वों में कमी जैसी मौसम परिवर्तन की चुनौतियां उभरेंगी। ऐसे परिदृश्य में हो सकता है पिछले 60 वर्षों से चल रहा फसल सुधार संबंधी कार्य अप्रासंगिक हो जाय और हमें नई रणनीतियों पर काम करना पड़े। व्याख्यान का आयोजन इंडियन सोसाइटी आफ प्लांट जेनेटिक्स एंड ब्रीडिंग की रांची शाखा द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के दौर में उन्नत प्रभेदों के इस्तेमाल और ज्यादा उर्वरकों के उपयोग से उत्पादकता तो बढ़ी लेकिन फसलों में विपरीत मौसम, सुखाड़ आदि सहने की जो स्वाभाविक क्षमता थी वह समाप्त हो गई। प्लांट ब्रीडिंग पौधों के जेनेटिक आर्किटेक्चर में सुधार करने की कला और विज्ञान है। अब वैज्ञानिकों को रोगों, डुबाव, सुखाड़ तथा तृणनाशकों के प्रति सहिष्णुता प्रभेदों के विकास पर ज्यादा ध्यान देना होगा तथा चावल की सीधी बुवाई की तकनीक अपनानी होगी। डॉ कुमार ने चावल के 65 उन्नत प्रभेद विकसित किए हैं जो एशिया और अफ्रीका के 10 देशों के शोध संस्थानों, उद्योगों एवं उत्पादकों द्वारा उपयोग में लाये जा रहे हैं। इस अवसर पर बीएयू के अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती, डॉ नीरज कुमार एवं डॉ सीएस महतो ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, डीन पीजी डॉ एमके गुप्त, निदेशक प्रक्षेत्र डॉ शंभूनाथ कर्मकार तथा प्रो राकेश कुमार सहित शिक्षक एवं वैज्ञानिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आईपीएल 2024 : किस टीम ने किस प्लेयर को किया बाहर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 से पहले खिलाड़ियों की अदलाबदली और उन्हें टीम से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चेन्नई सुपरकिंग्स ने लिस्ट जारी कर दी है जिसमें कई नामी खिलाड़ियो को बाहर कर दिया गया है। वहीं हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी को लेकर चल रही बड़ी अटकलों भी खारिज हो गई हैं। सभी 10 टीमें 19 दिसंबर की नीलामी से पहले अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची सामने रखेंगी।

## जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है उन पर नजर डाल लेते हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने जारी की रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट :** वानिंदु हसरंगा, हर्षल पटेल, फिन एलन, जोश हेजलवुड, माइकल ब्रेसवेल, डेविड विली, वेन पार्नेल, सोनू यादव, अविनाश सिंह, सिद्धार्थ कौल, केदार जाधव।

**मुंबई इंडियंस में नहीं दिखेंगे ये खिलाड़ी :** मो. अरशद खान, रमनदीप सिंह, रितिक शौकीन, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, ट्रिस्टन स्टब्स, डुआन जानसन, झाय रिचर्डसन, रिले मेरेडिथ, क्रिस जॉर्डन, संदीप वारियर।

**गुजरात टाइटंस ने जारी की रिलीज खिलाड़ियों की सूची :** यश दयाल, के.एस. भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, प्रदीप सांगवान, ओडियन स्मिथ, अल्जारी जोसेफ, दासुन शनाका।

**हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस ने रिटेन किया :** गुजरात टाइटंस ने अपने कप्तान हार्दिक पंड्या को बरकरार रखा है, जिससे उनके मुंबई इंडियंस में वापस जाने की सभी अटकलों पर विराम लग गया है।

**लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा जारी रिलीज खिलाड़ियों की सूची :** जयदेव उनादकट, डेनियल सैम्स, मनन वोहरा, स्वप्निल सिंह, करण शर्मा, अर्पित गुलेरिया, सूर्यांश शेडगे, करुण नायर।

**सनराइजर्स हैदराबाद टीम से आउट हुए ये खिलाड़ी :** हैरी ब्रुक, समर्थ व्यास, कार्तिक त्यागी, विवरांत शर्मा, अकील होसेन, आदिल राशिद

**कोलकाता नाइट राइडर्स ने जारी की रिलीज खिलाड़ियों की सूची:** शाकिब अल हसन, लिटन दास, आर्या देसाई, डेविड विसे, शार्दुल ठाकुर, नारायण जगदीसन, मनदीप सिंह, कुलवंत खेजरोलिया, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, जॉनसन चार्ल्स।

**पंजाब किंग्स ने इन खिलाड़ियों को किया बाहर :** भानुका राजपक्षे, मोहित राठी, बलतेज ढांडा, राजंगद बावा, सरफराज खान।

**राजस्थान रॉयल्स ने इन्हें दिखाया बाहर का रास्ता :** जो रूट, अब्दुल बासित, जेसन होल्डर, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, ओबेद मैककॉय, मुरुगन अश्विन, केसी करियप्पा, केएम आसिफ।

**दिल्ली कैपिटल्स ने रिलीज किए खिलाड़ियों की लिस्ट :** रिले रोसौव, चेतन सकारिया, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, फिल साल्ट, मुस्तफिजुर रहमान, कमलेश नागरकोटी, रिपल पटेल, सरफराज खान, अमन खान, प्रियम गर्ग।

**सीएसके के पास बची है इतनी राशि :** चेन्नई सुपर किंग्स के पास आज 8 खिलाड़ियों को रिलीज करने के बाद 32.2 करोड़ रुपए बचे हैं।

**सीएसके ने रिलीज किए खिलाड़ियों की सूची जारी की :** बेन स्टोक्स, ड्वेन प्रेटोरियस, अंबाती रायुडू, सीसानाडा मगाला, काइल जैमिसन, भगत वर्मा, सेनापति और आकाश सिंह।



## आईपीएल 2024 रिटेंशन : पंत, वार्नर, शॉ व अक्षर को दिल्ली ने किया रिटेन

दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को आईपीएल 2024 रिटेंशन डे पर ऋषभ पंत, डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, अक्षर पटेल और मिचेल मार्श को रिटेन किया है। जबकि, फ्रेंचाइजी ने रोवमैन पॉवेल, सरफराज खान और मुस्तफिजुर रहमान समेत 11 खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। आईपीएल 2023 में बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी या नहीं, इस पर कुछ अटकलें थीं। लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें बरकरार रखा है। जबकि मनीष पांडे, सरफराज खान, चेतन सकारिया, रिपल पटेल, कमलेश नागरकोटी और अमन खान को रिलीज कर दिया गया है। डीसी द्वारा जारी किए गए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में पॉवेल का नाम रहमान और रिले रोसौव के साथ सबसे ऊपर है। अगले महीने दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले, डीसी के पास अब 28.95 करोड़ रुपये का पर्स है। उनके पास टीम में नौ स्थान शेष हैं, जिनमें से पांच विदेशी हैं।

**रिटेन किए गए खिलाड़ी:** ऋषभ पंत, प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिचेल मार्श, ईशांत शर्मा, यश ढुल और मुकेश कुमार।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी:** रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, मनीष पांडे, सरफराज खान, फिल साल्ट, मुस्तफिजुर रहमान, कमलेश नागरकोटी, रिपल पटेल, अमन खान, प्रियम गर्ग और चेतन सकारिया।

## सनराइजर्स हैदराबाद के हुए शाहबाज अहमद, मयंक डागर पहुंचे आरसीबी में

आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले खिलाड़ियों का आदान-प्रदान (ट्रेड) जारी है। आरसीबी और एसआरएच के बीच एक-एक खिलाड़ी की अदला-बदली हुई है। ऑलराउंडर शाहबाज अहमद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से सनराइजर्स हैदराबाद में चले गए हैं, जबकि एसआरएच के मयंक डागर अब आरसीबी में पहुंच गए हैं। आईपीएल की रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार शाहबाज अहमद को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से सनराइजर्स हैदराबाद में ट्रेड कर लिया गया है, जबकि मयंक डागर को 2024 आईपीएल



सीजन से पहले इंडियन प्रीमियर लीग ट्रेडिंग विंडो के दौरान एसआरएच से आरसीबी में ट्रेड कर लिया गया है। शाहबाज ने अब तक 39 आईपीएल मैच खेले हैं और उनके नाम 14 आईपीएल विकेट हैं। 2020 से आरसीबी का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब उन्हें उनकी मौजूदा फीस पर एसआरएच में ट्रेड कर दिया गया है। मयंक अपनी मौजूदा फीस पर एसआरएच से आरसीबी में पहुंचे हैं। दाएं हाथ का यह ऑलराउंडर पहले किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) का हिस्सा रह चुका है। 2023 के आईपीएल सीजन में उन्होंने सिर्फ 3 गेम खेले और 1 विकेट लिया।

## एक नजर

### चाइना मास्टर्स 2023: सात्विकसाईराज और चिराग खिताब से चूके



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को शेनझेन में चीन मास्टर्स 2023 में घरेलू पसंदीदा लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ हारकर उपविजेता रहे। रोमांचक मुकाबले में यह जोड़ी 19-21, 21-18, 19-21 से हार गई। इससे पहले, सात्विकसाईराज और चिराग ने सेमीफाइनल में घरेलू पसंदीदा हे जी टिंग/रेन जियांग यू को 21-16, 22-20 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### फिर शुरू हुआ इजरायल फुटबॉल प्रीमियर लीग



**जेरूसलम।** हमास और इजरायल के बीच छिड़ी जंग के बाद इजरायल फुटबॉल प्रीमियर लीग 7 अक्टूबर को निलंबित होने के बाद फिर से शुरू हो गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लीग पहले दौर के मैच के साथ लौटा जिसमें मौजूदा चैंपियन मकाबी हाइफा ने उत्तरी शहर हाइफा के सैमी ओफर स्टेडियम में हापोएल पेटाह टिकवा को 2-1 से हराया। सुरक्षा कारणों से दर्शकों की एंट्री मैच में बैन है, जो मूल रूप से 26 अगस्त के लिए निर्धारित था। यूईएफए चैंपियंस लीग में हाइफा के क्वालीफाइंग मैचों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया और युद्ध के कारण फिर से पुनर्निर्धारित किया गया। पांचवें दौर के बाद संघर्ष ने लीग को रोक दिया और छठे दौर के मैचों को 2 और 3 दिसंबर के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इजराइल बास्केटबॉल सुपर लीग, जिसे पहले दौर के केवल एक गेम के बाद निलंबित कर दिया गया था, 28 नवंबर को फिर से शुरू होने वाला है।

### डब्ल्यूबीबीएल : टॉप में एडिलेड, पर्थ, ब्रिस्बेन और सिडनी थंडर

**मेलबर्न।** महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के नौवें सीजन के लीग चरण में एडिलेड स्ट्राइकर्स, पर्थ स्कॉर्चर्स, ब्रिस्बेन हीट और सिडनी थंडर ने शीर्ष चार में जगह बना ली है। आखिरी लीग मैच में सिडनी थंडर की सिडनी सिक्सर्स से नौ विकेट से हार के बाद पर्थ स्कॉर्चर्स दूसरे स्थान पर रहा और फाइनल में पहुंच गया। दूसरे स्थान पर मौजूद पर्थ स्कॉर्चर्स का डब्ल्यूएसीए ग्राउंड द एलिमिनेटर (28 नवंबर) और द चैलेंजर (29 नवंबर) दोनों की मेजबानी करेगा। फाइनल प्रतिष्ठित एडिलेड ओवल में शनिवार 2 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

## ब्रावो ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**

इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले वेस्टइंडीज टीम में नजरअंदाज किए जाने के बाद बल्लेबाज डैरेन ब्रावो ने घोषणा की है कि वह कैरेबियाई क्रिकेट से दूर हो जाएंगे। ब्रावो 2023 सुपर50 कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे, जहां उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो की कप्तानी करते हुए खिताब जीता था। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए ब्रावो ने टूर्नामेंट में 83.20 की औसत और 92.03 की स्ट्राइक रेट से 416 रन बनाए।



ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर अपने बयान में लिखा, मैंने इस पर विचार करने के लिए काफी समय लिया है कि एक क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ने के लिए मेरा अगला कदम क्या होगा। मेरे करियर के इस मोड़ पर यह आसान नहीं है या मुझे कहना चाहिए कि ऊर्जा, जुनून, प्रतिबद्धता और तलाश जारी रखने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखते हुए साफ बताया कि उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से किनारा कर लिया है ताकि युवा खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बन सके, उन्हें मौके मिल सके। डैरेन ब्रावो ने ये भी लिखा की उन्हें बिना किसी बातचीत के अंधकार में रखा गया। 2012 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के सदस्य ब्रावो, सुपर50 कप के पिछले सीजन में त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए अग्रणी रन-गेटर भी थे। लेकिन अच्छा प्रदर्शन वेस्टइंडीज टीम में जगह पाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले वनडे मैचों में उन्हें जगह नहीं मिली। डैरेन ब्रावो ने कहा, अभी के समय में तीनों फॉर्मेट्स में अलग-अलग खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। करीब 40-45 खिलाड़ी हैं। रन बनाने के बावजूद मैं किसी टीम में नहीं हूं। मैंने हार नहीं मानी है। बस मैंने इससे हटने का फैसला किया है। सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। डैरेन ने 2009 से 2022 तक वेस्टइंडीज के लिए 122 वनडे, 56 टेस्ट और 26 टी20 मैच खेले हैं। उनके बाहर होने के कारण उनके भाई, महान तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने भी सेलेक्टर्स पर हमला बोला है।

### एकता मंच ने चकला के बसुआ टोली में फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

## खिलाड़ियों के बीच किया गया फुटबॉल वितरण

**आरएनएम। ओरमांझी**

चकला पंचायत के बसुआ टोली में रविवार की सुबह सामाजिक संस्था एकता मंच ने ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने और प्रखंड स्तर से लेकर जिला, राज, व राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को खेलने का अवसर दिलाने के उद्देश्य से फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंचल अधिकारी नितिन शिवम गुप्ता पहुंचे थे। जिनका स्वागत आयोजन समिति द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे खिलाड़ियों को फुटबॉल वितरण किया गया। मौके



परअंचल अधिकारी नितिन शिवम गुप्ता ने आयोजन समिति और प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को इस तरह का अच्छा माहौल कराना क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। वही प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे खिलाड़ियों से कहा कि ईमानदारी से अपने लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े और अपने प्रखंड व राष्ट्र का नाम रोशन करें वहीं उन्होंने कहा कि गांव घर के बच्चे राज व देश के मानचित्र पर छाये, यही मैं कामना करता हूं। वहीं उन्होंने कहा की खेल के साथ-साथ शिक्षा भी जीवन में बहुत जरूरी है। वही विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी ने खिलाड़ियों से कहा कि नशा से दूर रहेंगे तभी कामयाबी मिलेगा। वहीं संस्था के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने बताया कि गांव टोला मोहल्ला के खिलाड़ियों को ऊंचा मुकाम दिलाना प्रशिक्षण का मकसद है। वही प्रोफेसर शैलेंद्र मिश्र ने छात्रों को कामयाब होने के गुण बताएं। कार्यक्रम को संचालन राजधाम साहू ने किया। इस अवसर प्रमुख रूप से चकला पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा, सुरेंद्र महतो, बनवारीलाल जी, चाँद बाबू, शकील अंसारी, लक्ष्मण महतो सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### एमएस धोनी के 2019 विश्व कप वाले रन आउट पर बोले गुप्टिल

## 'अभी भी बहुत सारे नफरत भरे ई-मेल मिलते हैं'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मार्टिन गुप्टिल न्यूजीलैंड में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बल्लेबाजी के प्रतीक हैं, लेकिन उन्हें लंबे समय तक एक ऐसे क्रिकेटर के रूप में याद किया जाएगा जिसने करोड़ों भारतीयों के सपनों को तोड़ दिया जिसे अब वह 'भाग्य' के रूप में याद करते हैं। 10 जुलाई, 2019 की तनावपूर्ण शाम को गुप्टिल ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले में एमएस धोनी को रन आउट किया, जो बाद में इस महान क्रिकेटर का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच बन गया। भले ही चार साल से ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ने खुलासा किया कि उन्हें भारतीय प्रशंसकों से बहुत सारे नफरत भरे मेल मिलते रहते हैं। भारत द्वारा लगातार ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या के विकेट



गंवाने के बाद धोनी ने 240 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पारी को पुनर्जीवित करने के लिए जडेजा के साथ मिलकर काम किया था। न्यूजीलैंड के आक्रमण के खिलाफ सावधानी से खेलते हुए सातवें विकेट की साझेदारी 17.2 ओवरों में 116 रनों तक पहुंच गई जिसके बाद ट्रेंट बोल्ट की धीमी डिलीवरी ने जडेजा को आउट कर दिया गया। धोनी अकेले थे लेकिन हमेशा उम्मीद थी। गुप्टिल ने धोनी को रन आउट कर उस उम्मीद को तोड़ा और टीम हार गई। गुप्टिल ने कहा, 'यह उन चीजों में से एक है जो उस पल में इतनी तेजी से घटित हुई। मुझे बस इतना याद है कि मैंने गेंद को ऊपर जाते हुए देखा था और फिर मैंने सोचा, अरे नहीं, यह मेरी ओर तेजी से आ रही है। इसलिए मैंने दौड़ लगाई। मुझे पता था कि स्टंप्स पर थ्रो का कोई मौका नहीं था, लेकिन मैंने बस प्रयास की कोशिश की और निशाना लगाने के लिए मेरे पास केवल डेढ़ स्टंप्स थे और मैं भाग्यशाली निकला। यह एक था परफेक्ट थ्रो था।' गुप्टिल ने कहा कि उन्हें अभी भी प्रशंसकों से नफरत भरे संदेश मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे शब्दों में, पूरा भारत मुझे पसंद नहीं करता है। मुझे वहां से बहुत सारे नफरत भरे मेल मिलते हैं।'

यहां तक कि 2023 विश्व कप तक गुप्टिल न्यूजीलैंड वनडे टीम में वापसी की दौड़ में बने रहे जबकि कोच गैरी स्टीड ने नवंबर 2022 में संकेत दिया था कि उनका युग फिन एलन के उदय के साथ समाप्त हो गया था। फिर भी रॉस टेलर और केन विलियमसन के संन्यास लेने से कमजोर होकर न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ ने विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए गुप्टिल का समर्थन किया था।

## मोहम्मद शमी बने मसीहा, हादसे का शिकार हुए कार चालक को बचाया

**एजेंसी। नैनीताल**

वनडे विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सबको हैरान करने वाले मेजबान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे। वहीं नैनीताल में दुर्घटना का शिकार हुए एक व्यक्ति को बचाने के बाद यह भारतीय क्रिकेटर एक बार फिर सूर्खियों में है। तेज गेंदबाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर बचाव का एक वीडियो साझा किया। इस 33 वर्षीय व्यक्ति ने अपने पोस्ट को एक कैप्शन के साथ टैग किया जिसमें बताया गया कि वह व्यक्ति नैनीताल में एक पहाड़ी सड़क से गुजर रहा था जब उसकी कार फिसल गई और ढलान से नीचे लुढ़क गई। तेज गेंदबाज ने कहा कि चूंकि उनकी कार उस वाहन का पीछा कर रही थी जो दुर्घटना का शिकार हुई थी तो वह अपनी कार




में बैठे अन्य लोगों के साथ उस व्यक्ति के बचाव के लिए दौड़े और उसे कार से बाहर निकाला। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'वह बहुत भाग्यशाली है, भगवान ने उसे दूसरी जिंदगी दी। उसकी कार मेरी गाड़ी के ठीक सामने नैनीताल के पास एक पहाड़ी सड़क से गिर गई। हमने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए शमी को आराम दिया गया है और उनके दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए चुने जाने की संभावना है। एक उल्लेखनीय अभियान में चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बाद मेजबान टीम के उपविजेता रहने की निराशा के साथ टूर्नामेंट का समापन करना पड़ा। शमी ने वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा 24 विकेट लिए।

### जेएससीए स्टेडियम | कभी अमिताभ चौधरी का बैग उठाने की होड़ थी, आज बेटे-बेटी को किनारे कर रहे


# क्रिकेट को पहचान दिलाने वाले की ही पहचान खतरे में

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम जेएससीए को बनाने में दिवंगत आइपीएस अधिकारी अमिताभ चौधरी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने अथक प्रयास और हर बाधा को दूर कर स्टेडियम बनवा कर पूरी दुनिया में राजधानी रांची की एक अलग पहचान बनाई। धोनी के बाद इस स्टेडियम के कारण लोग रांची को अंतरराष्ट्रीय समाचारों से जानने लगे। पर अमिताभ चौधरी के असामयिक निधन के बाद उनके नाम का सिक्का बाजार में उछाल अपनी हुकूमत कायम रखने वाले लोग उनके बेटा-बेटी तक को भी भूल गये। क्रिकेट के आयोजनों में निमंत्रण पत्र देने तक की औपचारिकता तक नहीं निभाई जाती। चर्चा है कि बेटा-बेटी का हक तक उनसे छीन लिया गया। चुनाव लिस्ट से अभिषेक चौधरी और उनकी बहन नीयती चौधरी के नाम काट दिये गये। जेएससीए



स्टेडियम को दबदबा बनाए रखने वाले चंद गिने-चुने लोगों को इस बात का डर सताने लगा कि दिवंगत अमिताभ चौधरी के बेटा-बेटी के यहां कदम पड़ते ही कहीं उनकी बादशाहत न चली जाये। लोग बताते हैं कि एक जमाना था, कभी अमिताभ चौधरी का बैग और वाटर बोतल ढोने वाले एक मामूली सिपाही की सोई तकदीर भी यहां जाग गई थी। उनका रूतबा स्टेडियम में कदम पड़ते ही झलकने लगता है। लालू जी के राजपाट में बतौर रांची सीनियर एसपी चर्चा में आए बहुत ही कड़क पुलिस अधिकारी रहे अमिताभ चौधरी की एक खासियत यह थी कि अगर वे किसी की मदद करना चाहते थे तो आउट ऑफ द वे जाकर उसकी मदद कर जाते थे। जिसे चाहा, उसे बना दिया, जिसका चाहा, उसका बिगाड़ दिया ।यही वजह है कि जीवन काल में अमिताभ चौधरी के साथ गिने-चुने चंद लोग ही उनके प्रियपात्र रहे। जेएससीए के बाद अमिताभ चौधरी जब



Dear JSCA and CCC Members,

As I am completely lacking in any personal ambition as far as the JSCA is concerned, I have had no reason to follow the upcoming Country Cricket Club (CCC) elections. Out of my eternal and sacred commitments to my late father, and on certain information having been brought to my notice, I, however, feel compelled to write to you.

I do not know who the exact candidates for this election are, and on each post being contested, I can only hope that the best candidate wins. Yet, it appears that a set of unscrupulous, incompetent (and in the main, uneducated) individuals have based their entire campaign on asking for votes in my father's name. I must state it plainly: these persons are no more, and can never be anything but, parasites on my family's name and sacrifices. They have stolen not just in my father's name but also from my father, including by pilfering vast sums of money from my ancestral estate.

Not one of these persons is associated with the JSCA out of a passion for cricket or any sense of public service. Their access to the resources of the association is used for one objective alone: their individual financial self-interest. My father certainly knew their inherent worth was zero, and in fact (mistakenly) tolerated them for this very reason. I do not think, however, that they have the smallest claim to either my family's name or legacy. I can only hope you agree.

It has also come to my notice that these persons have, in their depravity and desperation, taken to spread, rat-like, certain unspeakable lies about my relationship with my father. Thankfully, God has given me in such abundance everything that matters (and I'm certain will continue to do so), that I will never have to stoop to their level to respond.

I must mention two final points. One, to thank the large number of you who spontaneously called for membership to be given to me and my sister at this year's JSCA AGM. Second, to assure you that irrespective of the result of the CCC elections, this ragtag coalition of vermin and thieves will be wiped out in the very near future. That is my personal promise to each one of you, and above all, to my later father.

My best to you and your families.

Yours sincerely,

Abhishek

Abhishek Choudhary

जेएससीए के चेयरमैन बने तो उनका बैग और वाटर बोतल कोई एक दूसरा शख्स ढोने लगा। वहीं जमशेदपुर में रहनेवाला एक शख्स भी उनका बेहद करीबी हो गया। दिवगंत अमिताभ चौधरी के गुजरते ही उनके 7 अनमोल रत्नों को लॉटरी लग गई। अब इन्हीं ह्वरत्नोंह्व का यह डर सता रहा है कि अगर दिवंगत अमिताभ चौधरी के बेटे या बेटी की जेएससीए में एंट्री हो गई तो उनकी बादशाहत चली जायेगी। लिस्ट से नाम काटे जाने की खबर जैसे ही दिवंगत अमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी को पता चली तो वे बहुत दुःखी हो गये। उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल से कहा कि वहां मेरे पिता के नाम का इस्तेमाल कर गलत कार्य किए जा रहे हैं। किसी को जेएससीए के भले से कोई मतलब नहीं है, सबके अपने निजी स्वार्थ है।

### मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था

अमिताभ चौधरी की स्वर्ण जड़ित प्रतिमा लगाने का था प्रस्ताव, परिजन ने बताया अपमान, जेएससीए सचिव को भेजा नोटिस। जेएससीए अमिताभ चौधरी की स्वर्ण जड़ित प्रतिमा स्टेडियम में लगाना चाहता है, जिससे उनके परिजन बेहद आहत हैं। उनके बेटे अभिषेक चौधरी ने इस पर आपत्ति जताते हुए जेएससीए सचिव को कानूनी नोटिस भेजा है।

**पैतृक संपति भी लूटी जा रही :** कड़क पुलिस अफसर रहे अमिताभ चौधरी ने रांची के आतंक सुरेंद्र बंगाली और अनिल शर्मा को गिरफ्तार करने वाले अमिताभ चौधरी की पटना और दरभंगा की पैतृक संपति उनके नजदीकी ही मनमाने ढंग से बेचकर या ठगकर कब्जा कर रहे हैं। जिसकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं। जेएससीए के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई पर संपर्क नही हो पाई।